শৰ্মা হাৰ্ডৱেৰ
SHARMA HARDWARE
Sharma Gali, SJ Road
Athgaon, Guwahati-01
98648-02947
70025-06581

E-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in

हिंदी दैनिक

गुवाहाटी, नई दिल्ली, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित

राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

# विकसित भारत समाचार

वर्ष : 10 | अंक : 15 | गुवाहाटी | मंगलवार, 8 अगस्त, 2023 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 12 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/

मोरल पुलिसिंग मामले के मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी की मांग पेज 3 | भारत स्वदेशी के उपयोग से नई क्रांति का गवाह बन रहा : प्रधानमंत्री पेज 4 | उप्र विधानमंडल सत्र : महंगाई के खिलाफटमाटर की माला पहनकार... पेज 5 | बूथ तक कार्य करने वाले को मिलेगा टिकट : भाजपा प्रदेशाध्यक्ष जोशी पेज 8

## नए असम के निर्माण के लिए सरकार अग्रसर : सीएम



**गोलाघाट ( हि.स. )।** मुख्यमंत्री डॉ हिमंत विश्व शर्मा ने कहा है कि उनकी सरकार एक नए असम के बुनियाद निर्माण के लिए आगे बढ़ रही है। चाहे वह सड़क हो या फिर आंगनबाड़ी केंद्र या स्वास्थ्य शिक्षा का क्षेत्र- हर क्षेत्र में सरकार कुछ विशेष तरीके से कार्य कर रही है। ये बातें मुख्यमंत्री ने आज गोलाघाट जिले के काजीरंगा में 56 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले इंटीग्रेटेड हैंडलूम पार्क की आधारशिला रखने के बाद आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए कही। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने गोलाघाट जिले में हो रहे विकास संबंधी कार्यो की विस्तार से चर्चा की। गोलाघाट में आज जहां मुख्यमंत्री ने इंटीग्रेटेड स्पोर्ट्स कांप्लेक्स का उद्घाटन किया वहीं उन्होंने 9 करोड़ रुपए के अनुमानित लागत से प्रस्तावित सुपर स्पेशलिटी पेट एनिमल हॉस्पिटल की भी बोकाखात में आधारशिला रखी। मुख्यमंत्री ने बताया कि गोलाघाट जिले में निर्माणाधीन धोधर अली रोड निर्माण, देरगांव-गोलाघाट-रंगाजन रोड निर्माण, धनसिरी नदी पर आरसीसी पुल निर्माण, काकोडोंगा नदी के दोनों तरफ तटबंध निर्माण, गोलाघाट मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल निर्माण, इंटीग्रेटेड डीसी ऑफिस निर्माण, वीरांगना सती साधनी विश्वविद्यालय का निर्माण, गवर्मेंट पॉलिटेक्निक तथा आईटीआई कॉलेज का अपग्रेडेशन, लवलीना बरगोहाई मल्टीपर्पज स्पोर्ट्स कंपलेक्स का निर्माण, गोलाघाट के नारायण गांव में मिनी स्टेडियम का -शेष पृष्ठ दो पर

## मणिपुर में जांच की निगरानी आईपीएस अफसर को, एसआईटी में अन्य राज्य के अधिकारी



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को मणिपुर हिंसा मामले पर सुनवाई की। कोर्ट ने सुनवाई के बाद एक पैनल का गठन किया। पैनल में तीन हाईकोर्ट की पूर्व महिला जज को रखा गया है। यह कमेटी राहत कार्यों की अध्यक्षता करेगी। सुप्रीम कोर्ट ने आगे कहा कि हिंसा के सभी मामलों की जांच सीबीआई को स्थानांतरित कर दी गई है, लेकिन कानून के शासन में विश्वास सुनिश्चित करने के लिए कम से कम डिप्टी एसपी रैंक के पांच अधिकारी इस जांच की अध्यक्षता करेंगे। ये अधिकारी विभिन्न राज्यों के होंगे सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि एसआईटी 42 ऐसे मामलों को देखेंगी जो सीबीआई को हस्तांतरित नहीं किए गए हैं। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि मणिपुर में हिंसा के दौरान महिलाओं के खिलाफ अपराध से संबंधित 12 एफआईआर की जांच सीबीआई करेगी और जांच के दौरान जब भी ऐसे अपराध सामने आएंगे, तो सीबीआई उसकी भी जांच करेगी। अटॉर्नी जनरल ने बताया कि राज्य में बहुत सारे हस्तक्षेप हैं जो परिवारों को शव लेने से रोकते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की अनिच्छा दिखाने के लिए एक कृत्रिम स्थिति पैदा की जाती है। यह संयोग है कि इस कोर्ट में सुनवाई से ठीक एक दिन पहले वहां कुछ बड़ा होता है।

## ज्ञानवापी : एएसआई ने कहा- संयम बरतें

**वाराणसी ( हि.स. )।** ज्ञानवापी परिसर में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) टीम ने कड़ी सुरक्षा के बीच लगातार चौथे दिन सोमवार शाम को सर्वे की प्रक्रिया पूरी की। सर्वे के बाद एएसआई टीम के साथ वादी और प्रतिवादी पक्ष के अधिवक्ता भी परिसर से कड़ी सुरक्षा के बीच लौट गए। मंगलवार सुबह से फिर एएसआई की टीम सर्वेक्षण करेगी। चौथे दिन सर्वे प्रक्रिया पूरी होने के बाद वादी हिन्दू पक्ष के अधिवक्ता सुधीर त्रिपाठी ने मीडिया कर्मियों को बताया कि एएसआई टीम मेहनत से काम कर रही है, कुछ भी नहीं छिपेगा। मसाजिद कमेटी भी सहयोग कर रही है। परिसर में हर -शेष पृष्ठ दो पर

## इंफाल : कर्फ्यू में ढील कल नगा समुदाय की रैली

**इंफाल।** मणिपुर के इंफाल पूर्वी और पश्चिमी जिलों में सोमवार सुबह पांच बजे से दोपहर तक कर्फ्यू में ढील दी गई। इस संबंध में संबंधित जिला मजिस्ट्रेटों के कार्यालय द्वारा अलग-अलग बयान जारी किए गए। अधिसूचना में कहा गया है कि आम जनता को दवाओं और खाद्य पदार्थों सहित आवश्यक वस्तुओं की खरीद की सुविधा प्रदान करने के लिए 7 अगस्त को सुबह 5 बजे से दोपहर तक अपने निवास स्थान से आवाजाही पर प्रतिबंध हटा दिया गया है। बिष्णुपुर जिले में पिता-पुत्र सहित तीन लोगों की नींद में ही हत्या कर दिए जाने और इसके बाद उनके शवों को काट दिए जाने के बाद से पहली बार शनिवार को सुबह 5 बजे से 10.30 बजे तक कर्फ्यू में ढील दी गई थी। घटना से पहले दोनों इंफाल जिलों में कर्फ्यू में छूट की अवधि सुबह 5 बजे से शाम 6 बजे तक थी। हालांकि, रविवार को कर्फ्यू में कोई ढील नहीं दी गई थी। मणिपुर नगा निकाय ने शांति वार्ता संपन्न करने के लिए 9 अगस्त को विशाल रैलियों का आह्वान किया है। यूनाइटेड नगा -शेष पृष्ठ दो पर

## नामची में धारा 144 लागू, पुलिस ने किया लाठीचार्ज



**गंगटोक।** सिक्किम के नामची शहर में सोमवार को छात्र नेता पदम गुरुंग के लिए न्याय की मांग को लेकर निकाली गई एक बड़ी रैली उस वक्त हिंसक हो गई जब पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज किया और आंसू गैस छोड़ी। 21 वर्षीय युवा नेता की रहस्यमय मौत के मामले में त्वरित न्याय की मांग को लेकर रैली निकाल रहे लोग उग्र हो गए और पत्थर और ईंटें फेंकना शुरू कर दिया, जिसमें कुछ पुलिसकर्मी घायल हो गए। नामची के उपविभागीय मजिस्ट्रेट ने कहा कि पुलिस ने बताया है कि स्थिति को नियंत्रित करने के लिए बल द्वारा आंसू गैस के गोले छोड़े गए और घटना के संबंध में कई लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने -शेष पृष्ठ दो पर

পূৰ্বাঞ্চল কেশৰী
(असमीया दैनिक)
PURVANCHAL KESARI
(ASSAMESE DAILY)
GOOD LUCK PUBLICATIONS
House No. 30, D. Neog Path,
ABC, Guwahati - 781005
Mob: 94350 14771, 97070 14771

## पूरे राज्य में मिशन इंद्रधनुष 5 की शुरुआत

**गोलाघाट ( हि.स. )।** मुख्यमंत्री डॉ हिमंत विश्व शर्मा ने कहा है कि उन्हें आज पूरे असम में मिशन इंद्रधनुष 5.0 की शुरुआत करते हुए बहुत खुशी हो रही है। इंद्रधनुष 5.0 के पहले चरण में 0-5 वर्ष के आयु वर्ग के बच्चों और गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वे माता-पिता से आह्वान करते हैं कि वे इस व्यापक टीकाकरण अभियान के तहत टीकाकरण के माध्यम से अपने बच्चों का अच्छा स्वास्थ्य सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि बच्चे हमारे भविष्य हैं। जब समाज के बच्चे स्वस्थ होंगे तभी जाकर समाज समृद्ध हो सकता है। उन्होंने कहा कि बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए।



## एकीकृत खेल परियोजना का पहला चरण पूरा

**गोलाघाट ( हि.स. )।** मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा ने आज गोलाघाट जिले के बोकाखात में एकीकृत खेल परियोजना के पहले चरण में निर्माण कार्य पूरा होने का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने आशा व्यक्त की कि यह एकीकृत खेल परियोजना क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने में सक्षम होगी। खेल परियोजना के पहले चरण के निर्माण पर लगभग 10 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं। यहां एक हजार दर्शकों के बैठने की सुविधा है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के साथ असम सरकार के मंत्री अतुल बोरा और केशव महंत, कार्बी -शेष पृष्ठ दो पर




door graph
Premium Quality Hinges
S.S. Traders
Suppliers in : All kinds of Door Fittings Modular Kitchen & Accessories, etc.
D. Neog Path, Near Dona Planet
ABC, G.S. Road, Guwahati - 05
97079-99344

## सुप्रभात

*ज्ञानी और छल-कपट से रहित शुद्ध मन वाले व्यक्ति को ही मंत्री बनाएं।*

– **आचार्य चाणक्य**

## एससी और एचसी के जजों की बढ़ेगी रिटायरमेंट उम्र



**नई दिल्ली।** एक संसदीय समिति ने सोमवार को उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों के कार्यकाल को मौजूदा सेवानिवृत्ति की आयु से आगे बढ़ाने के लिए एक प्रदर्शन मूल्यांकन प्रणाली की सिफारिश की। वर्तमान में, सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश 65 वर्ष की आयु में सेवानिवृत्त होते हैं जबकि उच्च न्यायालयों के न्यायाधीश 62 वर्ष की आयु में पद छोड़ते हैं। कानून और कार्मिक संबंधी स्थायी समिति ने *न्यायिक प्रक्रियाओं और उनके सुधारों* पर अपनी रिपोर्ट में यह भी कहा कि सार्वजनिक खजाने से वित्तपोषित निकायों या संस्थानों में एससी और -शेष पृष्ठ दो पर

## *इंडिया* नाम रखने पर 26 विपक्षी दलों को नोटिस



**नई दिल्ली।** यूपीए का नाम इंडिया रखने पर 26 विपक्षी दलों को नोटिस जारी किया गया है। 18 जुलाई को हुई विपक्ष की बैठक टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी ने अपने 26 दलों के गठबंधन का नाम इंडियन नेशनल डेवलपमेंट इन्क्लूसिव अलायंस रखा था। आपको बत्ता दें कि गठबंधन का शॉर्ट नाम इंडिया रखने पर एक पीआईएल यानी जनहित याचिका दायर की गई है। याचिकाकर्ता का कहना है कि शॉर्ट फॉर्म इंडिया राष्ट्रीय प्रतीक यानी एम्ब्लम का हिस्सा है। ऐसे में इसका राजनीतिक इस्तेमाल नहीं किया जा सकता। दिल्ली हाईकोर्ट ने शुक्रवार को इसी मामले में 26 दलों के साथ ही केंद्र और चुनाव आयोग से जवाब मांगा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को खुद को *इंडिया* नाम देने वाले विपक्षी गठबंधन पर हमला तेज करते हुए कहा कि यह भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की राह में *बाधा* है। इसके -शेष पृष्ठ दो पर

## जी सैट-24 उपग्रह ने शुरू किया काम करना




**नई दिल्ली ( हि.स. )।** न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड ने जी सैट-24 को चालू करने के लिए टाटा प्ले के साथ साझेदारी की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के *मेक इन इंडिया* दृष्टिकोण के अनुरूप जून, 2022 में जी सैट-24 उपग्रह लॉन्च किया गया था। सोमवार को न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड ने टाटा प्ले के साथ साझेदारी करके इस उपग्रह के काम करने की शुरुआत की। नई दिल्ली में टाटा प्ले के ब्रॉडकास्ट सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद सूचना एवं प्रसारण सचिव अपूर्व चंद्रा ने जीसैट-24 को सफलतापूर्वक चालू करने के लिए अंतरिक्ष विभाग (डीओएस) और टाटा प्ले को -शेष पृष्ठ दो पर

## न्यूज गैलरी

### रंजन गोगोई के विरोध में चार महिला सांसदों का वाक आउट

**नई दिल्ली ( हि.स. )।** पूर्व मुख्य न्यायाधीश रंजन गोगोई ने आज राज्यसभा में दिल्ली सर्विसेज बिल पर अपना पक्ष रखा। इस दौरान विपक्षी एनडीए गठबंधन की महिला सांसदों ने सदन से बहिर्गमन किया। उन्होंने कहा कि वह उनके खिलाफ लगे यौन शोषण के मामलों के चलते सदन से बाहर गई हैं। संसद में पूर्व सीजेआई रंजन गोगोई के पहले भाषण के विरोध में चार महिला सांसद - जया बच्चन (सपा), प्रियंका चतुर्वेदी (शिव सेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे), वंदना चव्हाण (एनसीपी), -शेष पृष्ठ दो पर

## दस साल की बच्चियों को स्कूल जाने पर तालिबानी रोक



**न्यूयॉर्क।** अफगानिस्तान में तालिबान ने एक के बाद शर्मनाक व क्रूर फरमान जारी कर लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। खासकर महिलाओं पर लगातार कठोर पाबंदियां लगाई गई हैं। इन शर्मनाक पाबंदियों में कॉलेज जाने पर रोक, स्थानीय और गैर-सरकारी संगठनों में काम करने पर रोक, लड़के-लड़कियों के लिए अलग-अलग स्कूल और ब्यूटी पार्लर जाने पर बैन शामिल है। अब उसने 10 साल की बच्चियों के स्कूल जाने पर भी रोक लगा दी है। तालिबान ने नए फरमान के तहत कक्षा 3 के बाद यानि 10 साल के बाद छात्राओं के स्कूल जाने पर रोक लगा दी है। इसके लिए तालिबान अधिकारियों ने स्कूल और एजुकेशन इंस्टीट्यूट्स को चेतावनी दे दी है। इससे पहले तालिबान ने लड़कियों को सिर्फ छठी कक्षा तक ही स्कूलों में पढ़ने की इजाजत थी, जो अब और भी कम कर दी गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, तालिबान शासित शिक्षा मंत्रालय के अधिकारियों ने गजनी प्रांत में स्कूलों और एजुकेशन इंस्टीट्यूट्स के प्रिंसिपल से भी यह सुनिश्चित करने के लिए कहा है कि 10 साल से ज्यादा उम्र की लड़कियों को अब -शेष पृष्ठ दो पर

## चीन के साथ विवाद सुलझने में लगेगा समय : विदेश मंत्री



**नई दिल्ली।** चीन के साथ तीन वर्ष से भी ज्यादा समय से चल रहे सीमा विवाद को सुलझाने की कोशिश जारी है। इस बारे में जो कूटनीतिक स्तर पर प्रयास चल रहे हैं उसमें वक्त लगेगा क्योंकि दोनो देशों के बीच सीमा विवाद काफी जटिल है। यह बात विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को एक प्रेस वार्ता में कही। पड़ोसी देशों के साथ भारत के रिश्तों पर जानकारी देने के लिए आयोजित इस प्रेस कांफ्रेंस में विदेश मंत्री ने विपक्षी दलों के इस आरोप को खारिज किया कि चीन के साथ जो बातचीत चल रही है उसका कोई नतीजा नहीं निकला है। जयशंकर ने कहा कि यह कहा जा रहा है कि चीन के सात वार्ता का कोई नतीजा नहीं निकलेगा, बातचीत सफल नहीं होगी, सैनिकों की वापसी नहीं होगी, लेकिन पिछले तीन वर्षों में कई मुद्दों -शेष पृष्ठ दो पर

**CLASSIFIED**

For all kinds of classified advertisements please contact

**97070-14771**
**86382-00107**

**MURTI AVAILABLE**

Available all kinds of Marble & White Metal Murties, Ganesh Laxmi, Radha Krishna, Bishnu-Laxmi, Hanuman, Maa Durga, Saraswati, Shivling, Nandi etc. **ARTCLE WORLD,** S-29, 2nd Floor, Shoppers Point, Fancy Bazar, Guwahati-01, **Ph. : 94350-48866, 94018-06952**

# कल समूचे उप्र में पंच प्रण की शपथ दिलाएगी योगी सरकार

**लखनऊ ( हि.स. )।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने *मेरी माटी, मेरा देश* और *हर घर तिरंगा* अभियान को बड़े स्तर पर आयोजित करने की रूपरेखा तैयार की है। स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित इन कार्यक्रमों की शुरुआत 9 अगस्त से वृहद स्तर पर होगी और पहले चरण में *पंच प्रण* के जरिए स्वाधीनता की अलख पूरे प्रदेश में जगाई जाएगी। यह आयोजन कितना वृहद होगा इसका अनुमान इसी बात से लगाया जा सकता है कि प्रदेश के सभी गांवों, ग्राम पंचायतों, नगर निकायों, ब्लॉक, छावनी, परिषदों, सरकारी कार्यालयों, विद्यालयों, महाविद्यालयों, निगमों समेत औद्योगिक व व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में भी सभी लोग *पंच प्रण* से संबंधित शपथ लेंगे और देश व प्रदेश की उन्नति के लिए प्रतिबद्धता दर्शाने के साथ ही देश की स्वतंत्रता के अब तक के सफर को लेकर गर्व के भाव की अनुभूति कर सकेंगे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र द्वारा सभी सरकारी विभागों समेत हर स्तर पर निर्देश दिए जा चुके हैं। आयोजन को लेकर मुख्य सचिव द्वारा पहले ही विस्तृत कार्ययोजना व निर्देश दिए जा चुके हैं। केंद्र सरकार की ओर से पंच प्रण की जो अवधारणा तय की गई है, उसके अनुसार कुल 5 लक्ष्यों को प्रण के रूप में तय किया गया है। इसके अंतर्गत विकसित भारत का लक्ष्य, गुलामी के हर अंश से मुक्ति, अपनी विरासत पर गर्व, एकता व एकजुटता तथा नागरिकों में कर्तव्य की भावना ये वो लक्ष्य हैं, जिनको लक्षित करके पंच प्रण की अवधारणा को अंगीकार किया गया है। ये शपथ देश के सभी नागरिकों में स्वाधीनता की भावना विकसित करने और देश की उन्नति को गति देने के लिए सभी के अंदर जज्बा विकसित करने का काम करेगी। जो शपथ प्रदेश भर में दिलाई जाएगी इसका भी एक प्रारूप जारी किया गया है। उल्लेखनीय है कि आजादी के 75वें वर्ष में 75 सप्ताह तक चलने वाले इस आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम का समापन 29-30 अगस्त, 2023 को नई दिल्ली के कर्तव्य-पथ पर किया जाना प्रस्तावित है।



कुछ इस तरह होगा शपथ का प्रारूप

-मैं शपथ लेता हूं कि विकसित भारत के निर्माण में अपनी भागीदारी निभाऊंगा। मैं शपथ लेता हूं कि गुलामी की मानसिकता से मुक्ति के लिए हर संभव प्रयास करूंगा।

-मैं शपथ लेता हूं कि देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करूंगा और इसके उत्थान के लिए हमेशा कार्य करता रहूंगा।


-मैं शपथ लेता हूं कि देश की एकता और एकजुटता के लिए सदैव प्रयास करता रहूंगा।

-मैं शपथ लेता हूं कि राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों व दायित्वों का का पालन करूंगा।

-मैं शपथ लेता हूं कि मैं देश के गौरव के लिए प्राण देने वाले वीरों से प्रेरित होकर राष्ट्र की रक्षा, सम्मान और प्रगति के लिए समर्पित रहूंगा।

कार्ययोजना के अनुसार, 9 से 15 अगस्त के बीच अमृत सरोवर, पंचायत भवन, विद्यालयों, शहीद स्थलों, अमृत वाटिकाओं, सामुदायिक केंद्रों में से किसी भी चयनित स्थान पर बैठकों का आयोजन किया जाएगा। ग्रामों व ग्राम पंचायतों से मिट्टी-कलश अमृत यात्रा का शुभारंभ करते हुए ब्लॉक स्तर पर 16 से 20 अगस्त तक पहुंचाये जायेंगे। एकत्रित कलशों में से एक-एक कलश प्रति ग्राम पंचायत प्रदेश की राजधानी लखनऊ तथा देश की राजधानी नई दिल्ली में आयोजित राज्य स्तर व राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रमों तक चयनित श्रेष्ठ प्रतिभागियों के माध्यम से पहुंचाया जाएगा। वहीं, 16 से 20 अगस्त के बीच ब्लॉक स्तर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम में प्रत्येक ब्लाक पर गांवों व ग्राम पंचायतों से संगृहीत दो मृत्तिका-कलश, क्रमशः प्रदेश की राजधानी लखनऊ व देश की राजधानी नई दिल्ली में, चयनित युवकों व युवतियों द्वारा लाया जायेगा। मुख्य कार्यक्रम के लिए नई दिल्ली व लखनऊ प्रदेश के समस्त ब्लॉकों में एकत्रित किये गए मृत्तिका कलशों को सुसज्जित वाहनों के माध्यम से 27 से 29 अगस्त के मध्य नई दिल्ली के कर्तव्यपथ व 23 से 24 अगस्त, के मध्य राजधानी लखनऊ में एकत्रित किया जाएगा। देश एवं प्रदेश के सभी हिस्सों से एकत्रित की गई इस मिट्टी को अमृत वाटिका उद्यान विकसित करने के लिए उपयोग किया जायेगा। इस अमृत वाटिका में स्वदेशी प्रजातियों के 75 वृक्षों के लिए पौधारोपण किया जायेगा। इस अमृत वाटिका में देश की स्वतंत्रता, एकता व अखण्डता के लिए योगदान देने वाले सभी नायकों को समर्पित एक आजादी का अमृत महोत्सव स्मारक बनाया जाएगा। वहीं, शिलाफलकम, वीरों का वंदन, ध्वजारोहण, वसुधा-वंदन संबंधी कार्यक्रम भी प्रदेश में आयोजित होंगे।

## मॉडर्न इंग्लिश स्कूल के छात्र का श्री राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स तक का सफर



**गुवाहाटी।** मॉडर्न इंग्लिश स्कूल, काहिलीपाड़ा ने देश भर के विभिन्न प्रसिद्ध शैक्षणिक संस्थानों में अपने छात्रों द्वारा हासिल की गई असाधारण सफलता की गर्व से घोषणा की है। हाल ही में संस्थान से बारहवीं कक्षा के छात्र ज्योतिषमान दास को भारत के सबसे प्रतिष्ठित कॉलेजों में से एक, दिल्ली विश्वविद्यालय से सम्बंधित और देश के सर्वश्रेष्ठ वाणिज्य कॉलेजों में से पहले स्थान पर स्थित, नई दिल्ली के श्री राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स में वाणिज्य विभाग के स्नातक शाखा में दाखिला मिला है। मॉडर्न इंग्लिश स्कूल के अन्य मेधावी छात्रों ने भी हैदराबाद स्थित सिम्बायोसिस लॉ स्कूल, एनआईटी सिलचर, नई दिल्ली स्थित कमला नेहरू कॉलेज, बैंगलोर स्थित क्राइस्ट यूनिवर्सिटी और सोनीपत स्थित जिंदल ग्लोबल लॉ स्कूल जैसे विभिन्न सर्वश्रेष्ठ संस्थानों में स्थान हासिल किया है। इस सफलता पर टिप्पणी करते हुए, मॉडर्न इंग्लिश स्कूल, काहिलीपाड़ा की प्रिंसिपल श्रीमती जोनाली दास ने कहा कि हमें अपने छात्रों द्वारा उनकी कड़ी मेहनत से प्राप्त उत्कृष्ट परिणामों पर बहुत गर्व है। उन्होंने आगे कहा कि ये सफलताएं उनकी कड़ी मेहनत, दृढ़ संकल्प और हमारे संस्थान में उनके लिए प्रदान की गई मूल्यवर्धित शिक्षा को दर्शाती हैं। हमें विश्वास है कि वे भविष्य में अपने चुने हुए रास्ते पर उत्कृष्टता हासिल करते रहेंगे और समाज में सकारात्मक योगदान देंगे।

## नवोदित युवाओं के लिए पुस्तक दान अभियान

**गोलाघाट ( हिंस )।** ग्रामीण और चाय बागान क्षेत्र के उभरते युवाओं के बीच पढ़ने की आदत को बढ़ावा देने के प्रयासों को जारी रखते हुए गोलाघाट स्थित गैर सरकारी संगठन ऑल एंड संड्री के संस्थापक अभिषेक सिंघा ने बोकाखात के एसडीओ (सिविल) सिमी करण, आईएएस को कुछ संसाधनपूर्ण किताबें सौंपी हैं। अभिषेक सिंघा ने कहा कि आईएएस ऑफिसर्स वाइव्स एसोसिएशन, असम और ऑल एंड संड्री एनजीओ मिलकर ग्रामीण और चाय बागान क्षेत्र में अध्ययन सामग्री वितरित करके अच्छी किताबें पढ़ने के फायदों के बारे में प्रशासनिक अधिकारियों और प्रमुख नागरिकों की मदद और समर्थन से उभरते युवाओं के बीच जागरूकता फैला रहे हैं।

## शाहपुरा को नंबर वन बनाने का प्रयास करेंगें : जोशी

**भीलवाड़ा ( हिंस )।** देश के प्रथम स्वतंत्रता दिवस से एक दिन पूर्व ही आजाद घोषित की गई शाहपुरा रियासत मुख्यालय सोमवार से नवसृजित जिले के रूप में सोमवार से असितत्व में आ गया है। पीएचईडी मंत्री महेश जोशी की मौजूदगी में आज शाहपुरा जिला स्थापना दिवस समारोह मनाया गया। शाहपुरा के जिला बनने से यूं तो शाहपुरा में हुए समारोह में खुशी देखी गयी।

## उत्तराखंड में मौसम को लेकर प्रशासन अलर्ट, 159 सड़कें अवरुद्ध

**देहरादून ( हि.स. )।** उत्तराखंड में जारी बरसात और मौसम अलर्ट को लेकर शासन-प्रशासन अलर्ट पर है। इसके कारण मलबा आने से 03 बॉर्डर मार्ग सहित कुल 159 अन्य सड़कें अवरुद्ध हैं। मौसम विभाग की ओर से 11 अगस्त तक के लिए राज्य में ऑरेंज और येलो अलर्ट जारी किया गया है। गौरीकुंड में 20 लापता लोगों की खोजबीन जारी है। आपदा विभाग भी इस अलर्ट को लेकर मुस्तैद है। सोमवार सुबह देहरादून सहित अन्य स्थानों पर सूर्यदेव कुछ क्षण के निकले, लेकिन फिर बादलों के ओट में फिर छिप गए। राज्य के अधिकतर स्थानों पर दिन भर रुक-रुक कर वर्षा का दौर चलता रहा है। देहरादून सहित अन्य स्थानों पर अभी भी हल्की से मध्यम बारिश हो रही है। बारिश से अभी प्रदेश वासियों को राहत नहीं मिलने वाली है। आगामी दिनों में भी राज्य में बदरा जमकर बरसेंगे। इसी देखते हुए प्रदेश भर के सभी जिलाधिकारियों और संबंधित विभागों को अलर्ट मोड पर रखा गया है। 05 अगस्त को गौरीकुंड अतिवृष्टि में लापता 20 लोगों के खोजबीन के लिए सर्च आपरेशन जारी है। इस हादसे में 03 मृतक की शिनाख्त कर ली गई है। इस हादसे में कुल 23 लोग लापता हुए थे और तीन दुकानें क्षतिग्रस्त हो गई थीं। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार मंगलवार को कहीं-कहीं गरज चमक के साथ भारी से भारी से बहुत भारी बारिश के दौर को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। प्रदेश में 09 अगस्त के लिए देहरादून, टिहरी गढ़वाल, पौड़ी गढ़वाल, चंपावत, नैनीताल, उधमसिंह नगर, हरिद्वार सहित सात जिलों में आरेंज अलर्ट और छह जिलों में येलों अलर्ट जारी किया गया है। प्रदेश भर के सभी जिलों में 10 और 11 अगस्त के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। इस दौरान गरज चमक के साथ भारी से बहुत भारी बारिश के तीव्र से अति तीव्र दौर की संभावना है। बारिश से संवेदनशील इलाकों में कहीं-कहीं हल्के से मध्यम भूस्खलन और चट्टान गिरने के कारण सड़कों और राजमार्गों में कटाव से अवरोध होने और निचले इलाकों में जल भराव की स्थिति बन सकती है। प्रदेश में लगातार हो रही बारिश से पहाड़ों में सड़कों के अवरुद्ध होने का सिलसिला जारी है। पिथौरागड़ में 03 बॉर्डर मार्ग और 11 राज्य मार्ग सहित प्रदेश भर में 159 अन्य सड़कें बाधित हैं। संबंधित विभाग की ओर से बंद मार्गों को खोलने का कार्य जारी है।

## अविश्वास प्रस्ताव पर आज राहुल कर सकते हैं बहस की शुरूआत



**नई दिल्ली ( हि.स. )।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी मंगलवार को लोकसभा में होने वाली अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा की शुरुआत कर सकते हैं। कांग्रेस नेता व लोकसभा सांसद शशि थरूर ने कहा कि कल हम मोदी सरकार की विफलताओं पर संसद में चर्चा करेंगे। हमें उम्मीद है कि कल सदन में राहुल गांधी अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान देश के मुद्दों पर कांग्रेस का पक्ष रखेंगे। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी की सजा को सुप्रीम कोर्ट से निलंबित किए जाने के बाद सोमवार को उनकी लोकसभा सदस्यता को बहाल कर दिया गया। निचली अदालत के मोदी सरनेम मानहानि मामले में दो साल की सजा मिलने के बाद उनकी जनप्रतिनिधित्व कानून के तहत सदस्यता समाप्त कर दी गई थी। इसके बाद उन्हें सरकारी बंगला भी खाली करना पड़ा था। राहुल गांधी ने अपनी सजा के खिलाफ गुजरात हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था, पर वहां से भी उन्हें राहत नहीं मिली। इसके बाद उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में अपील की थी। सुप्रीम कोर्ट ने 4 अगस्त को उनकी दो साल की सजा को निलंबित कर दिया था। लोकसभा सचिवालय ने आज सुप्रीम कोर्ट के फैसले के संबंध में उनकी सदस्यता बहाल करने की घोषणा की। राहुल गांधी को मार्च में अपनी सदस्यता खोनी पड़ी थी।

## पाकिस्तान के हनीट्रैप में फंसा सीआईएसएफ कॉन्स्टेबल

पाकिस्तान की खुफिया एजेंसियां भारत की गुप्त जानकारी इकट्ठा करने के लिए अक्सर हनीट्रैप का सहारा लेती है। इसके लिए देश की सुरक्षा से जुड़े अधिकारी और कर्मचारी उनके सॉफ्ट टारगेट पर रहते हैं। इंटरनेट के इस दौर में सोशल मीडिया भी अहम भूमिका निभाता है क्योंकि एजेंसियों के एजेंट इसके जरिए अधिकारियों और कर्मचारियों तक बहुत ही आसानी से पहुंच जाते हैं। ऐसा ही एक मामला आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम (विजाग) में सामने आया है जहां, सीआईएसएफ के एक जवान का हनीट्रैप में फंसने का संदेह है। सीआईएसएफ जवान का नाम कपिल कुमार है और फिलहाल वो विशाखापत्तनम स्टील प्लांट के सुरक्षा विंग में तैनात है। जानकारी के मुताबिक, कपिल कुमार की कुछ दिन पहले फेसबुक पर एक तमीशा नाम की एक महिला से दोस्ती हुई थी और दोनों एक दूसरे से बातचीत भी करने लगे थे। सूत्रों के मुताबिक, दोनों के बीच मोबाइल नंबर का लेन-देन भी हुआ था और अक्सर बातचीत भी होती थी। बताया जा रहा है कि भारतीय की खुफिया एजेंसियां कुछ दिन पहले कंपनी में तैनात सीआईएसएफ अधिकारियों को सतर्क किया था कि कपिल पाकिस्तान की इंटेलिजेंस ऑपरेटिव (पीआईओ) के मोबाइल नंबर 7764892291 के संपर्क में था। कंपनी के अधिकारियों को जैसे ही जानकारी मिली उन्होंने कपिल पर निगरानी बढ़ा दी। तीन दिन तक निगरानी में रखने के बाद जब अधिकारियों का शक और गहरा हुआ तो उन्होंने कपिल को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में कपिल कुमार ने कई सवालों का जवाब दिया है, लेकिन अधिकारियों को शक है कि वो कई अहम चीजों को छिपा रहा है। इसके बाद अधिकारियों ने कपिल कुमार के खिलाफ स्टील प्लांट थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने कपिल का मोबाइल जब्त कर जांच शुरू कर दी है। शुरुआती पूछताछ में कपिल ने बताया है कि हाल ही में फेसबुक पर उसकी दोस्ती हैदराबाद की तमीशा से हुई थी। हालांकि, वो इस बात से इनकार किया है कि उसने तमीशा को किसी भी प्रकार की कोई खुफिया जानकारी उपलब्ध कराई है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, कपिल से बातचीत के दौरान तमीशा ने उसके मोबाइल पर एक ऐप इंस्टॉल करने के लिए संदिग्ध लिंक भी भेजा था। हालांकि, पूछताछ में कपिल ने बताया है कि उसने लिंक पर क्लिक नहीं किया है। शुरुआत में कपिल ने बताया था कि उसके पास दो मोबाइल फोन हैं, लेकिन अधिकारियों ने जब उसकी गहन जांच की तो उसके पास से एक और मोबाइल बरामद हुआ।

# पृष्ठ एक का शेष

### नए असम के निर्माण ...

निर्माण आदि का काम पूरी तेजी से चल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गोलाघाट जिले में जैविक चाय उत्पादन को भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। वहीं, सरकार *अगर* उद्योग लगाने वाले को भी प्रोत्साहित कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि असम में अब गामोछा और मेखेला-चादर राज्य के बाहर से नहीं आएगी। गामोछा बुनने वाले बुनकरों से सरकार धान की तरह अब गामोछा भी खरीदेगी। इसके लिए एक सौ करोड़ रुपए की पूंजी निर्गत की गई है। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने गोलाघाट जिले के सर्वांगीण विकास के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

### ज्ञानवापी : एएसआई ने ...

जगह मशीन लगाकर काम हो रहा है। सारे साक्ष्य रिपोर्ट से मिलेंगे। उन्होंने बताया कि परिसर के गुंबद पर सर्वे का कार्य आज भी जारी रहा। गुंबद के ऊपर सीढ़ियां हैं, कलश रखे हैं। पश्चिमी द्वार पर मशीन लगाकर टीम लेखा-जोखा कागज पर तैयार कर रही है। उधर, एएसआई टीम के सर्वे को लेकर हो रहे बयानबाजी पर मुस्लिम पक्ष ने नाराजगी जताई है। वहीं, एएसआई टीम के अफसरों ने भी इस मामले में संयम बरतने की सलाह दी है। टीम के अफसरों ने प्रशासनिक अधिकारियों से सर्वे की गोपनीयता बनाए रखने के लिए सख्ती बरतने की मांग की है। टीम का मानना है कि सर्वे की गोपनीयता के लिए शपथ पत्र अदालत में दिया गया है। ऐसे में बयानबाजी से परेशानी बढ़ेगी।

### इंफाल : कर्फ्यू में ...

काउंसिल (यूएनसी) ने एक बयान में कहा कि बुधवार सुबह 10 बजे से तामेंगलांग, सेनापति, उखरूल और चंदेल जिलों के जिला मुख्यालयों में रैलियां आयोजित की जाएंगी। इसमें कहा गया कि अंतिम समझौते पर हस्ताक्षर करने में अत्यधिक देरी चिंता का कारण है और इससे शांति वार्ता पटरी से उतरने की संभावना है। यूएनसी ने सभी नगाओं से बड़ी संख्या में रैलियों में भाग लेने की अपील की। इसमें कहा गया है कि 3 अगस्त, 2015 को केंद्र और एनएससीएन (आईएम) के बीच ऐतिहासिक फ्रेमवर्क समझौते पर हस्ताक्षर के साथ शांति प्रक्रिया में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। मणिपुर में 3 मई को कुकी और मैतेई के बीच जातीय संघर्ष शुरू हुआ और पिछले तीन महीनों से जारी है, जिसमें अब तक 160 से अधिक लोगों की जान चली गई।

### नामची में धारा 144...

बताया कि जिला शहर में धारा 144 लागू कर दी गई है और नामची में पुलिस गश्त तेज कर दी गई है, जहां स्थिति अब नियंत्रण में है। रैली का आयोजन ऑल सिक्किम गुरुंग तमू बौद्ध संघ, कई संगठनों और समाज के विभिन्न वर्गों द्वारा दिन के दौरान नामची शहर में किया गया था। युवा नेता पदम गुरुंग नामची सरकारी कॉलेज के छात्र प्रतिनिधि परिषद के अध्यक्ष थे। उनका शव 28 जून को संदिग्ध परिस्थितियों में नामची के काजितार इलाके में एक नाले में मिला था। मृत छात्र नेता के भाई प्रेम गुरुंग ने कहा कि न्याय में देरी से इंसाफ नहीं मिलता। इसलिए हम तत्काल कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि मामले को हत्या घोषित करने और दोषियों को पकड़ने के लिए पुलिस के पास पर्याप्त सबूत हैं, लेकिन आश्चर्य है कि पुलिस तथ्यों का खुलासा करने से बच रही है। सिक्किम सरकार ने मौत की जांच के लिए एक एसआईटी का गठन किया है। पदम गुरुंग के दोस्तों और परिवार का आरोप है कि उनकी हत्या की गई थी। इसके अलावा, जुलाई में मुख्यमंत्री पीएस तमांग के आदेश के बाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के अधीन न्यायिक जांच शुरू की गई थी। न्यायिक जांच की रिपोर्ट 12 अगस्त को सौंपे जाने की उम्मीद है।

### एकीकृत खेल परियोजना...

आंगलोंग स्वायत्त परिषद के मुख्य कार्यकारी सदस्य तुलीराम रोंगहांग, लोक निर्माण विभाग के विशेष आयुक्त और सचिव राज चक्रवर्ती, आयुक्त और विशेष सचिव चंदन शर्मा और बोकाखात जिला खेल संघ के महासचिव संजीव सैकिया, बोकाखात जिला खेल संघ के महासचिव समेत बड़ी संख्या में अन्य गण्यमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### एससी और एचसी ...

हाई कोर्ट के न्यायाधीशों को सेवानिवृत्ति के बाद सौंपे जाने वाले कार्यों का उनकी निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए पुनर्मूल्यांकन किया जा सकता है। इसमें कहा गया है कि कई हितधारकों ने न्यायाधीशों को सेवानिवृत्ति के बाद दिए गए कार्यों पर आपत्ति जताई थी। यूपीए-2 के दौरान, उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की सेवानिवृत्ति की आयु उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों के बराबर लाने के लिए लोकसभा में एक विधेयक पेश किया गया था। लेकिन विधेयक कभी विचार के लिए नहीं आया और खत्म हो गया। समिति का मानना है कि न्यायाधीशों की सेवानिवृत्ति की आयु को जनसंख्या के स्वास्थ्य में सुधार के लिए चिकित्सा विज्ञान में दीर्घायु और प्रगति में वृद्धि के साथ बढ़ाया जाना चाहिए। रिपोर्ट में कहा गया है कि तदनुसार, समिति सिफारिश करती है कि भारत के संविधान के प्रासंगिक अनुच्छेदों में संशोधन की आवश्यकता है और उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों की सेवानिवृत्ति की आयु उचित रूप से बढ़ाई जा सकती है। भाजपा के सुशील कुमार मोदी की अध्यक्षता वाली समिति के अनुसार, न्यायाधीशों की सेवानिवृत्ति की आयु बढ़ाते समय, न्यायाधीशों के प्रदर्शन का उनके स्वास्थ्य की स्थिति, निर्णयों की गुणवत्ता और दिए गए निर्णयों की संख्या के आधार पर पुनर्मूल्यांकन किया जा सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इसके लिए, किसी भी न्यायाधीश के कार्यकाल को बढ़ाने की सिफारिश करने से पहले सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम द्वारा मूल्यांकन की एक प्रणाली तैयार की जा सकती है और उसे लागू किया जा सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक, फिलहाल हाई कोर्ट के जजों की रिटायरमेंट उम्र बढ़ाने का कोई प्रस्ताव नहीं है। इसमें कहा गया है कि सरकार ने आगे सूचित किया है कि भविष्य में उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की सेवानिवृत्ति की आयु बढ़ाने की किसी भी आवश्यकता पर सरकार विभिन्न हितधारकों के परामर्श से उचित समय पर विचार करेगी।

### इंडिया नाम रखने ...

साथ ही उन्होंने कहा कि भारत एक सुर में भ्रष्टाचार, वंशवाद और तुष्टिकरण को *भारत छोड़ो* के लिए बोल रहा है। अपनी सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर लोकसभा में चर्चा से एक दिन पहले प्रधानमंत्री मोदी ने देश का वर्णन करने के लिए भारत शब्द का इस्तेमाल किया और विपक्ष के गठबंधन इंडिया पर हमला करते हुए इसे देश के लिए *गंभीर खतरा* बताया। राष्ट्रीय हथकरघा दिवस समारोह में भारत मंडप में प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार भारत के हथकरघा, खादी, कपड़ा क्षेत्र को विश्व गुरु बनाने की कोशिश कर रही है। आम आदमी पार्टी की गुजरात इकाई के प्रमुख इसुदान गढ़वी ने सोमवार को यह बयान दे कर खलबली मचा दी कि आगामी लोकसभा चुनाव में उनकी पार्टी और कांग्रेस गुजरात में सीट-बंटवारे के फॉर्मूले के तहत लड़ेंगे क्योंकि दोनों दल विपक्षी गठबंधन इंडिया के सदस्य हैं। गढ़वी के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कांग्रेस ने कहा कि पार्टी केंद्रीय नेतृत्व के निर्देशों का पालन करेगी। इस मुद्दे पर भारतीय जनता पार्टी ने कहा कि आप और कांग्रेस के बीच संभावित गठबंधन से सत्तारूढ़ पार्टी की चुनावी संभावनाओं पर कोई असर नहीं पड़ेगा। इसके साथ ही सत्तारूढ़ दल ने आम आदमी पार्टी को कांग्रेस की *बी टीम* करार दिया। गढ़वी ने यहां संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि आप और कांग्रेस दोनों इंडिया गठबंधन का हिस्सा हैं। यह चुनावी गठबंधन गुजरात में भी लागू किया जाएगा।

### जी सैट-24 उपग्रह...

बधाई दी। उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष, संचार के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में एक और कदम है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में टाटा प्ले के 600 चैनल हैं। इसरो उपग्रह के शामिल होने के साथ, यह आम जनता को लाभान्वित करने वाले 900 चैनलों को प्रसारित करने में सक्षम होगा। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निजीकरण और एनएसआईएल की स्थापना के दृष्टिकोण की परिणति है, जिसने पहली बार टाटा प्ले के सहयोग से उपग्रह लॉन्च किया। ये चैनल अब पहाड़ी पूर्वोत्तर और अंडमान निकोबार द्वीप समूह सहित पूरे देश में उपलब्ध होंगे।

### दस साल की बच्चियों ...

प्राइमरी स्कूलों में पढ़ने की इजाजत नहीं दी जाए। ट्रांसफॉर्मिंग एजुकेशन समिट के लिए संयुक्त राष्ट्र महासचिव के विशेष सलाहकार लियोनार्डो गार्नियर ने अफगानिस्तान में महिला शिक्षा पर प्रतिबंध की आलोचना की है। गार्नियर ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि लड़कियों की शिक्षा पर देश के प्रतिबंधों के कारण तालिबान पर संयुक्त राष्ट्र और अंतर्राष्ट्रीय समुदाय का दबाव *गंभीर* है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में अफगानिस्तान में लड़कियों के बहिष्कार का मामला सबसे गंभीर है। छठी कक्षा की एक छात्रा को जिसके लिए तालिबान ने पिछले साल शिक्षा की अनुमति दी थी। उस छात्रा ने कहा कि 10 साल से अधिक उम्र की लड़कियों को स्कूल में दाखिल होने की इजाजत नहीं है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि कुछ प्रांतों में प्रचार और मार्गदर्शन मंत्रालय के मुकामी अधिकारियों ने उम्र के आधार पर लड़कियों को अलग कर दिया। इसके साथ ही अधिकारियों ने लड़कियों के स्कूल के प्रिंसिपल्स से तीसरी कक्षा से ऊपर की छात्राओं को घर भेजने के लिए कहा है। गौरतलब है कि अफगानिस्तान में अमेरिका और नाटो के नेतृत्व वाले शासन के बाहर निकलने के बाद तालिबान ने सितंबर 2021 में लड़कियों को माध्यमिक शिक्षा से प्रतिबंधित कर दिया था। हाई स्कूलों को सिर्फ लड़कों के लिए फिर से खोलने का आदेश दिया था। पिछले साल दिसंबर में तालिबान ने कॉलेज और यूनिवर्सिटी जाने वाली महिलाओं पर पाबंदी लगा दी थी और हजारों लोगों के लिए यूनिवर्सिटी की पढ़ाई पर हमेशा के लिए प्रतिबंध लगा दिया था। संयुक्त राष्ट्र ने हाल के महीनों में अफगानिस्तान में महिलाओं और लड़कियों पर शिक्षा और रोजगार सहित पाबंदियों को और बढ़ाने के लिए तालिबान की आलोचना की थी।

### चीन के साथ ...

पर सहमति बनी है। पांच-छह जो विवाद के बड़े प्वाइंट (गलवन, पैंगोंग आदि) थे, वहां से सैनिकों की वापसी हुई है। वार्ता लगातार जारी है। दोनो देशों के बीच बातचीत फिर जल्द ही होने वाली है। उन्होंने कहा कि चीन की चुनौतियां अलग किस्म की है। खास तौर पर चीन ने जिस तरह का ढांचागत विकास सीमा पर किया है उसको भारत ने काफी गंभीरता ले लिया है और भातर ने भी सीमा पर सड़कों व दूसरे नेटवर्क के विस्तार पर काफी ध्यान देना शुरू किया है। सीमा पर सैनिकों की तैनाती के लिए यह जरूरी है। हाल के वर्षों में जिस तेजी से सीमा पर सड़कों का निर्माण किया है उससे आम जनता के साथ ही सैनिकों की तैनाती में भी काफी सहूलियत हुई है। जयशंकर ने दूसरे देशों के साथ जुड़े सीमा पर भी ढांचागत विकास को लेकर उठाये जा रहे कदमों की जानकारी दी। श्रीलंका के बारे में उन्होंने बताया कि हम दोनो देशों को पेट्रोलियम पाइपलाइन, ग्रिड कनेक्टिविटी के साथ ही जमीन मार्ग से भी जोड़ने पर काम कर रहे हैं। इसी तरह से बांग्लादेश में कई ढांचागत परियोजनाओं को मदद की जा रही है। बांग्लादेश स्थित मोंगला व चट्टोग्राम पोर्ट में भारत मदद कर रहा है। उन्होंने भारत-म्यांमार-थाईलैंड राजमार्ग की अभी तक की प्रगति पर नाखुशी जताई और कहा कि कानून व्यवस्था की वजह से इसकी प्रगति काफी प्रभावित हो रही है। पूर्वोत्तर राज्यों में स्थापित हो रहे ढांचागत परियोजनाओं के बारे में जयशंकर ने कहा कि इनसे ही देश की सुरक्षा सुनिश्चित होगी। नेपाल को लेकर उन्होंने कहा कि भारत उसकी बिजली का एक बड़ा खरीददार देश के तौर पर स्थापित होगा। इससे द्विपक्षीय कारोबार भी काफी बढ़ेगा। नेपाल को रेल मार्ग से जोड़ने की कई परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं और कुछ जल्द ही पूरी होने वाली हैं।

### रंजन गोगोई के ...

सुष्मिता देव (तृणमूल कांग्रेस) राज्यसभा से बाहर चली गईं। प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा कि उन पर लगे आरोपों के कारण हम सदन से बाहर गए। यह हमारा प्रतीकात्मक विरोध था। उन लोगों का विरोध था जो महिलाओं का सम्मान नहीं करते और इन्हें छुपाने के लिए अपने पद का दुरुपयोग करते हैं।

## स्वर्वेद भाष्य




**पंचम मंडल** **द्वितीय अध्याय**

**( मन )**

**मन माया सुक्षम रहे, अन्तर तन महँ वास।**
**मने निरञ्जन काल है, खावे विषयन फाँस॥ 21॥**

**शब्दार्थ :** (सुक्षम) झीना, बारीक (फाँस) बंधन।

**भाष्य :** मन के अंदर सूक्ष्म माया रहती रहीत है, जो शरीर के भीतर वास करती है। मन ही काल-निरञ्जन है जो जीव को विषयों के बंधन में रखकर उसके महान उद्देश्य को नष्ट करता है अर्थात आत्म-उत्थान में आगे नहीं बड़ने देता।

**मन की चाल कुचाल है, जीवहिं उवट चलाव।**
**मन फन्दा में जिव पड़े, बिनु गुरु कवन छोड़ाव॥ 22॥**

**शब्दार्थ :** (चाल) ढंक (कुचाल) बुरी रीति (उवट) विरुद्ध, दुःखदायी पथ।

**भाष्य :** मन की चाल बुरी है। वह जीव को दुःखदायी पतन के मार्ग पर ले जाता है और जीव विषय-सुख के प्रलोभन में पड़कर मन के फंदे में पड़ जाता है। सद्‌गुरु के बिना इस भवबंधन दुःख से छुड़ाने वाला दूसरा कौन है?

## मणिपुर में केपीए के समर्थन वापस लेने से सरकार पर असर नहीं : मंत्री सपम रंजन

**इंफाल (हिंस)।** राज्य के स्वास्थ्य मंत्री और सरकार के प्रवक्ता सपम रंजन सिंह ने कहा कि गठबंधन से कुकी पीपुल्स एलायंस (केपीए) के समर्थन वापस लेने से सरकार पर कोई असर नहीं पड़ेगा। एनडीए से संबद्ध नॉर्थ-ईस्ट डेमोक्रेटिक अलायंस (एनईडीए)-साझीदार कुकी पीपुल्स अलायंस (केपीए) ने कल मणिपुर में नोंगथंबम बीरेन सिंह सरकार से समर्थन वापस ले लिया था। केपीए अध्यक्ष तांगमांग हाओपिक ने बीरेन सिंह सरकार पर राज्य में बढ़ती हिंसा से निपटने में विफलता का आरोप लगाते हुए समर्थन वापस लेने के लिए राज्यपाल को पत्र भेजा था। इसके मद्देनजर आज राज्य सरकार के प्रवक्ता सपम रंजन ने कहा कि बीरेन सिंह के नेतृत्व वाली सरकार के पास पूर्ण बहुमत है। अगर केपीए के दो विधायक बाहर चले गए तो भी इसका कोई असर नहीं होगा। सरकार सुरक्षित है और रहेगी। सपम रंजन सिंह ने कहा कि कुकी पीपुल्स एलायंस ने सोशल मीडिया के माध्यम से भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार से अपना समर्थन वापस ले लिया है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार मांगों के पहले दिन से ही अलग प्रशासन या केंद्र शासित प्रदेश के खिलाफ मुखर रही है।

## मुख्यमंत्री ने बोकाखात में रखी निरीक्षण बंगला की आधारशिला

**गोलाघाट (हिंस)।** मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा ने आज बोकाखात में निरीक्षण बंगला की आधारशिला रखी। उन्होंने कहा कि 10 करोड़ की लागत से बनने वाला निरीक्षण बंगला सरकारी अधिकारियों के लिए बहुत महत्वपूर्ण होगा और पर्यटन क्षेत्र को भी बढ़ावा देगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि असम के सभी जिलों के साथ गोलाघाट जिला का भी समान विकास होगा। उन्होंने कहा कि वे असम के सभी जिलों को समान रूप से विकसित करके असम को समृद्ध बनाना चाहते हैं।

# मोरल पुलिसिंग मामले के मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी की मांग




**कोकराझाड़ (हिंस)।** कोकराझाड़ में मोरल पुलिसिंग और मॉब लिंचिंग के मुख्य आरोपी रजत मंडल की गिरफ्तारी की मांग को लेकर आज विभिन्न संगठनों ने एक रैली निकली। रैली में बनसु, एबीएमएसयू, नेम्सु, एएटीएसयू और एक्स वोलेंटर फोर्स के नेतृत्व में कोकराझाड़ के रासमेला मैदान से रैली निकाली और जिला उपायुक्त कार्यालय तक पहुंची। इस दौरान रैली में शामिल समर्थकों ने जमकर नारेबाजी की और जिला उपायुक्त के माध्यम के माध्यम से मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा और बीटीसी के मुख्य कार्यकारी पार्षद प्रमोद बोड़ो को 5 सूत्रीय मांगों को लेकर एक ज्ञापन प्रेषित किया गया। ज्ञात हो कि 3 अगस्त को एक बोड़ो व्यक्ति ने अपनी गाय को मुस्लिम व्यक्ति के पास बेचा था। जब दो व्यक्ति गाय को लेकर आ रहे थे तो मागुरमारी में कुछ युवकों ने गाय तस्करी करने का आरोप लगा कर एक खूंटे में बांध कर पीटा था जिसका वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ था। घटना में शामिल युवक को गिरफ्तार करने की मांग करने लगीं। पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया हैं परन्तु घटना का मुख्य आरोपी अभी भी फरार है।

# कोकराझाड़ दोतमा में मिशन इंद्रधनुष योजना का शुभारंभ




**कोकराझाड़ (विभास)।** कोकराझाड़ जिले के दोतमा अस्पताल में आज मिशन इंद्रधनुष योजना का शुभारंभ हुआ। मिशन इंद्रधनुष योजना के तहत 0 से पांच साल के बच्चों और गर्भवती महिलाओं का वैक्सीन किया जाएगा। दोतमा चिकित्साल्य में मिशन इंद्रधनुष योजना तीन चरणों में लांच किया गया। इस कार्यक्रम में दोतमा हस्पताल के डीपुटी सुप्रीटेंडेंट डॉ. बालाराम बर्मन, एसडीएम एचओ डॉ. अनिल मोहिलारी, बीपीएम नयन मुसाहरी, बिसीएम बनजीत चौधरी, बीडीएम नजरुल इस्लाम के साथ-साथ आशाकर्मी, सोशल वेलफेयर कर्मचारी और आम जनता उपस्थित थे।

# सीएम ने राष्ट्रीय हथकरघा दिवस पर किया कारीगरों के सम्मान का आह्वान

**गोलाघाट (हिंस)।** मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा ने आज काजीरंगा के पानबाड़ी में एकीकृत हथकरघा पार्क में राष्ट्रीय हथकरघा दिवस समारोह कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा है कि स्वतंत्रता आंदोलन के समय अपने खादी और स्वदेशी आंदोलन के दौरान गांधी जी ने टिप्पणी की थी, *असमिया महिलाएं अपने कपड़ों में परियों की कहानियां बुनती हैं।* मुख्यमंत्री ने कहा कि इस राष्ट्रीय हथकरघा दिवस पर आइए असम के कालातीत हस्तनिर्मित चमत्कारों के लिए विशेष प्रशंसा के साथ परंपरा की समृद्ध टेपेस्ट्री को गले लगाएं। उन्होंने कहा कि मूगा, गोल्डेन रेशम असम के अलावा कहीं और नहीं पाया जाता है। असम पाट और एटी के साथ परंपरा और गर्मजोशी की कहानियां बुनता है। हमारी विरासत विश्व बाजारों को समृद्ध बनावट, अद्वितीय डिजाइन और असाधारण लालित्य प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि आइए उन कारीगरों का सम्मान करें, जो हाथ से बुनी गई हर कृति में असम के जादू को बुनना जारी रखते हैं।

# *नृत्यांगहार* एकल सत्रीया संगीत एवं नृत्य कार्यक्रम का सफल समापन

**गुवाहाटी (हिंस)।** संगीत नाटक अकादमी के तत्वावधान और *नृत्यांगहार* की पहल के तहत *लावण्य* नामक एकल सत्रीया संगीत और नृत्य प्रदर्शन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ रविवार की शाम को श्रीमंत शंकरदेव कलाक्षेत्र, पंजाबारी, गुवाहाटी के डॉ. बाणीकांत काकती सभागार में दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संगीत नाटक अकादमी दिल्ली के रत्न नृत्याचार्य जतिन गोस्वामी, शिक्षाविद् एवं नाटक समीक्षक डॉ. पोना महंत, श्रीमंत शंकरदेव कलाक्षेत्र समाज के सचिव सुदर्शन ठाकुर आदि पूर्वोत्तर के अतिथि थे। संगीत नाटक अकादमी के युवा पुरस्कार विजेता भारतीय रिजर्व बैंक के सेवानिवृत्त अधिकारी नरेनचंद्र बरुवा, सांस्कृतिक प्रेमी लीला कांत महंत आदि शामिल रहे। मुख्य कार्यक्रम की शुरुआत से पहले अपने भाषण में नृत्याचार्य जतिन गोस्वामी ने कहा कि अतीत में भी, मैंने उनके एकल सत्रीया और सांस्कृतिक कार्यक्रम देखे हैं। लेकिन, मैंने पहली बार देखा कि




इन तीनों के ईमानदार प्रयासों से सत्रीया संस्कृति को संवारने के लिए *नृत्यांगहार* नामक संस्था की स्थापना हुई है। उन्होंने कहा कि अपनी शारीरिक बीमारी के बावजूद वे उनका निमंत्रण प्राप्त कर उन्हें प्रोत्साहित और प्रेरित करने के लिए कार्यक्रम में आए हैं। रंगमंच समीक्षक डॉ. पोना महंत ने कहा कि वे *नृत्यांगहार* के इस प्रयास से मोहित हैं। उन्होंने आयोजकों को भविष्य में भी इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन जारी रखने को कहा। इसके बाद मुख्य कार्यक्रम की शुरुआत परिणीता गोस्वामी और उनकी टीम द्वारा प्रस्तुत एक गीत के साथ हुई। हिमाद्री शर्मा की प्रस्तुति कालिया दमन, स्वागत शर्मा के साली नृत्य (कलाकटिया), तीर्थकुमार नाथ के सूत्रधारी और अनन्या महंत की *कलाहनितारिता नायिका* के आधार पर प्रस्तुति दी। दो अन्य विशिष्ट अतिथियों, कृष्णा हजारिका राव (ऑयल इंडिया लिमिटेड के डीजीएम) और डॉ. गीतिमा दास कृष्णा (एनई डेस्क, इन्वेस्ट इंडिया की प्रमुख) की उपस्थिति ने इस आयोजन की भव्यता को बढ़ा दिया। *नृत्यांगहार* की अध्यक्ष अनन्या महंत ने एक अलग साक्षात्कार में कहा कि विश्वासी महंत और स्वागता शर्मा के साथ उन्होंने 9 फरवरी, 2021 से सत्रीया संगीत और नृत्य को बढ़ावा देने के लिए अपने स्वयं के प्रयास शुरू किए। उनका कहना है कि तीनों पहले ही कुछ छोटे-बड़े काम कर चुके हैं, लेकिन मंच पर सांस्कृतिक कार्यक्रम के रूप में आज का कदम पहला है। अनन्या का कहना है कि हाल ही में सत्रीया संस्कृति को राज्य के बाहर भी देश भर में प्रतिस्पर्धी कार्यक्रमों के रूप में दिखाया गया है। इसे देखते हुए उन तीनों ने एक संगठन बनाया है ताकि भले ही दोनों कलाकार हों, वे उन प्रतियोगिताओं का विकल्प चुन सकें। अनन्या ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विभिन्न तरीकों से मदद करने के लिए सभी लोगों को धन्यवाद दिया। *नृत्यांगहार* के सचिव विशिष्ट महंत का कहना है कि उन्होंने अतीत में सत्रीया संगीत और नृत्य से संबंधित कई व्याख्यानों और ऑनलाइन कार्यक्रमों में भाग लिया है। यह पहली बार है जब उन्होंने संगठन के तीन मुख्य नेताओं के संयुक्त प्रयासों के साथ लाइव मंच पर ऐसा प्रदर्शन किया है। कोषाध्यक्ष स्वागता शर्मा ने कहा कि उन्होंने असम की सत्रीया संस्कृति का विस्तार करने के लिए एक मंच बनाने के लिए एक छोटे से विचार के साथ कार्यक्रम शुरू किया। उनका कहना है कि भविष्य की कई योजनाएं हैं। यह सत्रीया नृत्य और संगीत आज *लावण्या* के पहले संस्करण के माध्यम से किया जा रहा है। उनकी भविष्य में शास्त्रीय और अन्य संगीत नृत्य और देश के कठपुतली कार्यक्रमों का प्रदर्शन करने की भी योजना है, स्वागता शर्मा ने कहा। अंत में सचिव ने सभी विशिष्ट अतिथियों, श्रोताओं, कार्यकर्ताओं, पत्रकारों, कलाकारों, अभिभावकों, सहयोगी संस्थाओं, संगीत नाटक अकादमी और विशेष रूप से शंकरदेव कलाक्षेत्र समाज के सचिव की सराहना की और श्रीश्री माधवदेव के एकांकी घोषा के साथ कार्यक्रम का समापन किया।

## सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष नियुक्त

**गुवाहाटी (हिंस)।** गौहाटी उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति अरूप कुमार गोस्वामी ने आज असम मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष के रूप में पदभार ग्रहण किया। न्यायमूर्ति गोस्वामी की इस नियुक्ति पर आयोग के सदस्यों, पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों ने प्रसन्नता जाहिर की है। आज गुवाहाटी कार्यालय में उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। ज्ञात हो कि न्यायमूर्ति गोस्वामी छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय और सिक्किम उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश हैं। असम मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष के रूप में उनकी हुई नियुक्ति से असम में मानवाधिकार को बल मिलेगा।

# सम्मेलन महिला शाखा की प्रथम कार्यकारिणी में कई प्रस्ताव पारित

**गुवाहाटी।** मारवाड़ी सम्मेलन गुवाहाटी महिला शाखा की नव निर्वाचित कार्यकारिणी की प्रथम कार्यकारिणी सभा सम्मेलन गुवाहाटी शाखा के सभाकक्ष में नवनिर्वाचित अध्यक्ष संतोष शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। सभा ने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के कार्यक्रमों की शुरुआत मांगलिक अनुष्ठान के साथ करने का फैसला लिया। जिसमें छत्रीबाडी स्थित श्याम मंदिर में शिव श्याम उत्सव आयोजित कर 56 भोग प्रसाद लगाकर नई कार्यकारिणी के कार्यक्रमों की शुरुआत की जाएगी। सभा में आगामी स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष में सम्मेलन की कामरूप शाखा द्वारा गोद ली गई आठगांव चाबीपुल प्राथमिक विद्यालय में आजादी उत्सव में हिस्सा लेकर महिला शाखा की तरफ से भी कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। आगामी रक्षाबंधन कार्यक्रम को भी उल्लास पूर्वक मनाया जाएगा। आगामी 8 सितंबर को सिंजारा नामक कार्यक्रम का मारवाड़ी संस्कृति और परंपरा के अनुसार मनाली का प्रस्ताव गृह किया गया। आज की सभा में किरण तापड़िया और इंदिरा अग्रवाल को विशेष




आमंत्रित सदस्य के रूप में तथा महिला शाखा की सलाहकार सरोज मित्तल, शारदा केडिया, बंदना सोमानी और मंजू पाटनी को विशेष उपहार देकर सम्मानित किया गया। इससे पहले सभा प्रारंभ में नवनिर्वाचित शाखा सचिव मंजू भंसाली ने पिछली सभा का प्रतिवेदन पढ़कर पारित करवाया। आज की सभा उपाध्यक्ष मंजू लता शर्मा, संगीता बड़जात्या, कोषाध्यक्ष विमला कोचर, सह मंत्री शोभना लड्डा, इंदिरा अग्रवाल, संतोष धानुका, बबीता सरावगी, गुलाब दुग्गड, स्नेहल बीदासरिया, बीना चौरडिया, शांति कुंडलिया, सुमन शर्मा, वंदना शर्मा, बबीता गोयल, कनक सेठिया के अलावा अन्य कई सदस्याए उपस्थित थी। सभा के अंत में भी शाखा सचिव ने सभी को धन्यवाद ज्ञापन दिया। यह जानकारी महिला शाखा की जनसंपर्क सचिव संतोष काबरा ने एक प्रेस विज्ञप्ति के जरिए दी।

## रिश्वत लेते लाट मंडल गिरफ्तार



**शोणितपुर (हिंस)।** गहपुर राजस्व सर्किल के लाट मंडल नौशाद अली को भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। यह गिरफ्तारी मुख्यमंत्री के सतर्कता प्रकोष्ठ ने सोमवार को की। जानकारी के अनुसार लाट मंडल को रंगेहाथ घूस की रकम के साथ गिरफ्तार किया गया है। लाट मंडल नौशाद ने जमीन के काम के नाम पर पैसे लिए थे। घटना की जांच की जा रही है।

# लायंस उमंग ने दो कक्षाओं समेत तीन टॉयलेट ब्लॉक का कराया निर्माण

**गुवाहाटी (विभास)।** समाज सेवा के साथ-साथ शिक्षा की दिशा में भी अपना महत्वपूर्ण योगदान देते आ रही लायंस क्लब ऑफ गुवाहाटी उमंग की ओर से सरकारी विद्यालय में दो कक्षा व तीन टॉयलेट ब्लॉक का निर्माण कराया गया। क्लब की जनसंपर्क अधिकारी प्रियंका गर्ग ने बताया कि लायंस जिलापाल प्रथम सीमा गोयनका के मार्गदर्शन में तथा अध्यक्ष कंचन पोद्दार के नेतृत्व में इन परियोजनाओं का क्रियान्वयन किया गया। महानगर के समीपवर्ती रामसिंह सपोरी स्थित रामसिंह नव जागरण एलपी स्कूल में क्लासरूम व टॉयलेट ब्लॉक की जर्जर अवस्था को देख क्लब की ओर से वहां दो क्लासरूम व तीन टॉयलेट ब्लॉक का निर्माण किया गया, जिसके जरिए करीब 100 छात्र छात्राएं लाभान्वित होंगे। क्लासरूम व्हाट




टॉयलेट ब्लॉक निर्माण करने में संगीता भडेच, सरिता गारोड़िया, कंचन पोद्दार, नीतू सराफ का विशेष सहयोग रहा। लायंस जिला वन जिला वन एक्टिविटी के तहत उर्वशी गर्ग की देखरेख में स्कूल परिसर में नि:शुल्क मधुमेह जांच शिविर का आयोजन किया गया। सरिता गारोड़िया की देखरेख में सभी के लिए सात्विक भोजन की व्यवस्था की गई। वहीं जिलापाल प्रथम सीमा गोयनका की ओर से जरूरतमंदों के बीच छत्ते वितरित किए गए। इस मौके पर वीडीजी द्वितीय पंकज पोद्दार, रितु पोद्दार, उमंग की सचिव संगीता अग्रवाल, कोषाध्यक्ष स्वाती चौधरी, सरोज खेतान आदि सदस्याओ सहित लायंस गौहाटी के अध्यक्ष अजय पोद्दार, संतोष गारोड़िया सहित स्कूल के बच्चे, शिक्षक व गांव बूढ़ा आदि मौजूद थे। इधर कांवड़िया सेवा शिविर का का आयोजन मेघदूत सिनेमा हॉल के पास किया गया। क्लब की ओर से कांवड़ियों के बीच पका पकाया भोजन वितरित किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम संयोजक पूनम-महेंद्र केजरीवाल, अजय खेमका के अलावा जिलापाल प्रथम सीमा गोयनका, क्लब की अध्यक्ष कंचन पोद्दार, लायंस गौहाटी के अध्यक्ष अजय पोद्दार आदि मौजूद थे।

## सांगानेरिया धर्मशाला में कलश यात्रा से शिव पुराण कथा का शुभारंभ

**गुवाहाटी।** शिव मंदिर सेवा समिति मालीगांव के सौजन्य से श्रावण अधिकमास के पावन अवसर पर फैंसी बाजार स्थित सांगानेरिया धर्मशाला में शिवमहापुराण कथा महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसकी शुरुआत 108 कलश यात्रा से हुई। जो शहर के मुख्य मार्ग से होते हुए कथा पर पहुंची। कथा का रसपान कराने वाराणसी से पधारे पूज्य श्रद्धेय डॉ. पं. दिनेशाचार्य ने माता कामाख्या एवं शिवम महिमा से कथा का शुभारंभ किया। आपने बताया कि यह पावन पुरुषोत्तम मास कुछ अधिक प्राप्त करने लिए ही प्रकट हुआ है इस महीने में थोड़ा किया गया दान, पुण्य, जय, न तप, सब अधिक हो जाते हैं, पापों की से छुटकारा मिल जाता है। यह हरिहर की साधना का परम सुअवसर है। भगवान शिव कल्याणस्वरूप हैं वह सभी भक्तों का एवं प्राणीमों का का काल्याण करते हैं। महाराज जी ने आगे शिव पुराण की महिमा का बावान किया, वर्णन करते हुए कहा कि मनुष्य का क्रोध अज्ञान, मानसिक विकार, एवं जीवन को दु:खमय कर देता है, अत: शिवकथा अवश्य सुननी चाहिए जिसके श्रवण मात्र से परम लाभ मिल जाता है। सारे रोग, दोष विकार दूर हो जाते हैं। बड़े आदर और श्रद्धा भाव के साथ श्रवण करने दूर से शिव कृपा जरूर मिलती है। सात संहिताओं का यह महापुराण सात दिन में पूर्ण होगा।

## नगांव : श्री शिव महापुराण कथा का दूसरे दिन श्री श्याम बाबा पर कार्यक्रम आयोजित



**नगांव (निसं)।** हैबरगांव खुटीकटिया स्थित श्री श्याम धाम मंदिर में रविवार से आरंभ हुई सात दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा के आज दूसरे दिन व्यासपीठ पर विराजमान काशी से पधारे विद्वान पंडित मां के बालक ओमप्रकाश उपाध्याय ने भगवान के प्रति भक्त का समर्पण उसी भाव से होना चाहिए जिस तरह भक्त बर्बरीक ने भगवान श्रीकृष्ण को आपना समर्पण भाव दिखाया था। आचार्य उपाध्याय ने आज दूसरे दिन की कथा के आरंभ में भक्त बर्बरीक के समर्पण का वर्णन करते हुए भक्त बर्बरीक श्री श्याम बाबा कैसे बने उस कथा की चर्चा करते हुए श्री श्याम बाबा पर प्रकाश डाला। आज भी भक्तों को प्रश्न पूछे गए और सही जबाब देने वाले को प्रसाद का उपहार दिया गया। संगीतमय कथा को आगे बढ़ाते हुए पंडित ने आज की श्री शिव महापुराण कथा पर प्रकाश डालते हुए प्रयाग में सूतजी से मुनियों का जल्द पापनाश करने वाले साधन के प्रश्न, श्रवण, कीर्तन और मनन तीनो साधन के महत्व के बारे में विस्तार पूर्वक बखान किया। साथ ही भगवान के लिंग एंव साकार विघरा की पूजा के रहस्य एंव लिंग प्रगट्य वर्णन आदि पर भी प्रवचन दिया। बीच-बीच में भजनो के माध्यम से संकीर्तन पर भक्त भोलेनाथ की भक्ति में लीन नजर आए। आज की कथा प्रारम्भ से पूर्व यजमान अनिरुद्ध अग्रवाल ने सपत्नीक पूजा विधि संपन्न करवाई। इससे पहले यजमान सहित अन्य उपस्थित भक्तों ने शिव अभिषेक में भाग लेते हुए भगवान शिव का अभिषेक किया। आज की कथा विराम पर आरती एंव प्रसाद वितरण हुआ।

# एक्सेस डेवलपमेंट सर्विसेज ने एक दिवसीय कार्यशाला का किया आयोजन

**गुवाहाटी।** 7 अगस्त 2023 को नाबार्ड द्वारा प्रवर्तित किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) के लिए एक्सेस डेवलपमेंट सर्विसेज द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला सह बातचीत का आयोजन किया गया था। अपने प्रोजेक्ट एमएएनडीआई-मेनस्ट्रीमिंग एग्रीकल्चर थ्रू नेटवर्क्स एंड डेवलपमेंट इनिशिएटिव्स के तहत मास्टरकार्ड सेंटर फॉर इनक्लूसिव ग्रोथ के साथ साझेदारी में एक्सेस डेवलपमेंट सर्विसेज इन एफपीओ को समर्थन और हैंडहोल्डिंग सेवाएं प्रदान कर रही है ताकि एफपीओ पारिस्थितिकी तंत्र और मूल्य श्रृंखला को मजबूत करके उनके टिकाऊ और व्यावसायिक रूप से व्यवहार्य विकास को सुनिश्चित किया जा सके। जिसमें वे लगे हुए हैं। कार्यशाला में सीजीएम, नाबार्ड, असम क्षेत्रीय कार्यालय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे और इसमें 80 एफपीओ प्रतिनिधियों, जिला विकास प्रबंधक, नाबार्ड की भागीदारी देखी गई। एफपीओ के विभिन्न पहलुओं जैसे कि इनपुट लिंकेज विकसित करना, क्रेडिट और वित्तीय समावेशन, आउटपुट लिंकेज और बाजार




पहुंच आदि पर सत्र आयोजित किए गए। क्रॉप स्मार्ट एग्रीकल्चरल सर्विसेज के प्रोपराइटर अमरजीत लहकर ने इनपुट लिंकेज की आवश्यकता और एक संपन्न इनपुट व्यवसाय स्थापित करने के लिए विकसित की जा सकने वाली विभिन्न रणनीतियों पर प्रतिभागियों को संबोधित किया। न्यूट्रीगोनैचुराएग्रोटेक लिमिटेड के निदेशक धृतिमान डेका और नीदरलैंड के इडा वान ग्रेवेनब्रोक, ऑपरेशंस मैनेजर एकास्था ने भी प्रतिभागियों को संबोधित किया। अपने ग्रोन फार्म इनक्यूबेशन कार्यक्रम के तहत आधारित सामाजिक उद्यम ने आउटपुट लिंकेज और बाजार पहुंच और एफपीओ के किसान शेयरधारकों की उपज के लिए व्यवहार्य बाजार लिंकेज स्थापित करने के संबंध में आगे बढ़ने के बारे में विस्तार से बताया। सम्मुनाती के प्रोजेक्ट लीड पंकज बर्मन ने क्रेडिट लिंकेज और वित्तीय समावेशन की आवश्यकता पर सत्र लिया। इस कार्यक्रम को नाबार्ड द्वारा प्रवर्तित बास्का ब्लॉक फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी और न्यूट्रीगोनेचुराएग्रोटेक के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करके महत्वपूर्ण रूप से चिह्नित किया गया था। एमओयू, जो बक्सा जिले, बीटीएडी के लिए की गई पहली ऐसी पहल है, की परिकल्पना एफपीसी के स्थायी बाजार जुड़ाव को सुनिश्चित करने के लिए की गई है। एमओयू के तहत विभिन्न कृषि और बागवानी उपज को एफपीसी से परक्राम्य दरों पर न्यूट्रीगोनैचुराग्रोटेक द्वारा खरीदा जाएगा।

# भारत 'स्वदेशी' के उपयोग से नई क्रांति का गवाह बन रहा : प्रधानमंत्री

- देश कह रहा है भ्रष्टाचार, वंशवाद, तुष्टीकरण भारत छोड़ो : प्रधानमंत्री
- प्रधानमंत्री ने भारतीय वस्त्र एवं शिल्प कोष पोर्टल लॉन्च किया



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को भारत मंडपम में नौंवे राष्ट्रीय हथकरघा दिवस समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि भारत स्वदेशी के उपयोग से नई क्रांति का गवाह बन रहा है। उन्होंने कहा कि आज का भारत सिर्फ 'वोकल फॉर लोकल' तक ही सीमित नहीं है बल्कि इसे ग्लोबल प्लेटफॉर्म भी प्रदान कर रहा है! प्रधानमंत्री ने इस मौके पर ह्यभारतीय वस्त्र एवं शिल्प कोषह्ल का ई-पोर्टल भी लॉन्च किया। समारोह को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि आज हम भारत मंडपम में राष्ट्रीय हथकरघा दिवस मना रहे हैं, जिसका हाल ही में उद्घाटन किया गया था। प्राचीन से आधुनिक का यह संगम आज के भारत को परिभाषित करता है। उन्होंने कहा कि भारत के जीवंत हथकरघा देश की विविधता के उदाहरण हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि स्वदेशी आंदोलन आज ही के दिन 1905 में शुरू हुआ था। यह एक बड़ा कारण था कि हमारी सरकार ने आज के दिन को राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के रूप में मनाने का फैसला किया। उल्लेखनीय है कि 2015 में पहला राष्ट्रीय हथकरघा दिवस मनाया गया था। प्रधानमंत्री ने इस मौके पर देश-वासियों से आगामी त्योहारों में स्वदेशी उत्पादों की खरीद को बढ़ावा देने की अपील की। उन्होंने कहा, आने वाले दिनों में रक्षाबंधन का पर्व आने वाला हैं, गणेश उत्सव आ रहा है, दशहरा, दीपावली, दुगार्पूजा इन पर्वों पर हमें अपने स्वदेशी के संकल्प को दोहराना ही है। प्रधानमंत्री ने एक बार फिर भ्रष्टाचार, वंशवाद और तुष्टीकरण को देश से बाहर खदेड़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, देश कह रहा है भ्रष्टाचार भारत छोड़ो, वंशवाद भारत छोड़ो, तुष्टीकरण भारत छोड़ो। उन्होंने कहा, 9 अगस्त को महात्मा गांधी के नेतृत्व में भारत छोड़ो आंदोलन शुरू हुआ था। बापू ने अंग्रेजों को साफ-साफ कह दिया था कि भारत छोड़ो और अंग्रेजों को इंडिया छोड़ना ही पड़ा था। जो मंत्र अंग्रेजों को खदेड़ सकता था वह मंत्र हमारे यहां भी ऐसे तत्वों को खदेड़ने का कारण बन सकता है। प्रधानमंत्री ने पूर्ववर्ती सरकारों पर खादी की अनदेखी का आरोप लगाते हुए कहा कि जो वस्त्र उद्योग पिछली शताब्दियों में इतना ताकतवर था, उसे आजादी के बाद फिर से सशक्त करने पर उतना जोर नहीं दिया गया। हालात ये थी कि खादी को मरणासन्न स्थिति में छोड़ दिया गया था। लोग खादी पहनने वालों को हीन भावना से देखने लगे थे। 2014 से हमारी सरकार इस स्थिति और सोच को बदलने में जुटी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के बुनकरों और देश के हथकरघा क्षेत्र के लिए पिछले वर्षों में अभूतपूर्व काम किया गया है। बुनकरों को रियायती दरों पर नए डिजाइन, धागे बनाने के लिए आधुनिक तकनीक प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि स्वदेशी के प्रयोग से भारत नई क्रांति देख रहा है। स्वदेशी को लेकर देश में नई क्रांति आई है। उन्होंने कहा कि सरकार हथकरघा वस्तुओं के विपणन से संबंधित समस्याओं के समाधान पर जोर दे रही है। उन्होंने कहा कि देश में खादी कपड़ों की मांग बढ़ती जा रही है। पिछले नौ सालों में हथकरघा व्यवसाय का कारोबार लगभग 30,000 करोड़ रुपये से बढ़कर 1,30,000 करोड़ रुपये से अधिक हो गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज वोकल फॉर लोकल की भावना के साथ देशवासी स्वदेशी उत्पादों को हाथों-हाथ खरीद रहे हैं, ये एक जनआंदोलन बन गया है। उन्होंने कहा कि आज का भारत सिर्फ 'वोकल फॉर लोकल' तक ही सीमित नहीं है, बल्कि इसे ग्लोबल प्लेटफॉर्म भी प्रदान कर रहा है! उन्होंने कहा कि आज वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट योजना के तहत हर जिले में वहां के खास उत्पादों को प्रमोट किया जा रहा है। देश के रेलवे स्टेशनों पर भी ऐसे उत्पादों की बिक्री के लिए विशेष स्टॉल बनाए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार गुजरात में स्टैच्यू ऑफ यूनिटी की तरह पूरे देश में एकता मॉल स्थापित करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि हम नव-मध्यम वर्ग का उदय देख रहे हैं, जो कपड़ा कंपनियों के लिए बेहतरीन अवसर प्रदान करता है।

## राज्यसभा में दिल्ली सर्विस बिल पेश

अजय त्यागी



**नई दिल्ली।** गृहमंत्री अमित शाह ने सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार (संशोधन) विधेयक-2023 को राज्यसभा में पेश किया। दिल्ली में तबादले और नियुक्ति से संबंधित विधेयक को लोकसभा गुरुवार को ही पारित कर चुकी है। राज्यसभा में पारित होने और राष्ट्रपति के हस्ताक्षर के बाद यह इससे जुड़े अध्यादेश का स्थान लेगा। आम आदमी पार्टी के नेता एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने इस विधेयक के खिलाफ देशभर की यात्रा कर विभिन्न पार्टी के नेताओं से समर्थन मांगा था। उन्होंने कांग्रेस से समर्थन ना देने की स्थिति में विपक्षी दलों के गठबंधन आईएनडीआईए से बाहर होने की धमकी भी दी। इसी के चलते दिल्ली और पंजाब की अपनी स्थानीय इकाई के विरोध के बावजूद कांग्रेस ने लोकसभा में विधेयक का विरोध किया। आज विधेयक को पेश किए जाने का विरोध करते हुए कांग्रेस नेता अभिषेक मनु सिंघवी ने विधेयक का विरोध किया। इसे अलोकतांत्रिक बताया और विधेयक के प्रावधानों का विरोध किया। उन्होंने कहा कि इसमें अधिकारी को जन प्रतिनिधि से ज्यादा ताकत दी गई है।


## मणिपुर कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल ने पार्टी आलाकमान से की मुलाकात



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** मणिपुर के पूर्व मुख्यमंत्री व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ओकराम इबोबी सिंह के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने सोमवार को कांग्रेस आलाकमान से मुलाकात की। सूत्रों का कहना है कि इबोबी के नेतृत्व में आए प्रतिनिधि मंडल ने कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, केसी वेणुगोपाल के साथ बैठक कर राज्य के हालात से उन्हें अवगत कराया है। इस दौरान इबोबी ने राज्य में शांति बहाली के लिए कांग्रेस की ओर से किए जा रहे प्रयासों से भी अवगत कराया है। उल्लेखनीय है कि बीते दिनों मणिपुर में दो महिलाओं को निर्वस्त्र करके घुमाने का मामला सामने आया। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद से विपक्ष लगातार केन्द्र और राज्य सरकार की आलोचना कर रहा है। माना जा रहा है कि वायरल वीडियो चार मई का है। जिन महिलाओं के साथ अमानवीय व्यवहार हुआ है, वह कुकी समुदाय से हैं। यहां मैतेई समुदाय को एसटी श्रेणी में शामिल किए जाने की मांग के विरोध में तीन मई को एक रैली का आयोजन हुआ था। ऑल ट्राइबल स्टूडेंट्स यूनियन मणिपुर ने इस रैली का आयोजन किया था। रैली के दौरान हिंसा भड़क गई थी। अभी तक इस हिंसा में 100 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं।

## संसद पहुंचे राहुल गांधी, कांग्रेस सहित 'इंडिया' घटक दलों के सांसदों ने किया स्वागत

आशीष वर्मा



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी की लोकसभा की सदस्यता बहाल किए जाने के बाद वह सोमवार को संसद भवन पहुंचे। जहां कांग्रेस सहित विपक्षी दलों के संगठन 'इंडिया' के सांसदों ने उनका स्वागत किया। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने संसद पहुंचते ही परिसर में स्थित गांधी प्रतिमा को प्रणाम कर आशीर्वाद लिया। उसके बाद वह कार्यवाही में शामिल होने के लिए लोकसभा पहुंचे। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी की सजा पर सुप्रीम कोर्ट से रोक लगाए जाने के बाद आज उनकी लोकसभा सदस्यता को बहाल कर दिया गया। निचली अदालत के मोदी सरनेम मानहानि मामले में दो साल की सजा मिलने के बाद उनकी जनप्रतिनिधित्व कानून के तहत सदस्यता समाप्त कर दी गई थी। इसके बाद उन्हें सरकारी बंगला भी खाली करना पड़ा था। सुप्रीम कोर्ट ने चार अगस्त को उनकी दो साल की सजा पर रोक लगा दी थी। लोकसभा सचिवालय ने आज सुप्रीम कोर्ट के फैसले के संबंध में उनकी सदस्यता बहाल करने की घोषणा की। राहुल गांधी को मार्च में अपनी सदस्यता खोनी पड़ी थी।

## निशिकांत दुबे के बयान पर कांग्रेस ने की लोकसभा अध्यक्ष से शिकायत



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखकर नियम 353 का हवाला देते हुए भाजपा नेता निशिकांत दुबे के सदन में लगाए गए आरोपों पर आपत्ति जताई है। कांग्रेस की ओर से लिखे पत्र में चौधरी ने इसे बेहद ही शर्मनाक करार दिया है। उन्होंने कहा कि पीठासीन अधिकारी ने मंत्री को पेपर सभा पटल पर रखने को कहा और दूसरी ओर निशिकांत दुबे का माइक भी ऑन रखा गया और वो बिना किसी पहले से दिए नोटिस के कांग्रेस और राहुल गांधी पर बड़े-बड़े आरोप लगाते रहे। अधीर रंजन चौधरी ने अपने पत्र में मांग की है कि नियम 380 के तहत दुबे की कही सभी बातों को कार्यवाही से हटाया जाए और इसकी जांच कि जाए कि कैसे ऐसे आरोपों को उठाकर रिकॉर्ड में लाने की अनुमति दी गई।

## कांग्रेस, चीन, और न्यूज क्लिक राष्ट्रविरोधी गर्भनाल से जुड़े हुए हैं : अनुराग ठाकुर

अजय कुमार




**नई दिल्ली।** केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने सोमवार को कांग्रेस पार्टी पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस, चीन और न्यूज क्लिक राष्ट्रविरोधी गर्भनाल से जुड़े हुए हैं। राहुल गांधी की नफरत की दुकान में चीनी सामान साफ देखा जा सकता है। चीन के प्रति उनका प्रेम देखा जा सकता है। वे भारत विरोधी अभियान के साथ खड़े हैं। सोमवार को भाजपा मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में अनुराग ठाकुर ने आरोप लगाया कि न्यूज क्लिक चाइना के नैरेटिव को बनाने में लगा हुआ है और इसके समर्थन में कांग्रेस पार्टी खड़ी हुई है। न्यूज क्लिक फ्री न्यूज के नाम पर फेक न्यूज बांटने का काम कर रही है। देश में झूठ फैलाने का काम कर रही थी, इसको चीन सहित कई माओवादी संगठन से फंडिंग मिल रही थी। अनुराग ठाकुर ने कांग्रेस से सवाल पूछा कि पार्टी को देश को बताना चाहिए कि न्यूज क्लिक जैसे मीडिया संस्थान से जुड़ने की क्या मंशा थी, क्यों वे टुकड़े- टुकड़े गैंग के साथ खड़ी हुई है।

उन्होंने कहा कि साल 2021 में केन्द्र सरकार ने न्यूज क्लिक को बेनकाब किया कि कैसे विदेशी दुष्प्रचार भारत के खिलाफ है। भारत विरोधी इस अभियान में कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल उनके समर्थन में आए। चीनी कंपनियां मुगल नेविल रॉय सिंघम के माध्यम से न्यूज क्लिक को फंडिंग कर रही थीं लेकिन उनके सेल्समैन भारत के कुछ लोग थे, जो उनके खिलाफ कार्रवाई होने पर उनके समर्थन में आ गए। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री राजीव चन्द्रशेखर ने कहा कि न्यूज क्लिक जैसे मंचों और संयुक्त रूप से संचालित होने वाले अन्य मंचों पर वो ही नैरेटिव दोहराई जाती है, जो कांग्रेस नेता राहुल गांधी विदेशी मंचों पर बोलते हैं, मसलन लोकतंत्र खतरे में है, न्यायपालिका से समझौता किया गया है, ईवीएम से समझौता किया गया है। यह बिल्कुल वही कहानी है, जो ये मंच सामने रखते हैं। यह देश के खिलाफ एक जटिल साजिश है। यह ऑपरेटरों का एक नेटवर्क है, जिसे वित्त पोषित किया जा रहा है, जिसे निहित स्वार्थों द्वारा बढ़ावा दिया जा रहा है, जो भारत के उत्थान के विरोधी हैं।

## उत्तराखंड में बरसात से राहत नहीं, 11 अगस्त तक ऑरेंज और येलो अलर्ट जारी




**देहरादून, (हि.स.)।** उत्तराखंड में बरसात से लगातार नदी-नाले उफान पर हैं। राज्य में आगामी दिनों में भी बारिश से अभी राहत मिलने के आसार नहीं हैं। लगातार हो रही बारिश से 03 बॉर्डर मार्ग सहित कुल 176 अन्य सड़कें अवरुद्ध हैं। मौसम विभाग की ओर से 11 अगस्त तक के लिए राज्य में ऑरेंज और येलो अलर्ट जारी किया गया है। शासन-प्रशासन और आपदा विभाग इस अलर्ट को लेकर मुस्तैद है। सोमवार सुबह देहरादून सहित अन्य स्थानों पर सूर्यदेव कुछ क्षण के निकले, लेकिन फिर बादलों के ओट में फिर छिप गये। राज्य के अधिकतर स्थानों पर आकाश में घनघोर बादल मंडरा रहे हैं। देहरादून सहित अन्य स्थानों पर हल्की बूंदाबांदी हो रही है। बारिश से अभी प्रदेश वासियों को राहत नहीं मिलने वाली है। आगामी दिनों में भी राज्य में बदरा जमकर बरसेंगे। इसी देखते हुए प्रदेश भर के सभी जिलाधिकारियों और संबंधित विभागों को अलर्ट मोड पर रखा गया है। जिले में गंगा नदी (त्रिवेणी घाट) का जल स्तर 339.22 पर और यमुना नदी (डाकपत्थर) 454.15 और टोंस नदी (इच्छादी) 644.10 नदी का जल स्तर खतरे के निशान से अभी नीचे हैं। बांध का पौंड लेवल है। पानी को धीरे-धीरे छोड़ा जा रहा है। जिले के दारागाड़- कथियान मोटरमार्ग किमी. 49, 50 किमी 51 और हरिपुर इच्छाडी इचारी गावं के पास किमी और पाथुवा गांव के पास किमी. 33 मलबा आने से अवरुद्ध है। मीनस अटाल निकट अश्रारखेरा गांव के किमी 4, 8 में बन्द है और कालीस चकराता मोटर मार्ग किमी 10 (झजरे) व किमी 11 भारी वाहनों के लिए यातायात अवरुद्ध है। जिले में कुल 14 अन्य सड़कें बाधित हैं। मौसम विभाग के पूवार्नुमान के अनुसार राज्य भर में मंगलवार के लिए कहीं-कहीं गरज चमक के साथ भारी से भारी से बहुत भारी बारिश के दौर को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। प्रदेश में 09 अगस्त के लिए देहरादून, टिहरी गढ़वाल, पौड़ी गढ़वाल,चंपावत, नैनीताल, उधमसिंह नगर, हरिद्वार सहित सात जिलों में आरेंज अलर्ट और शेष जनपदों में येलो अलर्ट की चेतावनी है। प्रदेश भर के सभी जिलों में 10 और 11 अगस्त के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। इस दौरान गरज चमक के साथ भारी से बहुत भारी बारिश के तीव्र से अति तीव्र दौर की संभावना है। बारिश से संवेदनशील इलाकों में कहीं-कहीं हल्के से मध्यम भूस्खलन और चट्टान गिरने के कारण सड़कों और राजमार्गों में कटाव से अवरोध होने और निचले इलाकों में जल भराव की स्थिति बन सकती है। प्रदेश में लगातार हो रही बारिश से पहाड़ों में सड़कों के अवरुद्ध होने का सिलसिला जारी है। पिथौरागढ़ में 03 बॉर्डर मार्ग और 12 राज्य मार्ग सहित प्रदेश भर में 176 अन्य सड़कें बाधित हैं। संबंधित विभाग की ओर से बंद मार्गों को खोलने का कार्य जारी है।

## सुप्रीम कोर्ट में बिहार के जाति आधारित सर्वे पर 14 अगस्त को सुनवाई



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** सुप्रीम कोर्ट ने बिहार में जाति आधारित सर्वे पर सुनवाई टाल दी है। जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली बेंच ने पटना हाई कोर्ट के आदेश पर फिलहाल रोक लगाने से इनकार कर दिया। मामले की अगली सुनवाई 14 अगस्त को होगी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह हाई कोर्ट के फैसले के खिलाफ दाखिल सभी याचिकाओं को एक साथ सुनेगा। याचिकाकर्ता अखिलेश कुमार समेत दूसरे याचिक-ाकताओं ने पटना हाई कोर्ट के आदेश को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। पटना हाई कोर्ट ने 2 अगस्त को बिहार सरकार की ओर से जाति आधारित सर्वे कराने के फैसले को चुनौती देने वाली याचिक-ाओं को खारिज कर दिया था। पटना हाई कोर्ट का आदेश आने के बाद बिहार सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में कैवियट याचिका दायर की है।

## पुलिसकर्मियों को साप्ताहिक अवकाश की व्यवस्था लागू, कांग्रेस ने बताया चुनावी चाल

**भोपाल, (हि.स.)।** मुख्यमंत्री शि-ावराजसिंह चौहान द्वारा की गई घोषणा पर अमल करते हुए प्रदेश के पुलिसकर्मियों को साप्ताहिक अवकाश देने की व्यवस्था सोमवार से लागू हो गई है। रविवार शाम को राजधानी भोपाल में ड्यूटी खत्म कर घर जाने वाले ट्रैफिक स्टाफ को ड-ीसीपी हेडक्वार्टर सुधीर अग्रवाल और डीसीपी ट्रैफिक शुक्ला ने फूल देकर साप्ताहिक अवकाश के लिए रवाना किया। मध्यप्रदेश के पुलिस-ाकर्मियों को सोमवार से वीकली ऑफ मिलना शुरू हो गया है। इस संबंध में मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने कुछ ही दिनों पहले घोषणा की थी। इस व्यवस्था के अंतर्गत प्रदेश का 14 प्रतिशत पुलिस स्टाफ रोजाना अवकाश पर रहेगा। इससे पहले कांग्रेस सरकार के समय तत्कालीन मुख्यमंत्री कमलनाथ ने ऐसी घोषणा की थी, लेकिन उस पर लगातार अमल नहीं किया जा सका था और बाद में आए कोरोना संकट के चलते यह व्यवस्था चल ही नहीं सकी थी। इधर, प्रदेश सरकार की इस पहल को कांग्रेस ने चुनावी चाल बताया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने ट्वीट कर कहा है कि मैंने मुख्यमंत्री के रूप में जनवरी 2019 में प्रदेश के पुलिसकर्मियों को यह अधिकार दिया था, लेकिन शि-ावराज सरकार बनते ही पुलिसकर्मियों से उनका यह अधिकार छीन लिया गया था। यह बात इसलिए याद दिला रहा हूं कि नीयत को समझना जरूरी है। भाजपा को 18 साल तक साप्ताहिक अवकाश की याद नहीं आई।

## कांग्रेस सांसद ने कहा- राहुल गांधी के नेतृत्व में लोकसभा चुनाव लड़ेगा विपक्ष

**कोलकाता, (हि.स.)।** राहुल गांधी की संसद सदस्यता बहाल होते ही कांग्रेस के राज्यसभा सांसद प्रदीप भट्टाचार्य ने दावा किया है कि विपक्षी गठबंधन राहुल गांधी के नेतृत्व में ही चुनाव लड़ेगा। इस बार उनके नेतृत्व में एक नया राजनीतिक अध्याय शुरू होगा। विपक्षी दलों के गठबंधन इंडिया में नेता कौन होगा, इस बारे में पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि फिलहाल यह नहीं सोचा जा रहा है, बल्कि भाजपा को सत्ता से हटाना मुख्य मकसद है। इस बीच भाजपा भी विपक्ष की इस स्थिति को नीतिगत पंगुता कहकर लगातार निशाना साध रही है। इस महीने के अंत में विपक्षी गठबंधन की तीसरी मेगा बैठक मुंबई में होगी। कांग्रेस के राज्यसभा सांसद ने दावा किया कि राहुल ने भाजपा की जनविरोधी गतिविधियों को बहादुरी से जनता के समक्ष रखा है, इसलिए उनके खिलाफ मानहानि का केस कर उन्हें परेशान किया जा रहा है, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने राहुल के पक्ष में फैसला सुनाया। इस बार उनके नेतृत्व में एक नया राजनीतिक अध्याय शुरू होगा। विपक्ष उन्हें सामने रखकर 2024 का लोकसभा चुनाव लड़ेगा। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा, मैं अक्सर सुनता हूं कि कांग्रेस ने 70 साल में कुछ नहीं किया, तो क्या मोदी गुजरात से बैलगाड़ी पर बैठकर दिल्ली आए थे? जब कांग्रेस सत्ता में आई तो देश में हालात अच्छे नहीं थे। कांग्रेस ने ही इसे ठीक किया था। देश के लोगों ने भारत का निर्माण किया। पश्चिम बंगाल में 100 दिनों की रोजगार गा-रंटी योजना का पैसा बकाया होने को लेकर सांसद ने कहा, राज्य को उस-ाका वाजिब पैसा मिलना ही चाहिए। वह पैसा कहां और कैसे खर्च हो रहा है, इसका भी प्रक्रिया के मुताबिक खुलासा होना चाहिए।

## शिमला को चंडीगढ़ से जोड़ने वाला नेशनल हाइवे छठे दिन भी अवरुद्ध, पर्यटन उद्योग को नुकसान



**शिमला, (हि.स.)।** हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला को चंडीगढ़ से जोड़ने वाला कालका-शिमला नेशनल हाइवे-5 सोमवार को लगातार छठे दिन भी भूस्खलन से बंद रहा। करीब 90 किलोमीटर लंबे इस हाइवे पर यातायात बहाल करने के लिए नेशनल हाइवे अथॉरिटी की ओर से मरम्मत का कार्य युद्वस्तर पर चल रहा है। इस अतिव्यस्त हाइवे के अवरुद्ध होने से पर्यटकों के आगमन में भारी गिरावट आई है। पर्यटन की दृष्टि से कालका-शिमला नेशनल हाइवे का अहम रोल है। दिल्ली, चंडीगढ़ समेत मैदानी राज्यों से शिमला पहुंचने के लिए इसी हाइवे से गुजरकर आना पड़ता है। हालांकि प्रशासन द्वारा वाहनों की आवाजाही वैकल्पिक मार्गों से की जा रही है लेकिन इन मार्गों से वाहन चालकों को लंबा सफर तय करना पड़ रहा है। इस हाइवे के अवरुद्ध होने से पर्यटन कारोबारियों को खासा नुकसान झेलना पड़ रहा है। हर वीकएंड पर पर्यटकों से सराबोर रहने वाली शिमला की वादियां इस बार पर्यटकों से सूनी देखी जा रही हैं। कालका-शिमला रेल मार्ग पर बीते माह से रेलों की आवाजाही ठप है। ऐसे में सैलानी इसी हाइवे से शिमला का रुख कर रहे थे। दरअसल, सोलन जिला के परवाणु के चक्की मोड़ में बीते दो अगस्त को हुए भारी भूस्खलन से ये हाइवे अवरुद्ध हो गया था। इस दौरान हाइवे का करीब 40 मीटर हिस्सा कट गया था। इस बीच प्रदेश के लोकनिर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने सोमवार को बताया कि नेशनल हाइवे की बहाली के प्रयास युद्धस्तर पर जारी है और प्रयोगात्मक रूप से कल यानी मंगलवार तक यातायात शुरू होने की सम्भावना है। उन्होंने कहा कि इस सड़क के अवरुद्ध होने से प्रदेश के पर्यटन को बहुत नुकसान हो रहा है, जो चिंताजनक है। इधर, राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण से मिली जानकारी के मुताबिक राज्य भर में भूस्खलन से सोमवार सुबह तक 186 सड़कें अवरुद्ध रहीं। इसके अलावा 206 बिजली ट्रांसफार्मर और 38 पेयजल परियोजनाएं भी बाधित हैं। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के निदेशक सुरेंद्र पॉल ने बताया कि आगामी चार दिन तक राज्य में मानसून की सक्रियता से बारिश होने के आसार हैं। हालांकि इस दौरान कहीं भी भारी बारिश का कोई अलर्ट जारी नहीं किया गया है।

**कालका से सोलन तक ट्रेनों की आवाजाही 27 अगस्त तक स्थगित** – उत्तर रेलवे ने सोलन से कालका तक ट्रेनों की आवाजाही 27 अगस्त तक स्थगित कर दी है। फिलहाल लोगों को शिमला से सोलन तक ही रेल सुविधा मिलेगी। शिमला रेलवे स्टेशन के अधीक्षक संजय घेरा ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इससे पहले ट्रेनों की आवाजाही छह अगस्त तक बाधित थी लेकिन ट्रैक ठीक नहीं होने से अब 27 अगस्त तक आवाजाही बंद रहेगी।

# उप्र की जनता के प्रति होनी चाहिए हम सबकी प्राथमिकता : योगी आदित्यनाथ



**लखनऊ, (हि.स.)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश की 25 करोड़ जनता के प्रति हम सबकी प्राथमिकता होनी चाहिए। सरकार जनहित के मुद्दे पर चर्चा कराने को तैयार है। हमें एक सार्थक चर्चा का विषय सदन को बनाना चाहिए। हम विपक्ष के सभी सवालों का जवाब देंगे। मुख्यमंत्री विधान सभा के मॉनसून सत्र से पूर्व सोमवार को पत्रकारों से वार्ता करते हुए उक्त बातें कहीं। योगी आदित्यनाथ ने मानसून सत्र में सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि जनता से जुड़ी क्षेत्र की समस्याओं को सदन में रखें। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में विकास कार्य हुए हैं। प्रदेश ने विकास की नई ऊंचाईयों को छुआ है। अब उत्तर प्रदेश को पहचान का संकट नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के अर्थव्यवस्था को दुगना करने में सफलता प्राप्त हुई। बीमारू राज्य की श्रेणी से उत्तर प्रदेश निकलकर देश की अग्रणी अर्थव्यवस्था बनने की ओर तेजी के साथ अग्रसर है। कुछ जगहों पर बाढ़ है, कहीं सूखा है। इस पर हम चर्चा के लिए तैयार हैं।

# 3 परिषदीय विद्यालयों का डीएम ने किया औचक निरीक्षण



**बहराइच, (हि. स.)।** परिषदीय विद्यालयों की शिक्षण कार्य की गुणवत्ता व छात्र-छात्राओं की उपस्थिति का जायजा लेने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी ने विकास खण्ड चित्तौरा अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय नगरौर प्रथम व बेरिया तथा संविलियन विद्यालय उन्नैसा का औचक निरीक्षण किया। विद्यालयों के निरीक्षण के दौरान यूनीफार्म की धनराशि के सम्बन्ध में डीएम ने शिक्षण स्टाफ को निर्देश दिया कि बैंकों से समन्वय कर अभिभावकों को धनराशि दिलायें तथा उन्हें स्कूल ड्रेस के लिए प्रेरित भी करें। विद्यालयों के निरीक्षण के दौरान डीएम ने पाया कि नगरौर प्रथम को छोड़कर शेष दोनों विद्यालयों में फल का वितरण नहीं किया गया है। इस स्थिति पर डीएम ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए जिला पंचायत राज अधिकारी के माध्यम से सम्बन्धित ग्राम प्रधानों का स्पष्टीकरण प्राप्त करने का निर्देश दिया। विद्यालयों के निरीक्षण के दौरान डीएम ने छात्र-छात्राओं से रूबरू होते हुए उन्हें मन लगा कर पढ़ने, गुरूजनों व माता-पिता का आदर करने, स्वच्छता अपनाने की नसीहत दी तथा टाफी का वितरण भी किया। सर्वप्रथम नगरौर प्रथम के निरीक्षण के दौरान डीएम ने उपस्थिति पंजिका से नाम बोलकर कक्षा 03 के बच्चों की उपस्थिति का सत्यापन किया। कक्षा के निरीक्षण के दौरान पाया गया कि सहायक अध्यापिका आकांक्षा त्रिवेदी बच्चों को गणित पढ़ा रहीं थी। डीएम ने क्लास रूम में स्वयं ब्लैक बोर्ड पर पहुंचकर बच्चों से जोड़-घटाव के सवाल पूछे। बच्चों द्वारा संतोषजनक उत्तर देने पर डीएम ने शिक्षिका आकांक्षा त्रिवेदी की सराहना की। शिक्षिका के लिए डीएम द्वारा की गई तारीफ इस मायनों में भी अलग है कि प्रशासनिक सेवा में आने से पूर्व लगभग 10 वर्ष तक डीएम स्वयं शिक्षक रह चुकी हैं।

आधार के सत्यापन के दौरान पाया गया कि यहां पर बच्चों का आधार बनाया जाना शेष है। डीएम ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिया कि आधार बनाने हेतु विद्यालयवार रोस्टर निर्धारित कर अवशेष बच्चों का आधार बनवाया जाय। डीएम ने इसी परिसर में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्र का भी निरीक्षण कर जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। प्राथमिक विद्यालय बेरिया के निरीक्षण के दौरान डीएम ने उपस्थिति पंजिका से कक्षा 05 के बच्चों की उपस्थिति का सत्यापन किया। कक्षा पांच के निरीक्षण के दौरान पाया गया कि शिक्षिका द्वारा वाटिका पुस्तक को पढ़ाया जा रहा है। रीडिंग क्षमता का जायजा लेने हेतु डीएम ने छात्रा रोशनी से पुस्तक को पढ़वाया। बच्ची द्वारा पुस्तक का पैरा पढ़ कर सुना दिया गया। शिक्षण स्टाफ की उपस्थिति का जायजा लेने पर शिक्षा मित्र बेनजीर हैदर आनलाइन छुट्टी स्वीकृत कराए बिना अनुपस्थित पाई गई। हालांकि शिक्षा मित्र द्वारा आफलाइन आवेदन-पत्र दिया गया था। डीएम ने सम्बन्धित का स्पष्टीकरण प्राप्त करने का निर्देश दिया। संविलियन विद्यालय उन्नैसा की व्यवस्था संतोषजनक न पाये जाने पर डीएम ने प्रभारी प्रधानाचार्या पूनम श्रीवास्तव का स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिये। डीएम ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिया कि विभागीय अधिकारी विद्यालयों का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं दुरूस्त कराएं। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एस.के. सिंह व जिला समन्वयक एमडीएम राकेश कुमार मिश्रा मौजूद रहे।

# अमन श्रीवास्तव गिरोह के एजाज अंसारी की जमानत पर सुनवाई, कोर्ट ने मांगी केस डायरी




**रांची, (हि.स.)।** अमन श्रीवास्तव गिरोह के सदस्य और 49 लाख 83 हजार की रंगदारी की लेवी के साथ गिरफ्तार एजाज अंसारी की जमानत याचिका पर एटीएस के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने एटीएस से केस की डायरी मांगी है। एजाज की जमानत पर अगली सुनवाई केस डायरी आने के बाद होगी। एजाज फिलहाल न्यायिक हिरासत में है। उल्लेखनीय है कि 21 जुलाई को एटीएस ने 49 लाख 83 हजार रुपये के साथ अमन श्रीवास्तव गिरोह के दो आरोपितों को गिरफ्तार किया था। पिठोरिया से दोनों की गिरफ्तारी हुई थी। इनके पास से रंगदारी से वसूले गये रुपये बरामद किये गये थे। एटीएस पैसे पकड़े जाने के बाद मामला दर्ज कर जांच कर रही है।

# सिमडेगा में जंगली हाथी ने लड़की को कुचलकर मार डाला, ग्रामीणों में आक्रोश

**सिमडेगा, (हि. स.)।** बांसजोर थाना इलाके के टेंगरा टुकु गांव में जंगली हाथी ने एक लड़की को कुचलकर मार डाला। घटना से ग्रामीणों में काफी आक्रोश है। ग्रामीणों का कहना है कि रविवार देर रात जंगली हाथी बांसजोर थाना इलाके के टेंगरा टुकु गांव पहुंचा। गांव में एडमन जोजो के घर को पूरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया। घर को छतिग्रस्त करने के बाद एडमन जोजो की बेटी कुलवंती जोजो को कुचल कर मौत के घाट उतार दिया। परिवार के अन्य लोगों ने किसी प्रकार भाग कर अपनी जान बचाई। घटना की सूचना मिलने के बाद झारखंड के पूर्व मंत्री एनोस एक्का, झारखंड पार्टी के युवा जिला अध्यक्ष संदेश एक्का ग्रामीणों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। घटनास्थल पर पहुंचकर एनोस एक्का ने उपायुक्त अजय कुमार सिंह से बात की। घटनास्थल पर ग्रामीण वन विभाग को बुलाने पर अड़े हुए हैं। वहीं घटनास्थल पर मौजूद बांसजोर पुलिस को ग्रामीण शव नहीं उठाने दे रहे हैं। पूर्व मंत्री एनोस एक्का का कहना है कि वन विभाग घटनास्थल पर पहुंचे।मृतक के परिवार को 25000 मुआवजा राशि दे। इसके बाद ही शव को उठाने दिया जाएगा। इधर घटना की सूचना मिलने के बाद भी वन विभाग की टीम अभी तक घटनास्थल पर नहीं पहुंची है। इससे ग्रामीणों में आक्रोश ह। ग्रामीणों का कहना है जब तक मुआवजा राशि नहीं मिलती तब तक शव को उठाने नहीं दिया जाएगा।

# उप्र विधानमंडल सत्र : महंगाई के खिलाफ टमाटर की माला पहनकर सपा नेताओं ने किया हंगामा

**– सपा एमएलसी आशुतोष सिन्हा यूपी विधानमंडल सत्र के पहले दिन महंगाई पर विरोध जताने के लिए साइकिल से टमाटर की माला पहनकर पहुंचे सदन**




**लखनऊ, (हि.स.)।** उत्तर प्रदेश विधानमंडल का मानसून सत्र सोमवार को शुरू हो गया है। पहले से ही आसार थे कि सत्ता पक्ष को अलग-अलग मुद्दों पर विपक्ष घेरेगा। विपक्ष की रणनीति के तहत ही समाजवादी पार्टी (सपा) ने महंगाई और मणिपुर की हिंसा को लेकर विधानसभा शुरूआत होने के पहले ही प्रदर्शन किया। टमाटर की माला पहनकर इस दौरान सपा नेता सदन पहुंचे और नारेबाजी शुरू कर दी है। इस दौरान साइकिल से सपा एमएलसी टमाटर की माला पहनकर अनोखे अंदाज में सदन पहुंचे, जहां सुरक्षा कर्मियों ने उन्हें रोक लिया। सोमवार को सत्र के पहले दिन सपा के विधान परिषद सदस्य आशुतोष सिन्हा टमाटर की माला पहनकर साइकिल से विधानसभा पहुंचे। उन्होंने टमाटर के लगातार बढ़ते दामों को लेकर सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि महंगाई लगातार बढ़ती जा रही है। इससे आम लोगों के लिए अपना घर चलाना मुश्किल हो गया है। इस समय खुदरा बाजार में टमाटर के दाम 200 से प्रति किलो से भी ज्यादा हो गए हैं। सपा कार्यकर्ता विधानभवन के सामने चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा के पास प्रदर्शन कर रहे हैं। वहीं सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्या, विधायक अतुल प्रधान समेत सपा विधायकों द्वारा महंगाई और मणिपुर की हिंसा को लेकर जमकर नारेबाजी करते हुए भाजपा सरकार का विरोध करते हुए आक्रोश व्यक्त किया जा रहा है। प्रमुख विपक्षी दल सपा के साथ राष्ट्रीय लोकदल के विधायकगण भी हंगामे और प्रदर्शन में शामिल हैं। सदन में हंगामा होने की आशंका को देखते हुए सुरक्षा के व्यापाक बंदोबस्त किए गए हैं। भारी पुलिस बल के साथ अधिकारीगण मौजूद हैं। किसी भी प्रकार की अराजकता का माहौल न बनने पाए इसको लेकर ड्रोन से निगरानी की जा रही है।

# नमामि गंगे ने बटुकों संग ज्ञानवापी का सच सामने लाने की उठायी मांग



**वाराणसी, (हि.स.)** भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) की टीम के माध्यम से ज्ञानवापी की सच्चाई दुनिया के सामने अति शीघ्र आए इस निमित्त सोमवार को नमामि गंगे ने महर्षि वेद विद्यालय के वेदपाठी बटुकों के साथ संकल्प लेकर प्रार्थना की । ज्ञानवापी में मौजूद शिवलिंग और श्री काशी विश्वनाथ दरबार के चित्र को लेकर आरती उतारी गई । संस्था के काशी क्षेत्र संयोजक राजेश शुक्ला के संयोजन में बटुकों ने द्वादश ज्योतिर्लिंग, श्री काशी विश्वनाथाष्टकम, शिव महिम्न स्तोत्रम का पाठ करके देवाधिदेव महादेव से गुहार लगाई। प्रार्थना के दौरान हर हर महादेव, भारत माता की जय, वंदे मातरम्, गंगा मैया की जय की गूंज रही। वेद पाठी बटुकों ने हाथ जोड़कर भोले शिव शंकर से याचना की । इस दौरान राजेश शुक्ला ने कहा कि आदि विश्वेश्वर का शिवलिंग, ज्ञानवापी-ज्ञान का कुआं, अलंकृत नक्काशीदार स्तंभ, दीवार पर बनी बजरंगबली की मूर्ति, घंटियां, नक्काशीदार खंभे व अन्य हिंदू धर्म के प्रतीक चिह्न एकदम स्पष्ट देखे जा सकते हैं। ज्ञानवापी के भीतर तथा बाहर बैठे नंदी ज्ञानवापी परिसर की असलियत दर्शा रहे हैं। ज्ञानवापी में दीवारों पर देवी-देवताओं के चित्र, हिंदू धर्म के प्रतीक चिह्न स्पष्ट रूप से उपस्थित दिखते हैं। इससे यह पता चलता है ज्ञानवापी के भीतर आज भी मंदिर के बहुत सारे अवशेष मौजूद हैं। इस आयोजन में वेद विद्यालय के बटुक पंडित आकाश गर्ग, आशीष पांडेय, सूरज पांडेय अनंत तिवारी, सौरभ द्विवेदी, हर्ष त्रिपाठी, मोहित पांडेय आदि ने भागीदारी की।

# चेक बांउस मामले में अभिनेत्री अमीषा पटेल के वकील ने नहीं किया पहले गवाह से जिरह



**रांची, (हि. स.)।** न्यायिक दंडाधिकारी डीएन शुक्ला की अदालत में चेक बाउंस मामले में बॉलीवुड अभिनेत्री अमीषा पटेल से जुड़े मामले में सोमवार को सुनवाई हुई। शिकायतकर्ता अजय कुमार सिंह के द्वारा पेश किए गए पहले गवाह का जिरह नहीं हो सका। शिकायतकर्ता के गवाह के जिरह के लिए अमीषा पटेल के अधिवक्ता की ओर से फिर से समय की मांग की गई। इसका शिकायतकर्ता के वकील ने विरोध करते हुए कहा कि गवाह पिछले दो तिथियों से कोर्ट आ रहे हैं। इसलिए इन्हें अब गवाही से मुक्त किया जाए। कोर्ट ने अनुमति देते हुए अगली सुनवाई में गवाह संख्या दो को कोर्ट में प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। इससे पूर्व अमीषा पटेल के वकील ने गवाह द्वारा जिरह के लिए कोर्ट से समय की मांग की गई थी. जिसके बाद अदालत ने अमीषा पटेल पर 500 रुपया का जुमार्ना लगाते हुए सात अगस्त की तिथि जिरह के लिए निर्धारित की थी। उल्लेखनीय है कि फिल्म मेकर अजय कुमार सिंह ने अभिनेत्री अमीषा पटेल पर धोखाधड़ी का मुकदमा 2017 में दर्ज कराया था। देशी मैजिक फिल्म बनाने के नाम पर अजय कुमार सिंह से अमीषा पटेल ने दो करोड़ रुपया ली थी। अजय कुमार सिंह के द्वारा पैसा मांगने पर अमीषा पटेल ने 2 चेक दिया था। वह दोनो चेक बाउंस हो गया था। इसे लेकर अजय कुमार सिंह ने पटेल के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया था। पिछले दिनों मामले में अमीषा पटेल कोर्ट में हाजिरी लगा चुकी है।

# उप्र विधानसभा अध्यक्ष ने मणिपुर की घटना पर सदन में विपक्ष की चर्चा को खारिज किया



**लखनऊ, (हि.स.)।** विधानसभा सदन में मणिपुर को लेकर चर्चा नहीं की जाएगी। यह सदन दूसरे प्रदेशों की चर्चा करने के लिए नहीं है। उत्तर प्रदेश का सदन प्रदेश और जनता के विकास को लेकर बुलाया गया। इसलिए किसी भी अन्य प्रदेश की चर्चा नहीं होगी। यह बातें सोमवार को उत्तर प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र की शुरूआत करते हुए विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने सदन में विपक्ष दलों के मणिपुर की घटना पर चर्चा कराए जाने का जवाब देते हुए कही। उन्होंने कहा कि उप्र विधानसभा के न नियम में यह है, न नियमावली में और न ही परम्परा में है। इसलिए प्रदेश के विकास के लिए बुलाए गए सदन में उप्र की चर्चा ही की जाएगी। इस दौरान विपक्षी दलों के नेताओं द्वारा हंगामा किया जाता रहा। हंगामा कर रहे सपा, कांग्रेस, रालोद सहित अन्य नेतागणों को समझाते हुए विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने नजीर देते हुए कहा कि क्या कर्नाटक, पश्चिम बंगाल और राजस्थान पर क्यों नहीं चर्चा होनी चाहिए। अगर मणिपुर पर इस सदन में चर्चा होगी तो वह दूसरे राज्यों पर भी चर्चा होनी चाहिए, जो नियम विरूद्ध है। दूसरे राज्यों की चिंता छोड़कर उप्र के विकास के लिए चर्चा करें। इसके लिए सत्ता दल जवाब देने के लिए तैयार है। चर्चा से विपक्ष मणिपुर या अन्य राज्यों की चर्चा को मुद्दा आगे लगाकर जनहित के लिए बुलाए सदन के समय को बर्बाद न करें।

# वंदे भारत ट्रेन पर चौथी बार पथराव, आरपीएफ जांच में जुटी



**लखनऊ, (हि.स.)।** गोरखपुर से लखनऊ जा रही वंदे भारत ट्रेन पर चौथी बार पथराव हुआ है। इस मामले में रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच में जुटी है। आरपीएफ इंस्पेक्टर एसके सिंह ने बताया कि ट्रेन में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज के आधार पर एक टीम गठित की गई है, जो पथराव करने वाले की तलाश कर रही है। टीम को गोरखपुर भेजा गया है। उन्होंने बताया कि यह घटना रविवार सुबह करीब 10 बजे सफेदाबाद रेलवे स्टेशन की है। स्टेशन से गुजर रही वंदे भारत ट्रेन पर पत्थर फेंका गया है। लखनऊ पहुंचने के बाद आरपीएफ एस्कॉर्ट टीम ने कंट्रोल रूम को इसकी जानकारी दी। बताया कि कोच संख्या सी-2 की सीट संख्या तीन व चार के पास की खिड़की का शीशा टूटा हुआ है। सुरक्षा एवं परिचालन से जुड़े अधिकारियों को सूचित किया है। इस मामले में आरपीएफ ने अज्ञात लोगों के खिलाफ राष्ट्रीय संपत्ति को नुकसान पहुंचाने की धारा के तहत मामला दर्ज किया है। उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के डीआरएम डॉ. मनीष थपलियाल ने बताया कि इस घटना की गहन तरीके से जांच की जा रही है, जो भी दोषी होगा नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी। गौरतलब है कि अराजकतत्व लगातार वंदे भारत ट्रेन को निशाना बना रहे हैं। लखनऊ से गोरखपुर जाने वाली ट्रेन पर चौथी बार शरारती तत्वों ने पथराव किया है।

# आदिवासी कला-संस्कृति को आगे बढ़ाने में आदिवासी महोत्सव मील का पत्थर साबित होगा : मुख्यमंत्री



**रांची, (हि.स.)।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से सोमवार को केंद्रीय सरना समिति के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया। प्रतिनिधिमंडल ने राज्य सरकार द्वारा वृहत पैमाने पर पूरी भव्यता के साथ झारखंड आदिवासी महोत्सव-2023 का आयोजन करने के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड आदिवासी महोत्सव-2023 को एक अलग पहचान मिलेगी। इस बार इस महोत्सव का देश भर में प्रचार-प्रसार किया जा रहा है और खुशी की बात है कि देश-दुनिया से इस महोत्सव में शामिल होने के लिए लोग आ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आदिवासी परंपरा, कला-संस्कृति, रहन-सहन, आदिवासी उत्पाद और गीत-संगीत-नृत्य को संरक्षित और आगे बढ़ाने की दिशा में सरकार लगातार प्रयास कर रही है। इस कड़ी में झारखंड आदिवासी महोत्सव का आयोजन मील का पत्थर साबित होगा।

# जनता के दरबार में मुख्यमंत्री" कार्यक्रम में शामिल हुए प्रदेश भर के 72 फरियादी



**पटना, (हि.स.)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के जनता दरबार में सोमवार को राज्य के विभिन्न जिलों से पहुंचे 72 लोगों की समस्याओं को सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को समाधान के लिए समुचित कार्रवाई के निर्देश दिए। "जनता के दरबार में मुख्यमंत्री कार्यक्रम में सुपौल जिले से आए एक फरियादी ने मुख्यमंत्री से गुहार लगाते हुए कहा कि मेरी जमीन को फर्जी कागज के आधार पर दूसरे व्यक्ति ने बेच दी है। वहीं सुपौल जिले से ही आयी एक अन्य महिला ने मुख्यमंत्री से गुहार लगाते हुए कहा कि मेरी निजी जमीन को कब्जा कर लिया गया है और दबंगों द्वारा मारपीट की जा रही है। मुख्यमंत्री ने राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग को उचित कार्वाई करने का निर्देश दिया। भागलपुर जिले से आए एक युवक ने मुख्यमंत्री से आग्रह करते हुए कहा कि जमाबंदी से मेरा नाम हटाकर किसी और का चढ़ा दिया गया है। इसकी शिकायत संबंधित विभाग को करने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। वहीं भागलपुर जिले से ही आए एक अन्य बुजुर्ग ने मुख्यमंत्री से गुहार लगाते हुए कहा कि 22 डिसीमल जमीन का मेरे पक्ष में फैसला आने के बाद भी भूमि पर कब्जा नहीं दिलाया जा रहा है। इस संदर्भ में हमने संबंधित अधिकारियों से गुहार लगायी लेकिन किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। मुख्यमंत्री ने संबंधित विभाग को उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

मधेपुरा जिले से आये एक व्यक्ति ने मुख्यमंत्री से आग्रह करते हुए कहा कि अंचलाधिकारी द्वारा अनियमितता किए जाने से मेरी निजी जमीन का कब्जा मुझे नहीं मिल पा रहा है। मुख्यमंत्री ने राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग को जांचकर कार्वाई करने का निर्देश दिया। सीतामढ़ी जिले से आयी एक महिला ने मुख्यमंत्री से गुहार लगाते हुए कहा कि मेरी निजी जमीन पर दबंगों द्वारा जबरन मकान का निर्माण किया जा रहा है। वहीं सीतामढ़ी जिले से ही आए एक अन्य युवक ने मुख्यमंत्री से गुहार लगाते हुए कहा कि कब्रिस्तान की घेराबंदी नहीं की जा रही है। शिकायत किए जाने के बाद भी संबंधित विभाग कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। मुख्यमंत्री ने संबंधित विभाग को उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। बेगूसराय जिले से आयी एक वृद्ध महिला ने मुख्यमंत्री से गुहार लगाते हुए कहा कि मेरी निजी जमीन को दबंगों द्वारा कब्जा कर लिया गया है और जान से मारने की भी धमकी दी जा रही है। मुख्यमंत्री ने संबंधित विभाग को उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। जहानाबाद जिले से आये एक युवक ने मुख्यमंत्री से गुहार लगाते हुए कहा कि मेरी निजी भूमि का अधिग्रहण किए जाने के बाद भी मुझे मुआवजे की राशि अब तक नहीं मिल पायी है। मुख्यमंत्री ने संबंधित विभाग से उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। कैमूर जिले से आए एक युवक ने मुख्यमंत्री से आग्रह करते हुए कहा कि दलितों की भूमि को दबंगों द्वारा कब्जा कर उस पर तालाब, पोखर का निर्माण कराया जा रहा है। इस संबंध में शिकायत किए जाने के बाद भी किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। मुख्यमंत्री ने संबंधित विभाग से जांचकर उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। सीवान जिले से आए एक जेपी सेनानी ने मुख्यमंत्री से गुहार लगाते हुए कहा कि मैं 9 माह तक सीवान, छपरा और बक्सर जेल में जेपी आंदोलन के दौरान बंद था लेकिन अब तक जेपी सेनानी पेंशन नहीं मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने संबंधित विभाग को उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

# पटना समेत 9 जिलों में आगामी नौ अगस्त तक भारी बारिश का अलर्ट



**पटना, (हि.स.)।** राजधानी पटना समेत पूरे राज्य में आगामी 9 अगस्त तक मौसम विभाग ने भारी बारिश और आकाशीय बिजली का अलर्ट जारी किया है। पटना समेत नालंदा, भोजपुर, समस्तीपुर, दरभंगा, मधुबनी,बगहा, जहानाबाद, सासाराम, औरंगाबाद में सोमवार सुबह से ही बारिश हो रही है। मौसम विज्ञान केंद्र पटना के अनुसार एक चक्रवातीय परिसंचरण का क्षेत्र दक्षिण बिहार और इसके आसपास बना हुआ है। वहीं मानसून की ट्रफ रेखा अमृतसर, यमुना नगर, बरेली, गोरखपुर, पटना, मालदाह से होकर मणिपुर तक प्रभावी है। इसके प्रभाव से अगले 24 घंटों के दौरान पटना समेत प्रदेश के कई जिलों झमाझम बारिश के आसार हैं। बिहार में अभी तक 300.2 एमएम ही बारिश हुई है। अब तक 552.6 एमएम बारिश हो जानी चाहिए थी। ऐसे में बिहार में इस बार 252.4 एमएम और 46 प्रतिशत कम बारिश दर्ज की गई है। रविवार से पटना में बारिश का दौर जारी है। सोमवार को भी पटना में सुबह-सुबह बारिश हुई। मौसम विभाग की माने तो आज दिनभर पटना में बारिश होती रहेगी। 20 से 30 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलेंगी। इस दौरान अधिकतम तापमान में भी 2 से 4 डिग्री तक की गिरावट दर्ज की जाएगी।

## संपादकीय

# राहुल गांधी की सांसदी

**सर्वोच्च** अदालत ने 'मोदी मानहानि मामले' में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की सजा पर रोक लगा दी है। शीर्ष अदालत ने निचली अदालत और उच्च न्यायालय के फैसलों को खारिज करते हुए सवाल किया है कि मानहानि के संदर्भ में 2 साल की अधिकतम सजा सुनाने के कारण और आधार क्या हैं? यदि एक दिन कम की भी सजा सुनाई गई होती, तो राहुल गांधी की सांसदी रद्द नहीं की जाती। यह मात्र एक सांसद की सदस्यता का सवाल नहीं है, बल्कि एक क्षेत्र का प्रतिनिधित्व छीनने का मामला है। संसदीय क्षेत्र के जिन लाखों लोगों ने वोट देकर उन्हें सांसद चुना था, उनके मताधिकार के अपमान का सवाल है, लिहाजा संवैधानिक सरोकार भी है। सर्वोच्च अदालत ने एक जन-प्रतिनिधि के नाते राहुल गांधी को भी नसीहत दी है कि वह सार्वजनिक मंच से सोच-समझ कर बयान दें, क्योंकि सांसद के बयान, कथन का असर व्यापक होता है। उससे जन-व्यवस्था असंतुलित हो सकती है और किसी व्यक्ति, जाति, समुदाय, संगठन का अपमान भी होता है। किसी के मौलिक और संवैधानिक अधिकारों का हनन भी होता है। बहरहाल सर्वोच्च अदालत के फैसले को कांग्रेस नेताओं ने सत्य, न्याय, संविधान और लोकतंत्र की जीत करार दिया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा से लेकर पार्टी प्रवक्ताओं तक ने ऐसी ही टिप्पणियां की हैं। अब राहुल समेत संपूर्ण कांग्रेस को आश्वस्त हो जाना चाहिए कि देश में संविधान, लोकतंत्र और न्यायपालिका अब भी जिंदा हैं और प्रभावशाली भी हैं। बहरहाल राहुल गांधी कुछ अतिरिक्त संयत लगे, जबकि कुछ प्रवक्ता तो 'तानाशाहों' तक पहुंच गए। बेशक कांग्रेस के लिए ये गदगद होने और जश्न मनाने के पल हैं। राहुल की सांसदी ही समाप्त नहीं की गई थी, बल्कि वह 8 सालों के लिए चुनाव के 'अयोग्य' हो जाते। अब वह नए उत्साह, नए जोश के साथ विपक्षी गठबंधन को आगे दौड़ाने में जुटेंगे और 2024 का चुनाव लड़ अपने नेतृत्व का दावा भी जिंदा रखेंगे। अभी से उन्हें 'इंडिया' का कप्तान मान लेना और प्रधानमंत्री पद की 'स्वाभाविक पसंद' मानना 'अपरिपक्व राजनीति' है। आपको याद दिला दें कि 13 अप्रैल, 2019 को राहुल गांधी ने कर्नाटक की एक चुनावी जनसभा में सवाल उठाया था-'मोदी सरनेम वाले सभी चोर क्यों होते हैं?' दरअसल उनके निशाने पर प्रधानमंत्री मोदी थे, जिनके खिलाफ कांग्रेस ने दुष्प्रचार अभियान छेड़ा हुआ था-'चौकीदार चोर है।' बहरहाल आपराधिक मानहानि का वह केस आज भी अदालत में है। शीर्ष अदालत ने सिर्फ सजा पर रोक लगाई है। राहुल गांधी के खिलाफ 13 अन्य आपराधिक मामले भी अदालत के विचाराधीन हैं। एक कथित घोटाले में वह जमानत पर हैं। सर्वोच्च अदालत ने संवैधानिक सरोकारों के मद्देनजर अधिकतम सजा पर रोक लगाई है। जाहिर है कि अब उनकी सांसदी बहाल होगी। उस संदर्भ में लोकसभा में कांग्रेस संसदीय दल के नेता अधीर रंजन चौधरी ने अदालती आदेश की प्रति और सांसदी बहाल करने की अनुरोध की चि_ी लोकसभा सचिवालय में जमा कर दी है। संभावना है कि सोमवार को स्पीकर ओम बिरला कागजात का अध्ययन कर फैसला ले सकते हैं। कांग्रेस बेहद उत्सुक है कि मंगलवार-बुधवार, 8-9 अगस्त, को अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा में राहुल गांधी जरूर बोल सकें और मोदी सरकार को बेनकाब कर सकें। यह स्पीकर के फैसले पर ही आश्रित है। राहुल के सांसद के तौर पर सक्रिय होने के बाद राजनीति के तेवर और समीकरण भी बदलेंगे। 2024 की लड़ाई को प्रधानमंत्री मोदी बनाम राहुल मानना भी 'अति उत्साह' है, क्योंकि 2019 में राहुल गांधी कांग्रेस अध्यक्ष थे, जब आम चुनाव में पार्टी के 52 सांसद ही जीत पाए थे। बहरहाल राहुल गांधी लोकसभा में होने चाहिए। अब वह अमेठी के पुराने संसदीय क्षेत्र से एक बार फिर चुनाव में उतर सकते हैं। ऐसा कांग्रेस प्रवक्ताओं का 'ऑफ दि रिकॉर्ड' मानना है। यह संदर्भ सामने आया है, तो इस तथ्य पर भी विमर्श करना चाहिए कि सदन में करीब 70 फीसदी सांसदों पर आपराधिक केस हैं। यदि सभी को अधिकतम सजा दी जाने लगे, तो संसद ही खाली हो जाएगी, लिहाजा 2 साल की सजा और सांसदी रद्द होने के कानून पर पुनर्विचार किया जाना चाहिए। अब राहुल गांधी को संसद में सकारात्मक विपक्ष की तरह अपनी भूमिका निभानी चाहिए तथा जनहित के मसलों पर सरकार को घेरना चाहिए।

सर्वोच्च अदालत ने एक जन-प्रतिनिधि के नाते राहुल गांधी को भी नसीहत दी है कि वह सार्वजनिक मंच से सोच-समझ कर बयान दें, क्योंकि सांसद के बयान, कथन का असर व्यापक होता है। उससे जन-व्यवस्था असंतुलित हो सकती है और किसी व्यक्ति, जाति, समुदाय, संगठन का अपमान भी होता है। किसी के मौलिक और संवैधानिक अधिकारों का हनन भी होता है। बहरहाल सर्वोच्च अदालत के फैसले को कांग्रेस नेताओं ने सत्य, न्याय, संविधान और लोकतंत्र की जीत करार दिया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा से लेकर पार्टी प्रवक्ताओं तक ने ऐसी ही टिप्पणियां की हैं। अब राहुल समेत संपूर्ण कांग्रेस को आश्वस्त हो जाना चाहिए कि देश में संविधान, लोकतंत्र और न्यायपालिका अब भी जिंदा हैं और प्रभावशाली भी हैं। बहरहाल राहुल गांधी कुछ अतिरिक्त संयत लगे, जबकि कुछ प्रवक्ता तो 'तानाशाहों' तक पहुंच गए।

## भारत के डिजिटल विकास और कारोबार सुगमता के परिदृश्य से अच्छी तरह परिचित कराना होगा

# कारोबार सुगमता का लाभदेह परिदृश्य

**डा. जयंतीलाल भंडारी**

**हाल** ही में 27 जुलाई को लोकसभा ने जिस जन विश्वास (प्रावधान संशोधन) विधेयक 2023 को मंजूरी दी है, वह उद्योग-कारोबार बढ़ाने में मील का पत्थर साबित हो सकता है। इसमें कारोबार सुगमता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 42 अधिनियमों में 183 प्रावधानों में संशोधन कर छोटी-मोटी गड़बडिय़ों को अपराध की श्रेणी से हटाने का प्रस्ताव किया गया है। ये 42 कानून जिन विभिन्न 19 केंद्रीय मंत्रालयों से संबद्ध हैं, उनमें मंत्रालयों में वित्त, वित्तीय सेवाएं, कृषि, वाणिज्य, पर्यावरण, सडक़ परिवहन और राजमार्ग, डाक, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी शामिल हैं। विभिन्न अधिनियमों में संशोधन के जरिए मुकदमों में वृद्धि से बचने के लिये जहां भी संभव हो कारावास के साथ जुर्माने को हटाकर नियम का उल्लंघन करने पर मौद्रिक दंड लगाए जाने तथा छोटे-मोटे अपराधों को अपराधमुक्त करने के प्रस्ताव के अलावा अपराध की गंभीरता के आधार पर मौद्रिक दंड को तर्कसंगत बनाने, भरोसे पर आधारित राजकाज को बढ़ावा देने के भी प्रस्ताव किए गए हैं। ज्ञातव्य है कि उद्योग-कारोबार को आसान बनाने के लिए विगत 9 वर्षों में करीब 1500 पुराने कानूनों और 40 हजार अनावश्यक अनुपालन को समाप्त कर दिया गया है। आर्थिक क्षेत्र में जीएसटी और दिवालिया कानून जैसे सुधार किए गए हैं। बैंकिंग क्षेत्र में जोरदार सुधार करके मजबूत वृहद आर्थिक बुनियाद की मदद से अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाया गया है। कॉरपोरेट टैक्स को कम किया गया है। कारोबार का खुद संचालन करने के बजाय सरकार ने कारोबार करने के लिए आधार तैयार किया है। गौरतलब है कि 17 जुलाई को विश्व की प्रसिद्ध ब्रोकरेज कंपनी बर्नस्टीन के द्वारा भारत में आर्थिक-वित्तीय सुधार एवं डिजिटलीकरण पर प्रकाशित रिपोर्टों में कहा गया है कि भारत ऐतिहासिक सुधारों, बुनियादी ढांचा विकास, वित्तीय समावेशन और डिजिटलीकरण के बल पर कारोबार सुगमता की डगर पर लंबी छलांग लगाते हुए दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। इन दिनों प्रकाशित हो रही कारोबार की अनुकूलताओं से संबंधित अन्य कई वैश्विक रिपोर्टें भारत में कारोबार सुगमता के परिवेश को रेखांकित करते हुए दिखाई दे रही हैं। संयुक्त राष्ट्र आर्थिक एवं सामाजिक आयोग (यूएनईएससीएपी) की डिजिटल एवं टिकाऊ व्यापार सुविधा संबंधी रिपोर्ट में भारत 140 देशों को पीछे छोड़ते हुए दुनिया में सबसे आगे पहुंच गया है। रिपोर्ट के मुताबिक पारदर्शिता, औपचारिकताएं, संस्थागत व्यवस्था, सहयोग और कागज रहित व्यापार संबंधी मूल्यांकन में भारत ने 100 प्रतिशत की उत्कृष्ट रैंक हासिल की है। दो वर्ष पहले 2021 में प्रकाशित डिजिटल एवं



टिकाऊ व्यापार सुविधा रिपोर्ट में भारत ने 90.32 फीसदी अंक हासिल किए थे तथा वर्ष 2019 में इस रिपोर्ट में भारत को 78.49 फीसदी अंक मिले थे। स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि पिछले चार वर्षों में भारत डिजिटल एवं टिकाऊ व्यापार सुविधाओं में छलांगे लगाकर आगे बढ़ा है। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि कारोबार में बढ़ती अनुकूलताओं के कारण भारत में ख्याति प्राप्त वैश्विक फायनेंस और कॉमर्स कंपनियां अपने कदम तेजी से बढ़ा रही हैं। इतना ही नहीं, भारत से कई विकसित और विकासशील देशों के लिए कई काम बड़े पैमाने पर आउटसोर्सिंग पर हो रहे हैं। अमेरिका, यूरोप और एशियाई देशों की बड़ी-बड़ी कंपनियां नई प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारतीय आईटी प्रतिभाओं के माध्यम से नवाचार को बढ़ावा देने के लिए भारत में अपने ग्लोबल इन हाउस सेंटर (जीआईसी) तेजी से बढ़ाते हुए दिखाई दे रही हैं। भारत में स्थित वैश्विक फाइनेंशियल फर्मों के दफ्तर ग्लोबल सुविधाओं से सुसज्जित हैं। इन वैश्विक फर्मों में बड़े पैमाने पर प्रतिभाशाली भारतीय युवाओं की नियुक्तियां हो रही हैं। भारत के युवाओं ने डिजिटल और उद्यमिता के क्षेत्र में दुनिया भर में दबदबा कायम किया है। 100 से ज्यादा यूनिकार्न बनाए हैं और एक लाख से ज्यादा नए स्टार्टअप हैं। निःसंदेह इस समय कारोबार सुगमता के लिए नई लॉजिस्टिक नीति, महत्वाकांक्षी गति शक्ति योजना और नई विदेश व्यापार नीति (एफडीपी) के द्वारा नए अध्याय लिखे जा रहे हैं। ऊंचे लॉजिस्टिक अंतर को पाटने और भारत को वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में प्रतिस्पर्धी बनाने में नई लॉजिस्टिक नीति के सराहनीय परिणाम दिखाई देने शुरू हुए हैं। विभिन्न 16 विभागों में समन्वय के लिए गति शक्ति योजना और बुनियादी ढांचा कनेक्टिविटी परियोजनाओं के समन्वित कार्यान्वयन के लिए योजना की उच्च प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ा जा रहा है। साथ ही रेलवे, सडक़, बंदरगाह, जलमार्ग, हवाई अड्डे, सार्वजनिक परिवहन और लॉजिस्टिक्स इन्फ्रास्ट्रक्चर के रूप में चिन्हित किए गए सात इंजनों के तहत भारतमाला (राजमार्ग), सागरमाला (तटीय नौवहन), उड़ान (वायु सेवाओं), भारत नेट (दूरसंचार सेवाओं), रेलवे विस्तार और अंतर्देशीय जलमार्ग विस्तार जैसी महत्त्वपूर्ण योजनाओं को समन्वित रूप से आगे बढ़ाया जा रहा है। यह बात महत्वपूर्ण है कि एक अप्रैल 2023 से लागू देश की नई विदेश व्यापार नीति (एफटीपी) विदेश व्यापार को सरल बनाने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। नई विदेश व्यापार नीति के तहत सरकार ने निर्यात के दायरे को बढ़ाने के लिए जिला स्तर पर एक्सपोर्ट हब की स्थापना करने की डगर पर आगे बढ़ी है। इससे जहां निर्यात से जुड़े इंफ्रास्ट्रक्चर की कमी दूर हो सकेगी, सरकार वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट की पहचान का काम पहले ही पूरा कर चुकी है। जिला स्तर पर निर्यात सुविधा विकसित होने से उस जिले के उत्पाद को आसानी से निर्यात किया जा सकेगा। ई-कॉमर्स के माध्यम से होने वाले निर्यात के प्रोत्साहन के लिए अलग से ई-कॉमर्स जोन की स्थापना की ओर तत्परता से आगे बढ़ा जा रहा है। कूरियर सेवा के माध्यम से होने वाला निर्यात की वैल्यू लिमिट को 5 लाख रुपये से बढ़ाकर 10 लाख रुपये प्रति खेप कर दिया गया है। कारोबार सुगमता के ऐसे प्रयासों से भारत का ई-कॉमर्स निर्यात 2030 तक 200 से लेकर 300 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है। निश्चित रूप से डिजिटल एवं टिकाऊ व्यापार के मद्देनजर भारत लाभ की स्थिति में है। लेकिन स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि अभी सीमित संख्या में ही भारत नई डिजिटल की कौशल प्रशिक्षित प्रतिभाएं डिजिटल कारोबार की जरूरतों को पूरा कर पा रही हैं। अब दुनिया की सबसे अधिक युवा आबादी वाले भारत को बड़ी संख्या में युवाओं को डिजिटल कारोबार के दौर की और नई तकनीकी योग्यताओं के साथ एआई, क्लाउड कम्प्यूटिंग, मशीन लर्निंग एवं अन्य नए डिजिटल स्किल्स से सुसज्जित किया जाना होगा। अब भारत के द्वारा यूरोपीय संघ, ब्रिटेन, कनाडा, खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) के छह देशों, दक्षिण अफ्रीका, अमेरिका और इजराइल के साथ एफटीए के लिए प्रगतिपूर्ण वार्ताएं तेजी से पूरी करनी होंगी। रुपए को अंतरराष्ट्रीय मुद्रा के रूप में स्थापित करने के लिए अधिक प्रयास करने होंगे। देश की नई विदेश व्यापार नीति, नई लॉजिस्टिक नीति और गति शक्ति योजना की अभूतपूर्व रणनीतियों से भारत को आर्थिक प्रतिस्पर्धी देश के रूप में तेजी से बढ़ाना होगा। हमें इस वर्ष 2023 में जी-20 की अध्यक्षता के दौरान इस सम्मेलन की विभिन्न बैठकों में लगातार आते जा रहे विशिष्ट विदेशी प्रतिनिधियों को भारत के डिजिटल विकास और कारोबार सुगमता के परिदृश्य से अच्छी तरह परिचित कराना होगा। निश्चित रूप से कारोबार सुगमता के लिए ऐसे और अधिक प्रयासों से देश में उद्योग और कारोबार, निर्यात, निवेश तथा रोजगार के मौके बढ़ेंगे।

ज्ञातव्य है कि उद्योग-कारोबार को आसान बनाने के लिए विगत 9 वर्षों में करीब 1500 पुराने कानूनों और 40 हजार अनावश्यक अनुपालन को समाप्त कर दिया गया है। आर्थिक क्षेत्र में जीएसटी और दिवालिया कानून जैसे सुधार किए गए हैं। बैंकिंग क्षेत्र में जोरदार सुधार करके मजबूत वृहद आर्थिक बुनियाद की मदद से अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाया गया है। कॉरपोरेट टैक्स को कम किया गया है। कारोबार का खुद संचालन करने के बजाय सरकार ने कारोबार करने के लिए आधार तैयार किया है। गौरतलब है कि 17 जुलाई को विश्व की प्रसिद्ध ब्रोकरेज कंपनी बर्नस्टीन के द्वारा भारत में आर्थिक-वित्तीय सुधार एवं डिजिटलीकरण पर प्रकाशित रिपोर्टों में कहा गया है कि भारत ऐतिहासिक सुधारों, बुनियादी ढांचा विकास, वित्तीय समावेशन और डिजिटलीकरण के बल पर कारोबार सुगमता की डगर पर लंबी छलांग लगाते हुए दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है।

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति के कार्यान्वयन के तीन वर्ष

**21वीं** सदी की राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का उद्देश्य हमारे देश में शिक्षा क्षेत्र के लक्ष्यों को पूरा करना है। यह नीति भारत की ज्ञान परंपरा और सांस्कृतिक मूल्यों के आधार पर स्थापित है और साथ ही 21वीं सदी की शिक्षा की आकांक्षाओं व जैविक अवसरों के आधार पर स्थापित है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 प्रत्येक व्यक्ति में रचनात्मक क्षमताओं के विकास पर ध्यान देती है। यह नीति इस सिद्धांत पर आधारित है कि शिक्षा से न केवल व्यक्तित्व क्षमताओं का विकास होना चाहिए, बल्कि उच्चतर स्तर की क्षमता का और समस्या-समाधान संबंधी ज्ञान होना चाहिए, जो नैतिक, सामाजिक और भावनात्मक स्तर पर व्यक्ति का विकास करता है। जुलाई 2020 में पेश की गई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का उद्देश्य शिक्षा परिदृश्य को बदलना और पुनर्जीवित करना है। यह देश की शिक्षा प्रणाली में सुधार को प्रोत्साहित करने के लिए एक मार्गदर्शिका के रूप में कार्य कर रही है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार नए पाठ्यक्रम और पाठ्य पुस्तकों का विकास हुआ है। प्रशिक्षण और व्याख्यानकर्ता प्रशिक्षण योजनाएं भी शुरू की गई हैं। डिजिटल शिक्षा को प्राथमिकता दी गई है। तीन वर्षों के दौरान छात्रों को ऑनलाइन पाठ्यक्रम, वीडियो सामग्री और वर्चुअल शिक्षा का उपयोग करके उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान की जा रही है। शिक्षा अवसरों को विस्तारित करने का प्रयास किया गया है। शिक्षा की उपलब्धता और गुणवत्ता में सुधार के लिए विभिन्न प्रयासों का अनुभव किया जा रहा है। अध्ययन को रुचिकर और प्रभावी बनाने के लिए नए उपाय और उपकरण प्रदान किए जा रहे हैं। इसके बाद से, कई क्षेत्रीय, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय कंपनियों ने शिक्षा क्षेत्र में नई विनियमित साझेदारी बनाई है और शिक्षा संस्थानों को औचित्यपूर्ण संसाधन प्रदान किया है। पाठ्यक्रम और पठन सामग्री को अद्यतित करने के लिए व्यापक प्रयास किए जा रहे हैं। नए पाठ्यक्रम, विषयों के समाहार और अद्यतित पाठ्यक्रम प्रकाशित किए गए हैं। शिक्षा व्यवस्था के बुनियादी सुधारों के प्रमुख क्षेत्रों में से एक समग्र और बहु-विषयक शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए पाठ्यक्रम का पुनर्गठन रहा है। पाठ्यक्रम भार को कम करने, व्यावसायिक शिक्षा शुरू करने और छात्रों के बीच महत्वपूर्ण कौशल को बढ़ावा देने के प्रयास किए गए हैं। भारत की अध्यक्षता में जी-20 अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन सितंबर 2023 में नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। इंटरनेशनल यूनिवर्सिटीज का ध्यान भारत की ओर खींचने को लेकर राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 अहम भूमिका निभा सकती है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 पढऩे-पढ़ाने और उससे जुड़े विषयों में लचीलापन और स्वतंत्रता देती है। इसमें बहुआयामी समग्र शिक्षा, रिसर्च और इनोवेशन से जुड़ी व्यवस्था को बेहतर बनाने जैसे काम शामिल हैं। दुनिया की टॉप यूनिवर्सिटीज को भारत में अपना कैंपस बनाने के लिए आमंत्रित करने की पहल में यूजीसी सहायक और उत्प्रेरक के रूप में काम करेगा। देश में छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित करेगा। दुनिया के सामने आज तीन बड़ी चुनौतियां हैं- बढ़ती असमानता, विफल होती आर्थिक प्रणाली और खराब होता पर्यावरण। जब हम भारत को देखते हैं तो पाते हैं कि 15 से 25 साल के आयु वर्ग के 30 करोड़ युवा हैं जिनकी अपनी आकांक्षाएं हैं। इन युवाओं में खास बात यह है कि वे रचनात्मकता एवं नवाचार को लेकर उत्सुक हैं। वे समस्याओं का समाधान निकालना चाहते हैं। ऐसे में चुनौतियों का समाधान युवाओं की आकांक्षाओं को पूरा करके ही निकाला जा सकता है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 प्रौद्योगिकी के उपयोग, डिजिटल बुनियादी ढांचे और ऑनलाइन शिक्षण प्लेटफार्मों को बढ़ावा देने पर जोर देती है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का एक और महत्वपूर्ण पहलू मूल्यांकन और मूल्यांकन विधियों का परिवर्तन है। यह नीति रटकर सीखने से योग्यता-आधारित आकलन में बदलाव को प्रोत्साहित करती है, जिससे अवधारणाओं और व्यावहारिक कौशल की गहरी समझ को बढ़ावा मिलता है। और इसके माध्यम से समाज में समानता, समावेशी और सामाजिक-आर्थिक रूप से उन्नति हो सकती है। इसके अलावा शिक्षकों के लिए निरंतर सीखने के महत्व पर जोर देते हुए शिक्षक प्रशिक्षण और व्यावसायिक विकास को बढ़ाने के लिए कदम उठाए गए हैं। शिक्षा व्यवस्था में सुधार करने के लिए शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान होता है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 ने पहले ही विभिन्न क्षेत्रों में सकारात्मक प्रभाव देना शुरू कर दिया है। प्रारंभिक बचपन की देखभाल और शिक्षा पर नीति के ध्यान ने गुणवत्ता पूर्व-प्राथमिक शिक्षा तक पहुंच में वृद्धि की है जिससे बच्चों के लिए एक मजबूत नींव सुनिश्चित हुई है। प्राथमिक शिक्षा में शिक्षा के माध्यम के रूप में मातृभाषा पर जोर अच्छी तरह से प्राप्त किया गया है जिससे छात्रों को अवधारणाओं को अधिक प्रभावी ढंग से समझने की अनुमति मिलती है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का उद्देश्य उच्च ड्रॉपआउट दर के मुद्दे को संबोधित करना और शिक्षा तक सार्वभौमिक पहुंच सुनिश्चित करना है। लक्षित हस्तक्षेपों के माध्यम से शिक्षा में लैंगिक अंतर को पाटने के प्रयास किए गए हैं, जिसके परिणामस्वरूप लड़कियों में नामांकन और प्रतिधारण दर में वृद्धि हुई है। इसके अलावा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 ने शिक्षा में अनुसंधान और नवाचार पर जोर दिया है। राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन की स्थापना और अनुसंधान के लिए वित्त पोषण में वृद्धि ने अकादमिक संस्थानों को अभिनव परियोजनाओं और सहयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया है।

शिक्षा की उपलब्धता और गुणवत्ता में सुधार के लिए विभिन्न प्रयासों का अनुभव किया जा रहा है। अध्ययन को रुचिकर और प्रभावी बनाने के लिए नए उपाय और उपकरण प्रदान किए जा रहे हैं। इसके बाद से, कई क्षेत्रीय, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय कंपनियों ने शिक्षा क्षेत्र में नई विनियमित साझेदारी बनाई है और शिक्षा संस्थानों को औचित्यपूर्ण संसाधन प्रदान किया है। पाठ्यक्रम और पठन सामग्री को अद्यतित करने के लिए व्यापक प्रयास किए जा रहे हैं। नए पाठ्यक्रम, विषयों के समाहार और अद्यतित पाठ्यक्रम प्रकाशित किए गए हैं। शिक्षा व्यवस्था के बुनियादी सुधारों के प्रमुख क्षेत्रों में से एक समग्र और बहु-विषयक शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए पाठ्यक्रम का पुनर्गठन रहा है। पाठ्यक्रम भार को कम करने, व्यावसायिक शिक्षा शुरू करने और छात्रों के बीच महत्वपूर्ण कौशल को बढ़ावा देने के प्रयास किए गए हैं। भारत की अध्यक्षता में जी-20 अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन सितंबर 2023 में नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा।

## कुछ अलग

# केंद्र से मुलाकात

**केंद्र** से हिमाचल की मुलाकात का दस्तूर एक बार फिर प्रदेश के जख्मों और प्रदेश के सपनों को दिल्ली सरकार से बांट रहा है। स्वयं मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह ने यह बीड़ा उठाया है और इस बार प्राकृतिक आपदा के वीभत्स चेहरे से निजात पाने के लिए केंद्र से राज्य की संवेदनाओं की गुजारिश यही है कि यह नुकसान राष्ट्रीय तौर पर तस्दीक हो। अभी बारिश के मध्यांतर में ही दुखद सूचनाओं का अंबार हिमाचल की जिंदगी को अंधेरों में दबाए हुए है, तो आसमान से इनसान की जंग का यह मंजर भयभीत करता है। बेशक अपने-अपने कारणों से देश के कई हिस्से भयभीत होते रहते हैं, लेकिन हिमाचल को डराने हमेशा प्रकृति ही आती है। केंद्र के सामने मणिपुर या मेवात की जनता का भय इनसानी है, लेकिन इसके विपरीत हिमाचल का भय इसकी शराफत पर भारी है। हम शराफत से देश के खुशहाल आंकड़े बनाते हैं। शांति से मानवता के संदेश आगे बढ़ाते हैं। घर, पड़ोस और राष्ट्र की प्राथमिकताओं में फर्ज निभाते हैं। यहां देश की अशांति का प्रवेश वर्जित है, लेकिन आसमान बिजलियां गिराता है, तो पर्वत निरीह हो जाता है। इस तरह मुख्यमंत्री की मुलाकातों में केंद्र सरकार की अहमियत में सिर्फ इनसाफ चाहिए। अब तक हुए नुकसान की यूं तो व्याख्या करना मुश्किल है, फिर भी अब तक आठ हजार करोड़ की हानि में आगे बढऩे का संकल्प है। यह संकल्प उन सिसकियों को छुपाने और हाथ फैलाने का नहीं, बल्कि देश की अमानत में पर्वत की अस्मिता को बचाने का है। भूतल परिवहन मंत्री नितिन गडकरी की तरह अगर मोदी सरकार के अन्य मंत्री भी प्रदेश का सर्वेक्षण कर लें, तो मालूम हो जाएगा कि उनके व्यक्तिगत इस्तेमाल में भी आने वाला पानी किस हद तक पहाड़ से हर साल छेड़छाड़ कर जाता है। दिल्ली से हिमाचल की आर्थिक विडंबनाएं मापी नहीं जाती, फिर भी देश के गृह मंत्री, वित्त मंत्री व रक्षा मंत्री से मिल कर सुखविंदर सुक्खू केंद्रीय मदद का भौगोलिक मानचित्र दुरुस्त करवा रहे हैं। मदद की हर इंच पर पर्वत की कोफ्त का अंदाजा लगाया जा सकता है। इस बार बाढ़ से पुनर्वास तक एक बड़े आर्थिक पैकेज की जरूरत है। लोग मणिपुर-मेवात में मरे होंगे, लेकिन वहां की आग में लोगों ने ही बारूद बिछाया था। हिमाचल में बारिश ने खुशियों का अस्तित्व मिटा कर कितने ही निर्दोष लोगों को गायब किया है, यह मार्मिक चिंता का विषय है। उम्मीद है मुख्यमंत्री की देश के प्रधानमंत्री से मुलाकात यह बता पाई होगी कि पहाड़ सिर्फ पानी और बरसात से ही आजिज नहीं, बल्कि यहां निर्माण के मानदंड भी सुरक्षित नहीं हैं। पहाड़ की बाढ़ मैदान की बर्बादी से कहीं भिन्न इसलिए भी है क्योंकि इसकी कोई सूचना और न ही पैमाना है। आर्थिक रूप से संसाधन विहीन राज्य के लिए मौसम के कोड़े अति घातक हैं। कहां तो राज्य को अपने वित्तीय व आर्थिक संसाधन बढ़ाने की चुनौती है और कहां बसे बसाए घर और गांव टूट रहे हैं। राष्ट्रीय स्तर पर प्राकृतिक आपदाओं से निपटने का मैकेनिज्म फिलहाल हिमाचल जैसे राज्यों की अनदेखी कर रहा है, जबकि बादलों का पीछा सिर्फ बरसात के लिए नहीं, उस बर्बादी के लिए भी होना चाहिए जो हर साल दर्द को स्थायी बना रही है। हिमाचल को त्वरित रूप से सामान्य परिस्थिति में आने के लिए केंद्र के हर विभाग के मार्फत न केवल मदद की जरूरत है, बल्कि पहाड़ी मनोबल को बचाने के लिए विशेष आर्थिक पैकेज की घोषणा करनी चाहिए। शांतिप्रिय राज्य का मौसम की वजह से उजडऩा, देश के लिए अच्छा उदाहरण नहीं हो सकता। कम से कम पर्यटन आर्थिकी के लिए ही केंद्र हिमाचल को विशेष राहत व अनुदान दे ताकि ये जख्म भर सकें।

## नागरिक बोध

# धरती से शक्ति चाहिए तो टहलने निकलिए

**बहुत** टेढ़े-मेढ़े, उलझे समीकरण थे केमेस्ट्री के। किसी ने सुझाव दिया, टहल-टहल कर पढ़ो, जल्दी याद हो जाएगा। क्या कमाल की सलाह थी वह! किसे पता था कि टहलने में ऐसा भी जादू होता है, जो मुश्किल से मुश्किल इक्वेशन की गांठें खोल दे। टहलना, बिल्कुल मुफ्त की चीज है। कदम बढ़ाइए, चलते जाइए। कुछ खोना नहीं, बस पाना है। फिर भी इस टहलने को उसका सही श्रेय नहीं मिला कभी। जबकि, इसने 12वीं के समीकरण ही नहीं, कई बड़े-बड़े मसले सुलझा दिए हैं। इवॉल्यूशन का सिद्धांत देने वाले चार्ल्स डार्विन लगभग पांच बरसों तक दुनिया घूमने के बाद लौटे तो खुद को बंद कर लिया लंदन के बाहरी इलाके में मौजूद एक घर में। एक कमरा, कमरे में पड़ी मेज और मेज के सामने रखी कुर्सी। उसी कुर्सी पर बैठकर बहुत कुछ लिखा डार्विन ने। लेकिन, तन्हाई के उन दिनों में भी उनका एक साथी था, टहलना। घर के बाहर, खाली जमीन के टुकड़े पर डी-आकार में बने रास्ते पर चहलकदमी करते डार्विन। वह चलते और उनका दिमाग दौड़ता। जर्मन दार्शनिक फ्रेडरिक नीत्शे ने कहा था, 'जितना संभव हो, उतना कम बैठें। किसी भी ऐसे विचार पर विश्वास ना करें, जो खुली हवा और किसी हरकत के बिना आया हो, जिसमें मांसपेशियों को भी आनंद ना मिला हो।' नीत्शे की नजर में बैठे रहना पाप है पवित्र आत्मा के खिलाफ। इसीलिए डार्विन टहलते रहे, अस्तित्ववाद के जनक सोरेन कीर्केगार्ड एक छोटी-सी नोटबुक लेकर लंदन की गलियों में घूमते रहे, और महान दार्शनिक रूसो को कहना पड़ा कि, 'मैं केवल चलते हुए ही ध्यान लगा सकता हूं। मैं जब रुकता हूं तो मेरा सोचना भी बंद हो जाता है। मेरा दिमाग केवल मेरे पैरों से काम करता है।' टहलने से केवल पैर आगे नहीं बढ़ते, बल्कि पूरा शरीर चलने लगता है। मांसपेशियां खुल जाती हैं, धड़कन बढ़ जाती है, दिमाग दौड़ने लगता है। कई बार महसूस होता है ऐसा कि दिमाग कहीं अटक गया है। कुछ सोचना चाह रहा, लेकिन सोच नहीं पा रहा। विचार आ रहा, लेकिन घर की दीवारों को सामने पाकर कहीं खो जा रहा। उसी खुली जगह चाहिए, ऊपर खुला आसमान चाहिए। बस फिर क्या, निकल पड़िए टहलने। देखेंगे कि दिमाग में बैठा स्पीडब्रेकर हट चुका है और जो विचार रुका पड़ा था, अब बाहर निकल रहा है। टहलना एक कला है। किसी संगीतकार की उंगलियां जब किसी वाद्ययंत्र पर टहलती हैं, तो संगीत निकलता है। जब किसी चित्रकार की कूंची टहलती है कैनवास पर, तो तस्वीर बनती है। जब कलाकार टहलते हैं मंच पर, तो नृत्य निखरता है। टहलने में सृजन है, एक भाव है कुछ करने का। टहलना मतलब बंदिशों को तोड़ना, आजादी चारदीवारी से। इसलिए, धीमे से अपने पांवों को झटका दीजिए, पैर नीचे रखिए, आहिस्ता से एक पांव आगे बढ़ाइए और फिर दूसरा। क्या आपको कोई लय महसूस नहीं हुई? पैरों के बीच एक ताल, जैसे संगीत बज रहा हो। इससे मन-मस्तिष्क के साथ आसपास की चीजें भी एक सुर में आ जाती हैं। आसपास के घर-मकान, पेड़-पौधे, सड़क-पगडंडी, सब जैसे साथ कदमताल करने लगते हैं। नए-नए विचार आने लगते हैं, नई उमंग जाग जाती है। टहलने का अपना आनंद है और अपना जादू। अपना विज्ञान है इसका। धरती की सबसे बड़ी ताकत है गुरुत्वाकर्षण। जीवन का सारा खेल शुरू हुआ इसी गुरुत्व बल से। टहलते हुए पैर नया खेल रचते हैं इस बल से। धरती की शक्ति को महसूस किया जा सकता है चलने-फिरने के जरिये और उससे खुद भी शक्ति ली जा सकती है। टहलना या चलना पहली उपलब्धि है मनुष्य की। किसी बच्चे का पहला कदम हमेशा के लिए बस जाता है उसके परिवार के दिलों में। टहलने से नए आयाम खुलते हैं। नई दिशाएं मिलती हैं। नया जुड़ाव होता है। तो, एक बार शुरू कीजिए, फिर तब तक मत रुकिए, जब तक मन ना भर जाए या वह हासिल ना हो जाए, जिसके लिए टहलना शुरू किया।

## देश दुनीया से

# वैश्विक अर्थव्यवस्था में चीन की सुस्ती भारत के लिए अवसरों का नया दौर

**इन** दिनों प्रकाशित हो रही वैश्विक आर्थिक-वित्तीय संगठनों की रिपोर्टों में दो महत्वपूर्ण बातें उभरकर दिखाई दे रही हैं। एक, वैश्विक अर्थव्यवस्था में चीन की सुस्ती का दौर है। दो, चीन की बढ़ती हुई आर्थिक समस्याओं और आपदाओं के बीच भारत के लिए आर्थिक अवसरों का नया दौर आकार लेते दिखाई दे रहा है। चीन-ताइवान के बीच चरम पर पहुंची तनातनी और चीन द्वारा अपनाई जा रही अमेरिका विरोध की रणनीति के कारण एप्पल और सैमसंग जैसी कई बड़ी कंपनियां चीन से निकल भारत में काम शुरू कर चुकी हैं। विगत तीन अगस्त को दुनिया की दिग्गज ब्रोकरेज फर्म मोर्गन स्टेनली द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट के मुताबिक, भारत की विकास दर चालू वित्त वर्ष में 6.2 फीसदी के साथ चीन से अधिक है। इस दशक के अंत तक जहां भारत की विकास दर 6.5 प्रतिशत पर रहेगी, वहीं चीन 3.9 फीसदी की सुस्त दर से विकास करेगा। मोर्गन स्टेनली ने भारत की इकोनॉमिक आउटलुक रेटिंग बढ़ाकर ओवरवेट, तो चीन की घटाकर इक्वलवेट की है। चीन की आउटलुक रेटिंग गिरना इसका संकेत है कि उसके बाजारों में निवेश के अवसरों में कमी आने की आशंका बनी हुई है। चीन के बाजार में सुस्त उपभोक्ता खर्च, निर्यात में गिरावट, संकटग्रस्त संपत्ति बाजार, बढ़ती बेरोजगारी, भारी स्थानीय सरकारी ऋण, घरेलू मांग में कमी, कमोडिटी की कीमतों से लेकर इक्विटी बाजारों तक गिरावट, कर्मचारियों की छंटनी जैसी आर्थिक मुश्किलों का परिवेश दिखाई दे रहा है। कुछ साल पहले तक कहा जा रहा था कि चीन 2028 तक दुनिया की सबसे बड़ी आर्थिक महाशक्ति बन जाएगा। पर अब अमेरिका की बराबरी करने में चीन को अधिक समय लगेगा। अमेरिका की इकोनॉमिस्ट इंटेलिजेंस यूनिट के मुताबिक, चीन को अमेरिका से आगे निकलने के लिए 2040 के दशक तक इंतजार करना होगा। दूसरी ओर, भारत में ढांचागत विकास की तेजी, बढ़ते विदेशी निवेश, बढ़ते शेयर बाजार, मजबूत राजनीतिक नेतृत्व, मध्यवर्ग की ऊंची क्रय शक्ति, कॉरपोरेट टैक्स में कटौती, प्रोडक्शन लिंक्ड इनसेंटिव (पीएलआई) स्कीम तथा बढ़ते हुए कामकाजी उम्र वाले लोग अर्थव्यवस्था की ताकत बढ़ा रहे हैं। एक वर्ष पहले कहा जा रहा था कि पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भारत 2030 तक तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा, पर अब आईएमएफ और अमेरिकी इन्वेस्टमेंट बैंक मोर्गन स्टेनली जैसे कई वैश्विक संगठनों की रिपोर्ट बता रही है कि भारत 2027 तक जापान और जर्मनी को पीछे छोड़ दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। भारतीय अर्थव्यवस्था के तेजी से आगे बढ़ने में बुनियादी ढांचे के निर्माण के साथ-साथ मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर में आई क्रांति अहम भूमिका निभा रही है। पिछले नौ साल में बुनियादी ढांचे के निर्माण पर 34 लाख करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। उद्योग-कारोबार को आसान बनाने के लिए 1,500 से अधिक पुराने कानूनों के अनावश्यक अनुपालन को खत्म किया गया है। श्रम लागत में तेजी से कमी आई है। वर्ष 2027 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की संभावनाओं को साकार करने के लिए कई बातों पर ध्यान देना होगा। जैसे कि नई लॉजिस्टिक नीति और गति शक्ति योजना के कारगर कार्यान्वयन पर अधिक ध्यान देना होगा। कोशिश करनी होगी कि देश की ज्यादा से ज्यादा महिलाओं को प्रशिक्षित कार्यबल में परिणत किया जाए। बड़ी संख्या में युवाओं को डिजिटल कारोबार के दौर की और नई तकनीकी योग्यताओं के साथ एआई, क्लाउड कम्प्यूटिंग, मशीन लर्निंग एवं अन्य नए डिजिटल कौशल से लैस करना होगा। विभिन्न देशों के साथ एफटीएके लिए वार्ताएं तेजी से पूरी करनी होंगी। रुपये को अंतरराष्ट्रीय मुद्रा के रूप में स्थापित करने के लिए अधिक प्रयास करने होंगे तथा मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर को बढ़ावा देने पर ध्यान देना होगा।

चीन की आउटलुक रेटिंग गिरना इसका संकेत है कि उसके बाजारों में निवेश के अवसरों में कमी आने की आशंका बनी हुई है। चीन के बाजार में सुस्त उपभोक्ता खर्च, निर्यात में गिरावट, संकटग्रस्त संपत्ति बाजार, बढ़ती बेरोजगारी, भारी स्थानीय सरकारी ऋण, घरेलू मांग में कमी, कमोडिटी की कीमतों से लेकर इक्विटी बाजारों तक गिरावट, कर्मचारियों की छंटनी जैसी आर्थिक मुश्किलों का परिवेश दिखाई दे रहा है।



# अफगानिस्तान के बाहर हमले न करें मुजाहिद: सुप्रीम लीडर अखुंदजादा बोले- देश से बाहर जंग जिहाद नहीं; पाक में आतंकी हमले के बाद सख्ती

**काबुल।**

अफगानिस्तान के सुप्रीम लीडर हिबातुल्लाह अखुंदजादा ने तालिबानियों को देश से बाहर हमले न करने की हिदायत दी है। डिफेंस मिनिस्टर मोहम्मद याकूब ने अफगानिस्तान की सिक्योरिटी फोर्सेस को दिए एक भाषण में ये जानकारी दी है। उन्होंने अखुंदजादा का हवाला देते हुए कहा- सुप्रीम लीडर के निर्देश के बिना अगर कोई जिहाद के लिए अफगानिस्तान के बाहर जाता है तो उसे जिहाद नहीं माना जाएगा। अखुंदजादा ने तालिबानियों के लिए ये आदेश पाकिस्तान में आतंकी हमले के बाद दिया है। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में ब्लास्ट होने से 50 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई। इसकी जिम्मेदारी इस्लामिक स्टेट ने ली थी। पाकिस्तान का आरोप है कि उनके यहां हमला करने में आतंकी संगठनों को अफगानिस्तान से मदद मिलती है।

### पाकिस्तान में हमला करने अलकायदा से मदद ले रहा टीटीपी

अफगानिस्तान में 2 साल पहले तालिबान के सत्ता में आने के बाद पाकिस्तान में आतंकी हमलों में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। इस पर पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ का कहना है कि आतंकियों को पड़ोसी मुल्क से मदद मिलती है। वहीं, हाल ही में यूएन की एक रिपोर्ट ने खुलासा किया है कि आतंकी संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान अब अलकायदा में मिलना चाह रहा है। वो एक ऐसा संगठन बनाना चाहता है जिसके तहत साउथ एशिया के सभी मिलिटेंट ग्रुप काम कर सकें। यूएन की कमेटी ने पाकिस्तान की उस शिकायत को भी सही ठहराया है, जिसमें कहा गया था कि अफगानिस्तान में तालिबान के सत्ता में लौटने के बाद तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान और मजबूत हुआ है। यूएन कमेटी के एक सदस्य ने ये भी कहा है कि टीटीपी पाकिस्तान में हमले करने के लिए अलकायदा से ट्रेनिंग भी ले रहा है।

यूएन की रिपोर्ट के मुताबिक अफगानिस्तान के कुनार प्रांत में कई आतंकी संगठनों के ट्रेनिंग कैंपस हैं। इनका इस्तेमाल टीटीपी के लड़ाकों को ट्रेन करने के लिए किया जा रहा है। वहीं, टीटीपी ने कई छोटे-छोटे संगठनों के साथ गठबंधन कर लिया है। यूएन ने बताया है कि टीटीपी पाकिस्तान के इलाकों में फिर से कब्जा करना चाहता है। रिपोर्ट में सामने आया है कि टीटीपी का ज्यादा फोकस पाकिस्तान के अंदरूनी इलाकों की बजाय बॉर्डर वाले इलाकों में हमले करने का रहा है। हालांकि, किसी इलाके पर कब्जा नहीं होने के कारण वो अपने मंसूबों में कामयाब नहीं हो पाया है।

## न्यूज ब्रीफ

### ट्यूनिशिया से इटली जा रहे प्रवासियों की 2 नावें डूबीं: 2 की मौत, 30 लापता; समुद्री तूफान में फंसने से हुआ हादसा



**रोम।** इटली के लैम्पेडुसा आईलैंड के पास प्रवासियों की 2 नावें डूब गईं। इसमें 2 लोगों की मौत हो गई, वहीं 30 लोग लापता है। मरने वालों में एक महिला और उसकी एक साल की बच्ची भी शामिल है। इटली ने बताया कि उन्हें आइवोरी कोस्ट से दोनों के शव मिले हैं। इंटरनेशनल ऑर्गेनाइजेशन माइग्रेशन की रिपोर्ट के मुताबिक हादसा नावों के समुद्री तूफान में फंसने से हुआ। दोनों नावें ट्यूनिशिया के फैक्स पोर्ट से रवाना हुई थीं। वहीं, ट्यूनिशिया ने बताया है कि उन्हें फैक्स बीच से भी 10 प्रवासियों के शव मिले हैं। इटली के कोस्टगार्ड लापता प्रवासियों की खोज कर रहे हैं। वहीं, कोस्टगार्ड ने लैम्पेडुसा में पहाड़ी इलाकों में फंसे 20 प्रवासियों को भी बचाया। इनका रेस्क्यू हेलिकॉप्टर से किया गया। वो यहां 48 घंटों से फंसे हुए थे। समुद्री की तेज हवा से उनकी नाव पहाड़ियों के बीच फंस गई थी। इटली की पेट्रोल बोट्स ने हाल ही के दिनों में 2000 प्रवासियों की जान बचाई है इटली के गृह मंत्रालय के मुताबिक इस साल अब तक वहां 92 हजार प्रवासी पहुंच चुके हैं। ये आंकड़ा पिछले साल के मुकाबले दोगुना है। उत्तरी अफ्रीका से अपने देश छोड़कर यूरोप जाने वाले लोगों की संख्या में इस साल काफी इजाफा हुआ है। लोग अपनी जान जोखिम में डालकर गैरकानूनी तरीकों से नावों के सहारे यात्रा कर रहे हैं। देश के गृह मंत्री ने जुलाई में कहा था कि ट्यूनीशियाई तट रक्षक ने इस साल 1 जनवरी से 20 जुलाई तक अपने तट से डूबे हुए प्रवासियों के 901 शव बरामद किए हैं।

### दुबई में टेक-ऑफ से पहले प्लेन से निकला भालू: इराकी एयरलाइन के उड़ान भरने में देरी से गुस्साए यात्री; पीएम ने दिए जांच के आदेश




**दुबई ।** दुबई से इराक जा रही एक एयरलाइन के टेक-ऑफ करने से ठीक पहले उसके कार्गो से एक भालू निकल गया। इससे एयरपोर्ट पर अफरा-तफरी मच गई। वहीं, प्लेन के उड़ान भरने में एक घंटे की देरी हुई, जिस पर यात्रियों ने कड़ी नाराजगी जाहिर की। हालात ऐसे हो गए थे कि खुद प्लेन के कैप्टन को यात्रियों से माफी मांगनी पड़ी। इराक के प्रधानमंत्री ने पूरे मामले की जांच के आदेश दिए हैं। वहीं, इराक की एयरलाइन ने कहा है कि इस मामले में उनकी कोई गलती नहीं है। उन्होंने भालू को बेहोश करने के लिए दुबई के अधिकारियों का पूरा सहयोग किया था। उन्हें नहीं मालूम इसके बावजूद आखिर कैसे भालू प्लेन के कार्गो से निकल गया। इराक एयरवेज के मुताबिक भालू को दुबई से बगदाद लाया जा रहा था। एयरलाइन का कहना है कि भालू को ट्रांसपोर्ट करने के लिए उन्होंने इंटरनेशनल एयर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के सभी स्टैंडर्ड का पालन किया था। जब भालू प्लेन से निकला तो सभी यात्रियों को वहां से बाहर निकाल लिया गया था। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में कुछ लोग भालू को वापस कार्गो में डालते हुए दिखाई दे रहे हैं। घटना में किसी यात्री को चोट नहीं पहुंची।

### भारतीय मूल के षणमुगरत्नम बन सकते हैं सिंगापुर के राष्ट्रपति, प्रमाण पत्र पाने के लिए किया आवेदन

**सिंगापुर ।** सिंगापुर में भारतीय मूल के पूर्व मंत्री थर्मन षणमुगरत्नम ने आगामी राष्टपति चुनाव लड़ने के लिए आवेदन किया। षणमुगरत्नम ने यह आवेदन अभी राष्टपति चुनाव लड़ने के लिए जरूरी प्रमाण पत्र पाने के लिए किया है। षणमुगरत्नम ने पिछले महीने ही राष्टपति पद के लिए चुनाव प्रचार की शुरुआत की है। षणमुगरत्नम ने अपने प्रचार की शुरुआत इस वादे के साथ की है कि वह देश की संस्कृति में बदलाव करते हुए सिंगापुर को दुनिया में अहम स्थान बनाए रखेंगे। सिंगापुर में राष्टपति पद के चुनाव सितंबर में होने हैं। मौजूदा राष्टपति हलीमा याकूब का छह साल का कार्यकाल 13 सितंबर को समाप्त हो रहा है। षणमुगरत्नम ने इसी साल जून में 22 साल के लंबे राजनीतिक जीवन के बाद सक्रिय राजनीति से संन्यास लिया था। बता दें कि राजनीति में आने से पहले थर्मन एक अर्थशास्त्री और सिविल सेवक रहे। उन्होंने सिंगापुर के शिक्षा मंत्री, वित्त मंत्री और उप प्रधानमंत्री के तौर पर काम किया। षणमुगरत्नम अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष, विश्व आर्थिक मंच और संयुक्त राष्ट्र समेत कई अंतरराष्ट्रीय संगठनों में प्रमुख पदों पर काम कर चुके हैं। बता दें कि षणमुगरत्नम के अलावा तीन और उम्मीदवारों ने राष्टपति पद का चुनाव लड़ने के लिए जरूरी प्रमाण पत्र पाने के लिए आवेदन किया है।

## चीन के पक्ष में ग्लोबल प्रोपेगैंडा

# शिकागो से शंघाई तक फैला नेटवर्क दुनियाभर में गतिविधियां चला रहा

**बीजिंग।**

**एशियाई लोगों के खिलाफ हेट क्राइम के विरोध में लंदन के चाइना टाउन में कई एक्टिविस्ट ग्रुपों की रैली में प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प हो गई थी। विरोध जताने वाले अधिकतर लोग चीनी थे। नवंबर 2021 में झगड़ा उस वक्त हुआ जब प्रदर्शन के आयोजक नो कोल्ड वॉर ग्रुप के लोगों ने हॉन्गकॉन्ग में लोकतंत्र आंदोलन का समर्थन करने वाले एक्टिविस्ट्स पर हमला कर दिया। सतह पर दिखता है कि नो कोल्ड वॉर ग्रुप अमेरिकी और ब्रिटिश एक्टिविस्ट्स का बिखरा हुआ ग्रुप है, लेकिन ऐसा नहीं है। यह चीन का बचाव करने और उसका प्रोपेगैंडा आगे बढ़ाने वाला एक अभियान है। इसके पास भरपूर फंड है। इसमें वामपंथ समर्थक अमेरिकी अरबपति नेविले रॉय सिंघम की मुख्य भूमिका है।**




चीन के प्रोपेगैंडा के लिए दुनिया भर में धन देते हैं अरबपति सिंघम गैर लाभकारी संगठनों और शैल कंपनियों के जाल में एक बात छिप गई है कि सिंघम चीन सरकार की मीडिया मशीन के साथ काम करते हैं। वे दुनियाभर में चल रहे प्रोपेगैंडा के लिए धन देते हैं। इन्वेस्टिगेशन में सामने आया कि सिंघम के साथ मैसाचुसेट्स में एक थिंक टैंक, मैनहटन की संस्था, दक्षिण अफ्रीका में एक राजनीतिक दल, भारत और ब्राजील में न्यूज ऑर्गनाइजेशन सहित कई ग्रुप जुड़े हैं। इनके पास अरबों डॉलर के साधन हैं। सिंघम शिकागो में सॉफ्टवेयर कंसल्टेंसी कंपनी थॉटवर्क्स चलाते हैं। इससे एक भारतीय न्यूज वेबसाइट भी नेटवर्क से जुड़ी है। चार नए गैर लाभकारी संगठनों के बूते सिंघम का अभियान चलता है। इनके एड्रेस इलिनॉय, विस्कांसिन और न्यूयॉर्क में यूपीएस स्टोर मेलबॉक्स के रुप में दर्ज हैं। यूपीएस स्टोर ग्रुपों से करोड़ों डॉलर दुनियाभर में भेजे गए हैं। दक्षिण अफ्रीका के एक राजनीतिक दल, अमेरिका में यूट्यूब चैनलों और घाना, जांबिया में गैर लाभकारी संगठनों को पैसा मिलता है। ब्राजील में ब्राजील डि फेक्टो अखबार चलाने वाले ग्रुप को भी धन मिला है। यह अखबार चीन के राष्ट्रपति शी जिन पिंग की प्रशंसा में लेख छापता है।

### भारत में न्यूजक्लिक को फंड मिलता है

न्यूजक्लिक को फाइनेंस किया है। ये ग्रुप तालमेल से काम करते हैं। उन्होंने एक-दूसरे के कंटेंट सोशल मीडिया पर सैकड़ों बार पोस्ट किए हैं। चाइना टाउन, लंदन में 2021 में प्रदर्शन करने वाले ग्रुप अमेरिकी अरबपति से जुड़े हैं। नो कोल्ड वॉर जैसे ग्रुप अभी हाल के वर्षों में उभरे हैं। अमेरिकन एंटी वॉर ग्रुप कोड पिंक में समय बीतने के साथ बदलाव आया है। कोड पिंक ने पहले मानवाधिकारों को लेकर चीन की आलोचना की थी, लेकिन अब वह मुस्लिम उइगुरों पर अत्याचारों का बचाव करता है। अमेरिका के गैर लाभकारी संगठनों से ग्रुपों को धन मिलता है। इन्हें 2200 करोड़ रुपए से अधिक डोनेशन मिल चुका है। 69 साल के सिंघम शंघाई में बैठते हैं। वहां उनका नेटवर्क यूट्यबू पर एक शो चलाता है। इसके लिए शंघाई का प्रोपेगैंडा विभाग कुछ पैसा देता है। दो अन्य ग्रुप दुनिया में चीन के पक्ष का प्रचार करने के लिए एक चीनी यूनिवर्सिटी के साथ काम कर रहे हैं।

सिंघम का कहना है, वे चीन सरकार के निर्देश पर काम नहीं करते हैं। वैसे उनके ग्रुप और विदेशियों को चीन के बारे में जानकारी देने वाली एक कंपनी का ऑफिस एक ही जगह है। सिंघम के ग्रुप चीन के पक्ष में अभियान छेड़ने के लिए यूट्यूब वीडियो बनाते हैं। वे राजनीति को प्रभावित करना चाहते हैं। ये ग्रुप अमेरिकी कांग्रेस में सहायकों से मिलते हैं, अफ्रीका में राजनेताओं को ट्रेनिंग देते हैं, दक्षिण अफ्रीका के चुनावों में उम्मीदवार खड़े करते हैं और लंदन जैसे विरोध प्रदर्शन आयोजित करते हैं। सिंघम से जुड़ा कोई भी ग्रुप विदेशी एजेंट रजिस्ट्रेशन एक्ट के तहत रजिस्टर्ड नहीं है। दूसरे देशों की ओर से जनमत को प्रभावित करने के अभियान चलाने वाले ग्रुपों का रजिस्ट्रेशन जरूरी है। कानूनी विशेषज्ञ कहते हैं, सिंघम के नेटवर्क का मामला तो अस्वाभाविक है। यूपीएस स्टोर गैरलाभकारी ग्रुप के रूप में दर्ज सिंघम के नेटवर्क ने दक्षिण अफ्रीका में एक स्कूल को लगभग 45 करोड़ रुपए भेजे हैं। वे दुनियाभर में चल रहे प्रोपेगैंडा के लिए धन देते हैं। इन्वेस्टिगेशन में सामने आया कि सिंघम के साथ मैसाचुसेट्स में एक थिंक टैंक, मैनहटन की संस्था, दक्षिण अफ्रीका में एक राजनीतिक दल, भारत और ब्राजील में न्यूज ऑर्गनाइजेशन सहित कई ग्रुप जुड़े हैं। इनके पास अरबों डॉलर के साधन हैं।

# वॉशिंगटन में नहीं होगी निष्पक्ष सुनवाई', चुनाव नतीजे पलटने से जुड़े केस में ट्रंप ने की जज बदलने की मांग



**वाशिंगटन ।**

पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया कि 2020 के चुनाव धोखाधड़ी मामले में उन्हें नहीं लगता कि निष्पक्ष सुनवाई होगी। इसलिए वह अपने ऊपर लगाए गए आपराधिक मुकदमे की निगरानी एक अलग न्यायाधीश से कराने और मामले को वाशिंगटन से बाहर स्थानांतरित करने के लिए याचिका दायर करेंगे।

### यह है मामला

बता दें कि साल 2020 में हुए चुनाव में ट्रंप को हार का सामना करना पड़ा था, लेकिन उन्होंने चुनावी नतीजों को स्वीकार करने से इनकार कर दिया था। इसके बाद 6 जनवरी 2021 को ट्रंप समर्थकों ने राजधानी पर धावा बोल दिया था। डोनाल्ड ट्रंप सत्ता के शांतिपूर्ण हस्तांतरण में असफल माने गए। इसके बाद ट्रंप पर आरोप लगे कि वह हार के बावजूद पद पर बने रहे। इसलिए ट्रंप पर साल 2020 में हुए अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के नतीजों को पलटने की कोशिश करने का आरोप है। इस मामले की जिम्मेदारी न्यायाधीश तान्या छुटकन को पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने सौंपी थी।

### सोशल मीडिया पर किया पोस्ट

ट्रंप ने एक सोशल मीडिया पर पोस्ट किया कि वॉशिंगटन में ऐसा कोई भी रास्ता नहीं है कि उन्हें सुनवाई का निष्पक्ष मौका मिले। इसलिए मामले को किसी और अदालत में स्थानांतरित करने की मांग करेंगे। बता दें, अदालत में कोई औपचारिक अनुरोध दायर नहीं किया गया था। वहीं, कोलंबिया के जिला न्यायालय ने टिप्पणी के अनुरोध का तुरंत जवाब नहीं दिया।

### देश बर्बाद हो रहा

पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप ने आगे कहा कि आरोप कई वर्षों बाद अब लगाए गए हैं, जब चुनाव होने वाले हैं। इससे साफ है कि यह सिर्फ साजिश है। उन्होंने कहा कि मुझे आशा है कि अमेरिका के लोग यह देख रहे हैं। हमारा देश बर्बाद हो रहा है। इसे फिर से महान बनाना होगा। उन्होंने कहा कि हम तुरंत मामले की सुनवाई किसी अन्य न्यायाधीश से करवाने की मांग करेंगे। इसके साथ ही मामले को अन्य कहीं और स्थानांतरित करवाने को लेकर एक याचिका भी दायर करेंगे।

# अमेरिका का दबाव, पाक छोड़ेगा ईरान का गैस पाइपलाइन प्रोजेक्ट: कहा- अमेरिकी पाबंदियों के चलते इसे आगे नहीं बढ़ा सकते; भारत भी रह चुका पार्टनर

**इस्लामाबाद।**



आर्थिक तंगहाली से परेशान पाकिस्तान अब अमेरिका के दबाव में ईरान के साथ गैस पाइप लाइन प्रोजेक्ट को छोड़ने वाला है। इस प्रोजेक्ट के तहत पाकिस्तान को सस्ते दाम पर बिजली हासिल होने वाली थी। पहले भारत भी ईरान और पाकिस्तान के साथ इस गैस पाइप लाइन प्रोजेक्ट का सदस्य था। जो पहले ही इससे बाहर हो चुका है। जबकि 3 अगस्त को पाक दौरे पर ईरान के विदेश मंत्री हुसैन आमिर अब्दुल्लाह ने पाक विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो से मिलकर इस मल्टी बिलियन डॉलर के प्रोजेक्ट को जल्द शुरू करने की मांग की थी। अब पाकिस्तान ने इसे छोड़ने के लिए ईरान को एक नोटिस जारी कर दिया है। इसमें बताया गया है कि पाकिस्तान इस प्रोजेक्ट को तब तक आगे नहीं बढ़ा सकता है जब तक उस पर अमेरिका की पाबंदियां लगी हैं।

### पाक को देना पड़ा सकता है 1 लाख 48 हजार करोड़ का जुर्माना

ईरान का दावा है कि वो अपने हिस्से की गैस पाइप लाइन का काम पहले ही पूरा कर चुका है। इसके लिए उसने 1,150 किलोमीटर पाइप लाइन बिछाई है। 2013 में ये काम पूरा होने की सेरेमनी ईरान ने पाकिस्तान के तत्कालीन राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी की मौजूदगी में सेलिब्रेट की थी। इसमें 62 हजार करोड़ रुपए खर्च हुए हैं। पाकिस्तान ने भी जनवरी 2015 तक अपने हिस्से का काम पूरा करने का वादा किया था। जो पूरा नहीं किया गया। 2014 में पाकिस्तान के तत्कालीन पेट्रोलियम मिनिस्टर शाहिद खाकान अब्बासी ने कहा था कि अंतरराष्ट्रीय पाबंदियों के चलते इस प्रोजेक्ट में परेशानियां आ रही हैं ।

पाकिस्तान के गैस डील सस्पेंड करने से अब पाकिस्तान को 18 अरब डॉलर यानी 1 लाख 48 हजार करोड़ रुपए का भारी-भरकम जुर्माना देना पड़ सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक ईरान की गैस पाइपलाइन के जरिए पाकिस्तान को प्रति दिन 750 मिलियन क्यूबिक फीट की गैस मिलती।


# इमरान को खूंखार अपराधियों वाली सी ग्रेड अटक जेल भेजा: पार्टी बोली- खान की जान खतरे में, उन्हें खाना भी नहीं दिया जा रहा

**इस्लामाबाद।**

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को अटक जेल में ले जाया गया है, जो सी ग्रेड है और जिसमें कम से कम सुविधाएं हैं। पार्टी ने कहा है कि इमरान को जेल में खाना भी नहीं दिया जा रहा है। उनकी जिंदगी खतरे में है। जिस जेल में खान को रखा गया है, इसमें खूंखार कैदी रखे जाते हैं। राजनीतिक कैदियों को ए ग्रेड जेल में रखा जाता है। डॉन की रिपोर्ट के मुताबिक पहली बार किसी पूर्व प्रधानमंत्री को इस जेल में रखा जा रहा है। तोशाखाना मामले में अदालत ने इमरान खान को तीन साल की कैद सुनाने के बाद इस्लामाबाद पुलिस को उनको गिरफ्तार कर अडियाल जेल ले जाने को कहा था, लेकिन पंजाब पुलिस ही उन्हें अटक जेल ले गई। पहले ही लाहौर पुलिस को अलर्ट पर रहने को कहा गया था, जो जमान पार्क के उनके घर से उन्हें ले गई।

### अंग्रेजों ने बनवाई थी अटक जेल

पुलिस इमरान खान का मेडिकल कराने की बजाय सीधे जेल ले गए और वकीलों से मिलने भी नहीं दिया। यह फैसला उनके लिए तगड़ा झटका है, क्योंकि वे अगले साल होने वाला



चुनाव नहीं लड़ पाएंगे। अपनी पार्टी तहरीक ए इंसाफ के प्रमुख भी नहीं रह सकेंगे। पाकिस्तान के सबसे बड़े प्रांत पंजाब में केवल दो जेल ऐसी हैं जहां पर कैदियों के लिए 'ए' क्लास की सुविधाएं मुहैया की गई हैं। इन दोनों जेलों में बहावलपुर जेल और रावलपिंडी की अडियाला जेल शामिल हैं। करीब 67 एकड़ में फैली अटक जेल का निर्माण ब्रिटिश शासकों ने 1905-06 में करवाया था। एक जेल अधिकारी ने बताया कि अटक जेल में इमरान खान के लिए वीवीआईपी सेल बनाया गया है, लेकिन इसमें एसी नहीं है, सिर्फ पंखा है। बिस्तर और अटैच वॉशरूम है।

### इमरान के लिए देश में कोई खास विरोध नहीं

इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद इस बार कोई पूरे पाकिस्तान में कहीं भी कोई खास विरोध दिखाई नहीं दे रहा है। कराची में विरोध करते हुए उनके 19 समर्थकों को हिरासत में लिया गया है। ऐहतियातन पंजाब प्रांत के कई जिलों में धारा 144 लगा दी गई है। इससे पहले मई में इमरान खान को भ्रष्टाचार के मामले में गिरफ्तार किया गया था। उसके बाद पूरे पाकिस्तान में उपद्रव हुआ था और सैन्य प्रतिष्ठानों पर हमले किए गए थे। इमरान खान के समर्थकों ने देश में भारी हिंसा की थी। उनके खिलाफ आतंकवाद, ईशनिंदा और भ्रष्टाचार के 140 से ज्यादा केस हैं।

### इमरान को लंच टेबल से उठा ले गई थी पुलिस

डेली पाकिस्तान की रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि पुलिस जब इमरान को गिरफ्तार करने पहुंची तो वो लंच कर रहे थे। उन्हें लंच बीच में ही छोड़कर पुलिस के साथ जाना पड़ा। पीटीआई का आरोप है कि पुलिस ने खान के वकील को उनसे मिलने की मंजूरी नहीं दी है।

## पाकिस्तान में रेल हादसा, 30 लोगों की मौत

# कराची जा रही हजारा एक्सप्रेस पटरी से उतरी, 80 घायल

**कराची।**

पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के नवाबशाह जिले में एक रेल हादसे में 30 लोगों की मौत हो गई। 80 लोग घायल हैं। इनमें से 31 की हालत गंभीर बताई गई है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक रावलपिंडी से चलने वाली हजारा एक्सप्रेस सहारा स्टेशन के पास पटरी से उतर गई। कुछ बोगियां पलटकर पास के एक तालाब में भी गिर गईं। अब तक 22 लोगों के शव बरामद किए गए हैं। 31 लोग गंभीर रूप से घायल हैं। अफसरों के मुताबिक भारी बारिश की वजह से ट्रैक खराब हो गया था और इसी वजह से यह हादसा हुआ।

### जिम्मेदार मौके पर नहीं पहुंचे

करीब दो बजे हुआ, लेकिन काफी देर तक कोई जिम्मेदार अफसर मौके पर मौजूद नहीं था। पुलिस ने कुछ लोगों के साथ मिलकर घायलों को निकाला और उन्हें करीब के अस्पताल पहुंचाया। जिस जगह हादसा हुआ, वहां से कराची 275 किलोमीटर दूर है। रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान में रेल हादसे नई बात नहीं हैं, लेकिन बारिश में ये ज्यादा होते हैं। इसकी वजह ये है कि ज्यादातर रेलवे ट्रैक्स अंग्रेजों की हुकूमत के दौर के हैं और इन्हें न तो कभी अपग्रेड किया गया और न ही नई लाइन बिछाई गईं। सिंध और पंजाब के कुछ हिस्सों में तो हालात बेहद खराब हैं। पिछले साल भी इसी सेक्शन में एक हादसा हुआ था और उसमें 21 लोग मारे गए थे।

हुए एक्सीडेंट के बाद कराची की तरफ जाने वाली तमाम ट्रेन रोक दी गईं। अफसरों ने बताया कि इस हादसे से दोनों तरफ की लाइनें टूट गई हैं और इन्हें रीस्टोर करने में काफी वक्त लग सकता है।



### रेस्क्यू के लिए आर्मी तलब

लोकल एडमिनिस्ट्रेशन के पास रेस्क्यू के कोई साधन मौजूद नहीं हैं। लिहाजा, लोकल एडमिनिस्ट्रेशन ने पास के कैंटोनमेंट से आर्मी की एक यूनिट को बुलाया है। फिलहाल, आर्मी भी इस हालत में नहीं है कि ब्रिज और तालाब से घायलों या मारे गए लोगों के शव निकाल सके। इसकी वजह यह है कि इस इलाके में काफी कीचड़ है और वहां किसी तरह के इक्युपमेंट्स भी नहीं पहुंचाए जा सकते। पुलिस ने एक क्रेन जरूर बुलाई, लेकिन वो हादसे वाले जगह तक नहीं पहुंच सकी।

### रेलवे मिनिस्टर को हादसे की गंभीरता ही नहीं पता

एक हफ्ते में टेन्योर पूरा करने जा रही पाकिस्तान सरकार के रेलवे मिनिस्टर ख्वाजा साद रफीद को दो घंटे बाद तक इस हादसे की जानकारी ही नहीं थी। मीडिया ने जब उनसे इस बारे में सवाल किया तो उन्होंने कहा- मुझे अभी एक्सीडेंट के बारे में पता लगा है। मैं जानकारी जुटा रहा हूं। फिलहाल, ये नहीं बता सकता कि कितनी बोगियां पटरी से उतरी हैं। वहां की लोकल एडमिनिस्ट्रेशन से संपर्क किया है।

हादसे के बाद बदइंतजामी का आलम ये था कि कोई आला अफसर मौके पर नहीं पहुंच सका। इसकी वजह भारी बारिश बताई गई है। हैरानी की बात ये है कि रेलवे और सिविल एविएशन की जिम्मेदारी एक ही मंत्री के पास है और वो अपने चुनाव क्षेत्र में व्यस्त हैं।

### इस इलाके में तीसरा एक्सीडेंट

2021 के आखिर में सिंध के इसी इलाके में दो रेल हादसे हुए थे। पहले में 21 लोग मारे गए थे, जबकि दूसरे में 50 लोगों को जान गंवानी पड़ी थी।दूसरे हादसे में भिड़ंत मिल्लत एक्सप्रेस और सर सैय्यद एक्सप्रेस के बीच हुई थी। मिल्लत एक्सप्रेस कराची से सरगोधा और सर सैयद एक्सप्रेस रावलपिंडी से कराची जा रही थी।पाकिस्तानी मीडिया के मुताबिक, मिल्लत एक्सप्रेस की बोगियां दूसरे ट्रैक पर जा गिरीं।

# बूथ तक कार्य करने वाले को मिलेगा टिकट : भाजपा प्रदेशाध्यक्ष जोशी



**डूंगरपुर ( हिंस )।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी डूंगरपुर पहुंचे। यहां पहुंचने पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रभु पंडया के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। डॉ. जोशी ने भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं की बैठक ली। बैठक में उन्होंने कहा कि राजस्थान की कांग्रेस सरकार साढ़े चार वर्ष तक भ्रष्टाचार करती रही, अब चुनाव नजदीक आने पर जनता को गुमराह कर रहीं है। कांग्रेस ने जो वादे किए थे वह आज तक पूर्ण नहीं किए जोशी ने कहा कि राजस्थान भ्रष्टाचार, महिलाओं पर अत्याचार, लूट मारी, युवाओं के साथ धोखा, किसानों के साथ अन्याय, संविदा कर्मचारियों के साथ अन्याय, पेपर लीक जैसे कई मामलें में नंबर 1 पर है। जोशी ने कहा कि आज जनजाति वर्ग, किसानों के लिए किसान सम्मान निधि, रेल, सड़कें, बिजली, मेडिकल कॉलेज, हॉस्पिटल एवं एक छोटी सी ढाणी से लेकर बड़े शहरों तक जो विकास किया है वह भाजपा की देन है। जनजाति वर्ग में सरपंच से लेकर सांसद तक चुनाव लड़ने का हक भारतीय जनता पार्टी ने दिया। डॉ. जोशी ने कहा कि जिन कार्यकर्ताओं को चुनाव लड़ना है वह दिल्ली-जयपुर की दौड़ को छोड़कर बूथ पर कार्य करें, आमजनता के कार्यों में सहयोग करे, टिकट आपको अपने बूथ पर कार्य करने पर मिलेगी। हमें आमजन के बीच जाकर केंद्र सरकार की योजनाओं एवं विकास की बात को रखना होगा। घर-घर जाकर राज्य सरकार की नाकामियों एवं केंद्र सरकार की विकासशील योजनाओं के बारे में बताना होगा। हमें नए युवाओं को जोड़ना होगा। बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने भी क्षेत्र से जुड़ी समस्याओं के बारे में अवगत कराया। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष चुन्नीलाल गरासिया, प्रदेश महामंत्री एवं संभाग प्रभारी दामोदर अग्रवाल, प्रदेश मंत्री एवं संभाग सह प्रभारी सांवरलाल देवासी, पूर्व मंत्री सुशील कटारा, जिला संगठन प्रभारी कमलेश पुरोहित, जिलाध्यक्ष प्रभु पंडया, पूर्व जिलाध्यक्ष गजेन्द्रसिंह, हरीश पाटीदार, जिला प्रमुख सूर्या अहारी, सभापति अमृत कलासुआ मंचासीन थे।

## राहुल गांधी की सजा पर रोक लगी है, सजा समाप्त नहीं हुई : शेखावत

**नई दिल्ली/जयपुर ( हिंस )।** केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की संसद सदस्यता बहाल होने के बाद जश्न मनाने वालों पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि सजा पर रोक को निर्दोष मानकर जश्न मनाना लोकतंत्र का अपमान है। सोमवार को संसद भवन में मीडिया से अनौपचारिक बातचीत में शेखावत ने कहा कि राहुल गांधी की सदस्यता बहाल की गई है। यह स्पीकर का परमाधिकार था। उन्होंने तय नियमों के अनुरूप जब सजा मिली थी, तब सदस्यता समाप्त की थी। आज क्योंकि सजा पर रोक लगा दी गई है, सजा समाप्त नहीं हुई है, केवल रोक लगाई है, फिर भी स्पीकर ने विशाल हृदय दिखाते हुए राहुल गांधी की सदस्यता को बहाल कर दिया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मैं इसको इस परिप्रेक्ष्य में देखता हूं कि एक व्यक्ति जिस को सजा मिली हो, उच्च कोर्ट ने सजा को वापस उचित माना हो। उसकी सजा पर कुछ दिन के लिए रोक लग जाए।

## यूएलबी और पंचायती चुनाव के लिए तैयार रहें पार्टी कार्यकर्ता : महबूबा

**जम्मू ( हिंस )।** पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने सोमवार को पार्टी कार्यकर्ताओं से शहरी स्थानीय निकायों (यूएलबी) और पंचायतों के अगले चुनाव के लिए तैयार रहने को कहा है। महबूबा मुफ्ती ने जम्मू में पार्टी मुख्यालय में कार्यकर्ताओं की एक बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि यूएलबी और पंचायत चुनाव नजदीक हैं और मैं चाहती हूं कि मेरे कार्यकर्ता परिणामों पर विचार किए बिना चुनाव की तैयारी करें और लड़ें। उन्होंने कहा कि जीत की स्थिति में आप अपने क्षेत्र के लोगों की बेहतर तरीके से सेवा कर पाएंगे। उन्होंने दावा किया कि भाजपा उनकी पार्टी से डरती है, जो इस तथ्य से स्पष्ट है कि पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं को 5 अगस्त को अनुच्छेद 370 निरस्त होने की चौथी वर्षगांठ पर हिरासत में लिया गया था, जबकि किसी अन्य पार्टी पर इस तरह का कोई प्रतिबंध नहीं लगाया गया था। उन्होंने सवाल करते हुए कहा कि भाजपा ने जम्मू क्षेत्र को क्या दिया। वे कश्मीर आने वाले दो करोड़ पर्यटकों, घाटी के युवाओं के हाथों में पत्थर की जगह लैपटॉप, श्रीनगर में सफल जी-20 की बात कर रहे हैं। उनका मानना है कि जम्मू के लोग उनकी जेब में हैं और वोट हासिल करने के लिए वे उन्हें सांप्रदायिक आधार पर बांट देंगे। महबूबा ने कहा कि मैं लैपटॉप की वास्तविकता नहीं जानती, क्योंकि इसके लिए हमें जम्मू-कश्मीर के भीतर और बाहर की जेलों का दौरा करने की जरूरत है, जहां हजारों युवाओं को रखा जा रहा है। मुझे नहीं पता कि घाटी में आने वाले पर्यटक कौन हैं, लेकिन लोग अपनी आजीविका कमा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जी20 का आयोजन जम्मू में भी होना चाहिए था। उन्होंने कहा कि 5 अगस्त जम्मू-कश्मीर के अधिकांश लोगों और देश के संविधान के लिए एक काला दिन है क्योंकि 2019 में इसी दिन भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार ने अनुच्छेद 370 को निरस्त कर दिया था और तत्कालीन राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित कर दिया था। महबूबा ने कहा कि जब मैं मुख्यमंत्री थी तब मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक जम्मू क्षेत्र से थे लेकिन सरकार गिरने के बाद हमारे पास उपराज्यपाल उनके सलाहकार, मुख्य सचिव और अन्य अधिकारी जम्मू-कश्मीर के बाहर से हैं। महबूबा ने तीन परिवारों नेहरू, अब्दुल्ला और मुफ्ती पर बार-बार हमला करने के लिए भाजपा नेतृत्व की भी आलोचना की और कहा कि उनके पास परिवारवाद के नारे से लोगों को गुमराह करने के अलावा कुछ नहीं है। वे बेरोजगारी और महंगाई जैसे सार्वजनिक मुद्दों पर कभी बात नहीं करेंगे। उनका एकमात्र एजेंडा लोगों को गरीब बनाना और उन्हें सांप्रदायिक आधार पर बांटकर वोट हासिल करना है। गांधी परिवार का इतिहास बलिदान का है और वह लोकतंत्र और सांप्रदायिक सद्भाव में विश्वास करता था। राहुल गांधी कहते हैं कि वह भारत की आत्मा (लोकतंत्र) को जीवित रखने के लिए जेल जाने को तैयार हैं।

## पंजाब में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को दिया जाएगा प्रशिक्षण



**चंडीगढ़ ( हिंस )।** सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास मंत्री डॉ. बलजीत कौर के निर्देश पर सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास विभाग आंगनबाड़ी केंद्रों में शिक्षा और पोषण को बढ़ाने के लिए *पोषण भी पढ़ाई भी* विषय पर निपसड रीजनल सेंटर, मोहाली में ट्रेनिंग देगा। यह राज्य स्तरीय निगरानी और ट्रेनिंग प्रोग्राम आंगनबाड़ी वर्करों और बाल विकास प्रोजेक्ट अफसरों की क्षमता को बढ़ाने के लिए शुरू किया गया है। राज्य में यह प्रोग्राम 7 अगस्त से 12 सितम्बर तक करवाया जाएगा। इस ट्रेनिंग का उद्देश्य छोटे बच्चों को सर्वांगीण विकास के मौके प्रदान करना, आंगनबाड़ी वर्करों को सशक्त करना और बच्चों और किशोर लड़कियों के लिए उचित पोषण को यकीनी बनाना है। सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास विभाग की निदेशक माधवी कटारिया ने बताया कि इस ट्रेनिंग का मुख्य उद्देश्य पोषण ट्रैकर एप्लीकेशन को लागू करना है। उन्होंने बताया कि ट्रेनिंग कोर्स शुरुआती बचपन की शिक्षा, सेहत और ट्रेनिंग अभ्यास, माताओं की देखभाल, विकास की निगरानी और संतुलित खुराक की महत्ता समेत कई विषयों को कवर करता है।

## आदमपुरवासियों से किए वादे पूरे करने के लिए प्रयास जारी : भव्य

**हिसार ( हिंस )।** आदमपुर के विधायक भव्य बिश्नोई ने कहा है कि उपचुनाव के दौरान क्षेत्रवासियों से किए वादों को पूरा करने के लिए वे लगातार प्रयासरत है। क्षेत्र की ढ़ाणियों की बिजली संबंधी समस्या का निपटारा किया जा रहा है। विधायक भव्य बिश्नोई सोमवार को लोक निर्माण विश्राम गृह में बिजली निगम के एमडी अमित खत्री के साथ क्षेत्रवासियों की बिजली संबंधी समस्याएं सुन रहे थे। इस दौरान ढाणियों में बिजली कनेक्शन, नए कनेक्शन, ढाणियों के कनेक्शन को गांवों की 24 घंटे लाइन से जोडने्, कम वोल्टेज, ट्रासफार्मर लगाने, बिजली की खस्ताहाल तारें बदलवाने सहित तमाम समस्याओं को एक-एक करके विधायक एवं अधिकारियों ने सुना तथा एमडी ने अधिकारियों को तुरंत उन्हें दूर करने के निर्देश दिए। हलके के ज्यादातर गांवों से लोग बिजली से संबंधित मांगों को लेकर लोग विश्राम गृह में पहुंचे।

# गांवों के विकास के बिना प्रदेश-देश के विकास की कल्पना नहीं : मनोहर लाल

## मुख्यमंत्री ने सूरजकुंड में आयोजित पंचायती राज परिषद के प्रशिक्षण सम्मेलन में की शिरकत



**फरीदाबाद ( हिंस )।** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि राष्ट्र की आत्मा गांवों में बसती है और हमारी अर्थव्यवस्था अब भी खेतीबाड़ी पर ज्यादा निर्भर है। इसलिए गांवों के चहुंमुखी विकास के बिना प्रदेश और देश के विकास की कल्पना नहीं की जा सकती। मुख्यमंत्री सोमवार को सूरजकुंड में आयोजित क्षेत्रीय पंचायती राज परिषद के दो दिवसीय प्रशिक्षण सम्मेलन के शुभारंभ कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कार्यक्रम को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित किया और मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने संबोधित किया। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि हम यहां एक ऐसे विषय पर विचार करने के लिए एकत्रित हुए हैं, जो देश के लोकतंत्र का मूल आधार है और देश के आखिरी व्यक्ति के हितों से संबंध रखता है। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद की 75 साल की अवधि बीत जाने के बाद भी गांवों का विकास हमारी प्राथमिक आवश्यकता है। हमने पिछले लगभग 9 सालों में हरियाणा में गांवों के विकास के लिए अनेक योजनाएं चलाई और उनको अमलीजामा पहनाने के स्तर पर भी अनेक प्रयोग किए। उन्होंने कहा कि पंचायतें हमारी राष्ट्रीय एकता, अखण्डता, सुशासन और लोकतंत्र का रक्षा कवच हैं। हमारे देश में पंचायतों की न्यायप्रियता के कारण *पंच-परमेश्वर* की धारणा बनी थी। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत, पंचायत समिति और जिला परिषद ये तीनों स्तर हमारे देश की प्रजातंत्र व्यवस्था के मूल आधार हैं। इसी प्रकार नगरपालिका व नगर परिषद जैसे स्थानीय निकाय भी देश के शहरी क्षेत्रों के समग्र विकास में सराहनीय प्रयास कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में पंचायती राज संस्थाएं न केवल मजबूत हुई हैं, बल्कि और अधिक शक्तियां मिलने से सशक्त बनी हैं। इससे शहरों और गांवों के स्तर पर वहां की जरूरतों की पहचान करके और उन आवश्यकताओं की प्राथमिकता तय करके विकास के कामों को चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज हरियाणा में पढ़ी-लिखी पंचायतें कारगर भूमिका में हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण आंचल के गतिशील विकास हेतु पंचायती राज संस्थाओं का सशक्तिकरण किया गया। इसी के चलते सरकार द्वारा पंचायती राज संस्थाओं को बड़ी प्रशासनिक और वित्तीय शक्तियां दी गयी हैं। पंचायती राज संस्थानों को 10 प्रमुख विभागों का काम सौंपा हुआ है और विकास कार्यों के लिए ग्रांट की राशि सीधे ही पंचायतों के खातों में जमा करवाई जाती है। विकास कार्यों में पारदर्शिता लाने के लिए ई-टेंडर प्रक्रिया शुरू की गई है। पांच लाख रुपए तक के कार्य करवाने की शक्ति सीधे ही सरपंच को दी है।

# जींद में नागरिक एकता मंच ने निकाला सद्भावना मार्च




**जींद ( हिंस )।** सोमवार को नेहरू पार्क से नागरिक एकता मंच जींद के आह्वान पर सद्भावना मार्च निकाला गया। मार्च गांधी गली, मेन बाजार व पुरानी अनाज मंडी से होते हुए डॉ. भीमराव अंबेडकर चौक रानी तालाब तक शांति एवं सद्भावना मार्च निकाला गया। जिसमें जिला के प्रबुद्ध नागरिकों, जनसंगठनों, विभिन्न धर्मों, जातियों व विपक्षी पार्टियों, विभिन्न जन संगठनों, प्रगतिशील, बुद्धिजीवियों आदि कार्यकर्ताओं एवं नेताओं ने भाग लिया। मार्च से पहले सभी गणमान्य लोग नेहरू पार्क में इक्कट्ठे हुए और यहां पर बैठक की जिसकी अध्यक्षता जींद के पूर्व कर्मचारी नेता राजबीर बेरवाल ने की व संचालन राजकुमार कटारिया ने किया। शांति मार्च में शामिल लोगों ने हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई आपस में सब भाई-भाई, सद्भावना की सजे रंगोली, मिलकर मनाए ईद और होली, हत्या के आरोपी मोनू मानेसर और बिट्टू बजरंगी को गिरफ्तार करो, जनता का भाईचारा जिंदाबाद आदि नारे लगाए गए और शहर की जनता से आपस मे अमन, चैन व भाईचारा बनाए रखने की अपील की। सद्भावना मार्च में शामिल लोगों को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने बताया कि भाजपा और आरएसएस लंबे समय से अपने सांप्रदायिक ध्रुवीकरण की राजनीति को आगे बढ़ाने के लिए मेवात को एक प्रयोगशाला के रूप में देखती आई है। मेवात के लोगों ने आजादी के आंदोलन में और उससे पहले 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में बड़ी शहादते दी हैं। हिंदू व मुस्लिम यहां प्रेम एवं सौहार्द से रहते आए हैं। आजादी के बंटवारे के समय और 1992 में जब बाबरी मस्जिद ढहाई गई तब भी यहां कोई दंगा नहीं हुआ लेकिन बेहद साजिशाना ढंग से जब से प्रदेश में भाजपा की मनोहर सरकार सत्ता में आई है तब से मेवात को विशेष रूप से टारगेट किया जा रहा है। इसके लिए बजरंग दल, विश्व हिंदू परिषद जैसे सांप्रदायिक संगठनों पर लगातार उकसावेपूर्ण व हमलावर कार्रवाईयों के निरंतर आरोप लगे हैं। जुनैद और नासिर को जिंदा जलाकर मारने के प्रमुख आरोपी मोनू मानेसर ने खुद वीडियो जारी करके अपनी टीम के साथ भाग लेने की घोषणा के साथ बड़ी संख्या में सांप्रदायिक लामबंदी का आह्वान किया था। इस मौके पर सामाजिक संगठनों के अलावा संजीव ढांडा, कपूर सिंह, रमेश चंद्र, रघुवीर भारद्वाज, प्रदीप गिल, डॉ. रजनीश जैन, मनोज श्योकंद, प्रकाश चंद्र, रामफल दहिया, प्रेम सिंह सुधीर शास्त्री सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## अंतिम संस्कार में टूटा पिता का सब्र बेटी की चिता में कूदने की कोशिश

**भीलवाड़ा ( हिंस )।** भीलवाड़ा जिले के कोटड़ी में बच्ची से गैंगरेप के बाद उसे कोयला भट्टी में झोंकने की झकझोर देने वाली घटना पर हंगामा थमता नहीं दिख रहा। दिल दहला देने वाले कांड को लेकर परिजन और ग्रामीण करीब 6 दिनों से धरने पर थे। आखिरकार सरकार और प्रशासन ने किसी तरह से उनको समझाया। यही नहीं घटना के 6 दिन बाद जब परिजनों को बच्ची के अधजले अवशेष अंतिम संस्कार करने को मिले तो पूरा माहौल गमगीन हो गया। जिस समय बच्ची के अंतिम संस्कार की प्रक्रिया चल रही थी तो पिता के सब्र का बांध जैसे टूट गया। वो भी अपनी बेटी की जलती हुई चिता में कूदने कोशिश करने लगा। इसी दौरान तबीयत बिगड़ी और वो बेहोश हो गए। सोमवार को परिजन बच्ची के अधजले अवशेषों का अंतिम संस्कार करने पहुंचे थे। इसी दौरान अपनी बिटिया के जलते अवशेषों को देखकर पिता का धैर्य जैसे जवाब दे गया। वो भी चिता में कूदने की कोशिश करने लगा।

# स्थापना दिवस समारोह का विरोध प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने लाठी चार्ज कर खदेड़ा



**भीलवाड़ा ( हिंस )।** राजस्थान में नवगठित उन्नीस जिलों में से एक शाहपुरा जिले के स्थापना दिवस समारोह के ठीक बाहर जिले की सीमा को लेकर आंदोलन कर रहे प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच मुठभेड़ हुई। इस दौरान पुलिस ने लाठीचार्ज कर प्रदर्शनकारियों को खदेड़ा। एक प्रदर्शनकारी के सिर में चोट आने से वह घायल हो गया। समारोह के बाहर शाहपुरा की जनता पुलिस की लाठी खा रही थी और अंदर भीलवाड़ा जिले के प्रभारी जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री डॉक्टर महेश जोशी स्थापना दिवस समारोह में शिरकत कर रहे थे। नवगठित शाहपुरा जिले के सीमांकन में शाहपुरा से मात्र 38 किलोमीटर दूर हुरजा तहसील और गुलाबपुरा कस्बे को शाहपुरा में शामिल नहीं करने को लेकर पिछले तीन दिनों से शाहपुरा के बाजार पूरी तरह से बंद है। नागरिक जिले की खुशियां मनाने की अपेक्षा आंदोलन कर रहे हैं। रविवार को इन्होंने दो राजनेताओं का पुतला फूंका। आंदोलनकारियो ने घोषणा कर रखी है कि जब तक शाहपुरा जिले का फिर से सीमांकन कर इसमें हुरजा तहसील और गुलाबपुरा कस्बा शामिल नहीं किया जाएगा यह अनिश्चितकालीन बंद रखेंगे। सोमवार को इसी विरोध के चलते इन प्रदर्शनकारियों ने राजकीय प्रताप सिंह बाहरठ पीजी कॉलेज में आयोजित हो रहे शाहपुरा जिला स्थापना दिवस समारोह के बाहर जमकर प्रदर्शन किया। समारोह में घुसने के प्रयास में पुलिस से इनकी मुठभेड़ हो गई। जनता पर लाठी चार्ज हो रहा था तब कॉलेज में चल रहे हवन कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री डॉ. महेश जोशी अजमेर रेंज की आईजी लता मनोज कुमार, भीलवाड़ा कलेक्टर आशीष मोदी, भीलवाड़ा के पुलिस अधीक्षक आदर्श सिद्धू, नवगठित शाहपुरा जिले की कलेक्टर डॉ. मंजू, एसपी आलोक श्रीवास्तव, जिला कांग्रेस के अध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी मौजूद थे।

## बुजुर्गों को अदालतों में सुनवाई के लिए नहीं जाना पड़ेगा, ऑनलाइन होगी पेशी

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** पंजाब में अब बुजुर्गों को किसी प्रकार के केस की सुनवाई के दौरान अदालतों में नहीं जाना पड़ेगा। प्रदेश सरकार ने विभिन्न केसों के मामले में बुजुर्गों की पेशी ऑनलाइन कराए जाने का फैसला किया है। इसके लिए राज्य सरकार एक मोबाइल लिंक उपलब्ध कराएगी। इससे बुजुर्ग व्यक्ति कहीं से भी कोर्ट के समक्ष पेश हो सकेंगे। पंजाब सरकार ने यह फैसला अधिक आयु के कारण लोगों को आने वाली परेशानी से बचाव के लिए किया है। पंजाब की सभी निचली अदालतों में विचाराधीन हजारों मामलों में बुजुर्ग लोगों को पेशी से राहत मिल सकेगी। केवल अपरिहार्य परिस्थितियों के अलावा बुजुर्ग व्यक्ति दूर-दराज की कोर्ट में जाने से बच सकेंगे। पंजाब सरकार के इस कदम से प्रदेश के बुजुर्ग लोगों को कोर्ट में समय से पेशी पर न पहुंच पाने, आवाजाही के दौरान होने वाली परेशानी और अन्य सभी कारणों से राहत मिल सकेगी। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में सभी मामलों की सुनवाई पहले की तर्ज पर की जाती रहेगी।

# उपद्रवी किसी जाति-धर्म का नहीं होता : उदयभान



**फरीदाबाद ( हिंस )।** हरियाणा कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष चौ. उदयभान ने कहा है कि उपद्रवी किसी जाति या धर्म का नहीं होता बल्कि उपद्रवी, उपद्रवी ही होता है और उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए, फिर चाहे वह किसी जाति धर्म से ताल्लुक रखता हो। उन्होंने कहा कि नूंह हिंसा की जांच हाईकोर्ट की निगरानी में होनी चाहिए, जिससे कि दूध का दूध और पानी का पानी हो सके। उदयभान सोमवार को ओल्ड फरीदाबाद में कांग्रेसी नेता लखन कुमार सिंगला द्वारा आयोजित रामकथा कार्यक्रम में शिरकत करने के उपरांत पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उदयभान ने कहा कि सीआईडी इंस्पेक्टर विश्वजीत के जारी वीडियो में उन्होंने कहा कि दंगों को लेकर उन्होंने अपने उच्चाधिकारियों को बता दिया था कि यहां हिंसा हो सकती है, लेकिन प्रशासन व सरकार मौन रही, जबकि लोगों को सुरक्षा देने का काम सरकार का होता है। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय राज्यमंत्री ने भी स्पष्ट कहा कि धार्मिक यात्रा में बंदूक, तलवारें ले जाने का क्या औचित्य है, इसकी जांच होनी चाहिए और जिन्होंनें कानून की अवहेलना की है, उनको सजा मिलनी चाहिए।

## हिंसा में व्यापारियों के हुए नुकसान की भरपाई करे सरकार : मित्तल

**यमुनानगर ( हिंस )।** हरियाणा के नूंह जिले में हुई हिंसा के विरोध में सोमवार को उद्योग व्यापार मंडल हरियाणा के नेतृत्व में लघु सचिवालय पर इकठ्ठा होकर व्यापारियों ने सुरक्षा की मांग करते हुए जिला उपायुक्त के माध्यम से राज्यपाल हरियाणा के नाम ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर उद्योग व्यापार मंडल हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र मित्तल ने कहा कि यह बड़े दुर्भाग्य की बात है कि इतनी बड़ी घटना होने की आशंका के बावजूद भी स्थानीय प्रशासन, गुप्तचर एजेंसी सोई हुई थी। किसी भी प्रकार का कोई पुलिस सुरक्षा बल का सही बंदोबस्त नहीं किया हुआ था जिसके कारण इतनी बड़ी हिंसा और लूटपाट हो गई। जिसका खामियाजा आमजन और व्यापारी को भुगतना पड़ा। जहां उनकी दुकानें लूट ली गई, जला दी गई। उन्होंने कहा कि 300 अधिक गाड़ियां भी दंगाईयों ने फूंक दी। लेकिन सरकार की तरफ से अभी तक कोई ऐसा कदम नहीं उठाया गया। जिससे यह पता लगे कि सरकार व्यापारियों के प्रति चिंतित है।

# मिशन इंद्रधनुष के तहत शून्य से पांच साल तक के बच्चों का होगा टीकाकरण

## कैबिनेट मंत्री ने किया टीकाकरण अभियान की शुरुआत



**फरीदाबाद ( हिंस )।** हरियाणा के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि स्वास्थ्य मिशन इंद्रधनुष के तहत जिला में 0 से 5 साल के हर को टीकाकरण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि गर्भवती महिलाओं को भी यह टीका लगाया जाएगा । मूलचंद शर्मा सोमवार को मिशन इंद्रधनुष के तहत टीकाकरण अभियान की स्थानीय सेक्टर-3 स्थित एफआरयू 2 जच्चा बच्चा केंद्र से शुरुआत अवसर पर बोल रहे थे। इस अवसर पर फरीदाबाद जिला सिविल सर्जन डॉक्टर विनय गुप्ता भी मौजूद रहे। मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में और प्रदेश में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में आमजन की सुविधाओं को देखते हुए नई नई योजनाएं और परियोजनाएं लागू की जा रही है। उन्होंने कहा कि मिशन इंद्रधनुष के तहत फरीदाबाद में 0 से 5 साल के करीब 4000 बच्चों को यह टीकाकरण किया जाएगा और एक हजार गर्भवती महिलाओं को यह टीका लगाया जाएगा। इसके अलावा 2 से 5 साल तक के 2700 बच्चों को टीकाकरण किया जाएगा। जिससे बच्चे और गर्भवती महिलाएं स्वस्थ रह सकेंगे। यह अभियान 7 अगस्त से 12 अगस्त, 11 सितंबर से 16 सितंबर और 9 अक्तूबर से 14 अक्तूबर तक चलेगा। इस अवसर पर जिला सिविल सर्जन अधिकारी डॉ. विनय गुप्ता ने बताया कि इस अभियान में सबसे खास बात यह रहेगी कि टीका लगवाने के बाद सरकार के यूविन पोर्टल पर सारा डाटा अपलोड किया जाएगा। जिससे की जानकारी कहीं भी किसी वक्त भी मिल सकेगी। इस मौके पर एसएमओ डॉक्टर मानसिंह, डॉक्टर तरुण शर्मा, डीआईओ डॉक्टर रचना और डॉक्टर संगीता मौजूद रही।



# 26 अगस्त को हो सकती है मस्क-जुकरबर्ग की फाइट : एलन बोले- अगर लड़ाई छोटी हुई तो मैं शायद जीत जाऊं, मेरा वजन 136 किलो

**वॉशिंगटन।**
मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग 26 अगस्त को टेस्ला के सीईओ एलन मस्क के साथ फाइट करना चाहते हैं। मस्क ने जब पहली बार जुकरबर्ग को केज फाइट के लिए इनवाइट किया था तो जुकरबर्ग ने ये तारीख सजेस्ट की थी। हांलाकि, मस्क ने अभी तक फाइट डेट कंफर्म नहीं की है। मस्क ने कहा कि उनकी गर्दन और अपर बैक की एमआरआई होनी है। इसके बाद सर्जरी की जरूरत पड़ सकती है। इसलिए इस हफ्ते के आखिर तक वो डेट की जानकारी देंगे। मस्क ने ये भी कहा कि अगर लड़ाई छोटी रही तो मैं जीत सकता हूं। मेरा वजन 300 पाउंड यानी 136 किलो है।

### सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लाइव स्ट्रीम होगी फाइट

इससे पहले मस्क ने कहा था कि ये फाइट प्लेटफॉर्म एक्स पर लाइव स्ट्रीम होगी। इससे होने वाली इनकम बुजुर्गों को दान करेंगे। इस पर जुकरबर्ग ने कहा, क्या हमें ज्यादा रिलायबल यानी विश्वसनीय प्लेटफॉर्म का यूज नहीं करना चाहिए जो वास्तव में दान के लिए पैसे जुटा सके

### ऑफिस में फाइट की तैयारी कर रहे हैं एलन मस्क

मस्क ने बताया था कि उनके पास वर्कआउट के लिए टाइम नहीं है, इसलिए वह काम के समय ही इस फाइट की तैयारी कर रहे हैं। पूरे दिन वजन उठा रहे हैं। हाल ही में उन्होंने एक लाइव स्ट्रीम भी की थी, जिसमें वह डंबल उठाते हुए दिखाई दे रहे थे। केज फाइट के लिए ट्रेनिंग ले रहे हैं मस्क और जुकरबर्ग मस्क और जुकरबर्ग ने केज फाइट के लिए ट्रेनिंग कुछ दिन पहले शुरू की थी। ट्रेनिंग की फोटोज भी सामने आई थी। एक तस्वीर में मस्क पॉपुलर पॉडकास्टर और एआई रिसर्चर लेक्स फ्रिडमैन के साथ लड़ रहे हैं। फ्रिडमैन ने ही तस्वीरें ट्विटर पर शेयर कीं और लिखा- मस्क की पावर से प्रभावित हूं। केज फाइट का चैलेंज कैसे शुरू हुआ और ये कहां होगी जुकरबर्ग की कंपनी मेटा ने ट्विटर जैसा प्लेटफॉर्म लॉन्च करने की बात कही थी। इसके बाद डेली मेल ने एक रिपोर्ट पब्लिश की, जिसकी हेडलाइन थी- ट्विटर को खत्म करने का जुकरबर्ग का मास्टर प्लान सामने आया। इस रिपोर्ट को ट्विटर पर शेयर किया जाने लगा। ऐसी ही एक पोस्ट पर एलन मस्क ने जुकरबर्ग को चिढ़ाने वाली इमोजी पोस्ट की।

## न्यूज ब्रीफ

### लगातार तीसरे साल मुकेश अंबानी ने नहीं लिया वेतन



**नई दिल्ली।** रिलायंस इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक मुकेश अंबानी ने जून 2020 में देश में कोविड -19 के प्रकोप के मद्देनजर स्वेच्छा से वर्ष 2020-21 के लिए अपना वेतन छोड़ने का फैसला किया था क्योंकि महामारी का देश के सामाजिक, आर्थिक और औद्योगिक स्वास्थ्य पर काफी असर पड़ा था। उन्होंने वर्ष 2021-22 के साथ-साथ वर्ष 2022-23 में भी एक पैसा भी वेतन नहीं लिया।इन सभी तीन वर्षों में, मुकेश अंबानी ने अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक के रूप में अपनी भूमिका के लिए रिलायंस से कोई भत्ता, अनुलाभ, सेवानिवृत्ति लाभ, कमीशन या स्टॉक विकल्प का लाभ नहीं उठाया। इससे पहले प्रबंधकीय मुआवजे के स्तर में संयम का एक व्यक्तिगत उदाहरण स्थापित करने के लिए, अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक ने 2008-09 से अपना वेतन 15 करोड़ रुपए तक सीमित कर दिया था। रिलायंस इंडस्ट्रीज राष्टीय खजाने में भारत के सबसे बड़े योगदानकर्ताओं में से एक है। वित्त वर्ष 2020-21 से वित्त वर्ष 2022-23 तक तीन वर्षों में राष्टीय खजाने में रिलायंस का समेकित योगदान पांच लाख करोड़ रुपए को पार कर गया।वित्त वर्ष 2022-23 में राष्टीय खजाने में रिलायंस का योगदान 1,77,173 करोड़ रुपए रहा, जो वित्त वर्ष 2021-22 के 1,88,012 करोड़ रुपए से थोड़ा कम है। वार्षिक रिपोर्ट में कहा गया है कि कंपनी भारत में सबसे बड़ी करदाता बनी हुई है, जिसने विभिन्न प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष करों के माध्यम से राष्टीय खजाने में 1,77,173 करोड़ रुपए का योगदान दिया है।यह पिछले तीन वर्षों में भारत सरकार के बजटीय व्यय का पांच प्रतिशत से अधिक था।

### अब लाइव टीवी और ओटीटी बिना इंटरनेट के देख सकेंगे

**नई दिल्ली ।** केंद्रीय दूरसंचार विभाग, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय और आईआईटी कानपुर ऐसा काम



कर रहा है, जिससे आप बिना इंटरनेट के टीवी देख सकेंगे। भारत के लोगों को जल्द ही ये सुविधा मिलने लगेगी। जानकारी के अनुसार यह ब्रॉडबैंड और ब्रॉडकास्ट का मिश्रण है। मोबाइल पर जिस टेक्नोलॉजी से एफएम रेडियो प्रसारित होता है, डी2एम वैसी ही है। फोन में लगा रिसीवर रेडियो फ्रीक्वेंसी पकड़ेगा। इसके लिए 526-582 मेगाहर्ट्स बैंड का प्रयोग करने की तैयारी है। इस बैंड का उपयोग अभी टीवी ट्रांसमीटर के लिए होता है। अभी देश में 21 से 22 करोड़ परिवारों में टीवी है। स्मार्टफोन के 80 करोड़ से ज्यादा यूजर हैं, जो 2026 तक 100 करोड़ होंगे। इसलिए सरकार टीवी कंटेंट को ज्यादा लोगों तक भेजने के लिए फोन को सबसे बड़ा प्लेटफॉर्म मान रही है। सरकार इससे शिक्षा और इमरजेंसी सेवाओं का प्रसारण करना चाहती है। बीते जून में आईआईटी कानपुर ने देश में डी2एम प्रसारण और 5जी कन्वर्जेंस रोडमैप पर एक श्वेतपत्र पब्लिश किया था। इसमें कहा गया है कि ब्रॉडकास्टर डी2एम नेटवर्क से क्षेत्रीय टीवी, रेडियो, एजुकेशनल कंटेंट, इमरजेंसी अलर्ट सिस्टम, आपदा से जुड़ी सूचनाएं, वीडियो के अलावा डेटा से चलने वाले ऐप की सुविधा दे पाएंगे। ये ऐप बिना इंटरनेट चलेंगे और दाम भी कम देने पड़ेंगे। मोबाइल ऑपरेटर विरोध कर सकते हैं, क्योंकि डी2एम से उनका डेटा रेवेन्यू प्रभावित होना तय है। उनका 80 फीसदी ट्रैफिक वीडियो से आता है।

### वन97 कम्युनिकेशंस के शेयर में 12 फीसदी की तेजी



**नई दिल्ली ।** पेटीएम ब्रांड के तहत सेवाएं देने वाली वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस के शेयर में शुरुआती कारोबार में 11 प्रतिशत से अधिक का उछाल आया। कंपनी के संस्थापक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विजय शेखर शर्मा के एंटफिन (नीदरलैंड) होल्डिंग बीवी से पेटीएम में 10.30 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करने की घोषणा के बाद शेयर में उछाल आया है। यह सौदा नकदी रहित होगा। बीएसई में कंपनी के शेयर का मूल्य 11.57 प्रतिशत बढ़कर 887.55 रुपए पर पहुंच गया। एनएसई में शेयर का मूल्य 11.43 प्रतिशत बढ़कर 887.70 रुपए रहा। सौदे के अनुसार शर्मा अपनी 100 प्रतिशत स्वामित्व वाली विदेशी इकाई रेजिलिएंट एसेट मैनेजमेंट बीवी के जरिए एंटफिन से पेटीएम में 10.3 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदेंगे।

## सुप्रीम कोर्ट गोफर्स्ट एयरलाइन की याचिका खारिज की

# लेसर्स को एचसी से मिली विमानों के इन्सपेक्शन की अनुमति पर रोक लगाने की मांग थी

**नई दिल्ली।**
सुप्रीम कोर्ट ने गोफर्स्ट एयरलाइन की याचिका खारिज कर दी। इसमें दिल्ली हाईकोर्ट के जुलाई के उस फैसले पर रोक लगाने की मांग की गई थी, जिसमें लेसर्स को अपने विमान का इन्सपेक्शन करने की अनुमति दी गई थी। लीज पर विमान देने वालों को लेसर्स कहा जाता है।

चीफ जस्टिस डीवाय चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली सुप्रीम कोर्ट की तीन-जजों की बेंच ने दिल्ली हाईकोर्ट में चल रही कार्यवाही में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया। इस बीच गो फर्स्ट ने जानकारी दी कि ऑपरेशनल कारणों से अपनी उड़ानों को 9 अगस्त तक कैंसिल कर दिया है।



### हाईकोर्ट ने लेसर्स को विमानों की मेंटेनेंस की परमिशन दी थी

करीब एक महीने पहले हाईकोर्ट की सिंगल जज बेंच ने लेसर्स को अपने विमानों की निगरानी और मेंटेनेंस करने की परमिशन दी थी। जस्टिस तारा वी गंजू ने कहा था, विमान काफी महंगे और तकनीकी रूप से जटिल हैं, इनको नियमित तौर पर मेंटेनेंस की जरूरत है।

बेंच ने कहा था कि लेसर्स को रिट पिटीशन के फाइनल डिस्पोजल तक अंतरिम रखरखाव करने के लिए महीने में कम से कम दो बार अपने विमान तक एक्सेस मिलेगा। डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन संबंधित एयरपोर्ट अथारिटीज ये एक्सेस देंगे।

### 3 मई से बंद है गो फर्स्ट की फ्लाइट

गो फर्स्ट ने सबसे पहले 2 मई 2023 को ऐलान किया था कि वो अपनी फ्लाइट्स 3, 4 और 5 मई के लिए कैंसिल कर रही है। गो फर्स्ट की वेबसाइट के अनुसार एयरलाइन एक समय रोजाना 27 डोमेस्टिक और 8 इंटरनेशनल डेस्टिनेशन के लिए 200 से ज्यादा फ्लाइट ऑपरेट करती थी।

### 5 पॉइंट में पूरी मामला समझें..

गो फर्स्ट एयरलाइन ने 2 मई को बताया कि वो 3, 4 और 5 मई के लिए अपनी सभी फ्लाइट कैंसिल कर रही है।

3 मई को एयरलाइन स्वैच्छिक दिवालिया याचिका के लिए नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल पहुंच गई। गो फर्स्ट एयरलाइन की याचिका पर 4 मई को सुनवाई करते हुए फैसला सुरक्षित रख लिया था। फ्लाइट सस्पेंशन को 4 मई से बढ़ाकर 9 मई तक किया। फिर बढ़ाते-बढ़ाते 23 जुलाई तक कर दिया गया। 10 मई को एयरलाइन को राहत देते हुए मोरेटोरियम की मांग को मान लिया नियुक्त किया। इस आदेश के खिलाफ लेसर्स ने नेशनल कंपनी लॉ अपीलेट ट्रिब्यूनल में भी अपील की। अपीलेट ट्रिब्यूनल ने आदेश को बरकरार रखा। फिर गो फर्स्ट से रिवाइवल प्लान दिया। अभिलाष लाल को आईआरपी नियुक्त किया था जस्टिस रामलिंगम सुधाकर गुप्ता की दो सदस्यीय बेंच ने कर्ज में डूबी गो फर्स्ट को चलाने के लिए अभिलाष लाल को इंटेरिम रिजॉल्यूशन प्रोफेशनल यानी आईआरपी नियुक्त किया था। यह पहली बार था जब किसी भारतीय एयरलाइन ने खुद से ही अपने कॉन्ट्रेक्ट और कर्ज को रिनेगोशिएट करने के लिए बैंकरप्सी प्रोट्रेक्शन की मांग की थी। बाद में पिर शैलेन्द्र अजमेरा को रिजॉल्यूशन प्रोफेशनल बनाया गया।

### इंजन सप्लाई नहीं होने से बंद करने पड़े ऑपरेशन

एयरलाइन का दावा है कि इंजनों की सप्लाई नहीं होने से उसे अपने ऑपरेशन बंद करने पड़े है। अमेरिका के एयरक्राफ्ट इंजन मैन्युफैक्चरर प्रैट एंड व्हिटनी को गो फर्स्ट को इंजन की सप्लाई करनी थी, लेकिन उसने समय पर इसकी सप्लाई नहीं की। ऐसे में गो फर्स्ट को अपनी फ्लीट के आधे से ज्यादा एयरक्राफ्ट ग्राउंडेड करने पड़े। इससे उसे भारी नुकसान हुआ। फ्लाइट नहीं उड़ने के कारण उसके पास कैश की कमी हो गई और फ्यूल भरने के लिए भी पैसे नहीं बचे। एयरलाइन के 20 नियो एयरक्राफ्ट में इन इंजनों का इस्तेमाल होता है। एयरलाइन के सीईओ कौशिक खोना का दावा है कि इंजन की खराबी से कंपनी को बीते तीन साल में 1.1 बिलियन डॉलर यानी करीब 8.9 हजार करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। गो फर्स्ट के साथ के कॉन्ट्रैक्ट में तीन बड़ी शर्तें थीं: विमान का इंजन खराब हो जाता है तो 48 घंटे के भीतर स्पेयर इंजन देना होगा। फॉल्टी इंजनों की फ्री में रिपेयरिंग करानी होगी क्योंकि सभी इंजन वारंटी में हैं। ग्राउंडेड विमानों के कारण हुए नुकसान का कम्पेनसेशन भी देना होगा। बिजनेस स्टैंडर्ड की रिपोर्ट के मुताबिक मार्च 2020 तक, ने समय पर स्पेयर इंजन उपलब्ध कराए, फ्री में रिपेयरिंग की और कम्पेनसेशन भी दिया। उसके बाद एयरलाइन को कुछ भी नहीं मिला।

## बैंक एफडी और पोस्ट ऑफिस टाइम डिपॉजिट अकाउंट

# बीओआई सहित कई बैंकों ने एफडी की ब्याज दरों में की कटौती

### टाइम डिपॉजिट में 7.5% तक ब्याज



**नई दिल्ली।**
हाल ही में बैंक ऑफ इंडिया एक्सिस और इंडसइंड बैंक ने फिक्स्ड डिपॉजिट यानी एफडी पर मिलने वाले ब्याज की दरों में कटौती की है। इससे पहले सरकार ने पोस्ट ऑफिस की नेशनल सेविंग्स टाइम डिपॉजिट अकाउंट पर मिलने वाले ब्याज में बढ़ोतरी की थी। ऐसे में अगर आप एफडी कराने का प्लान बना रहे हैं तो हम आपको इन बैंकों की फिक्स्ड डिपॉजिट की नई ब्याज दरें और टाइम डिपॉजिट अकाउंट के बारे में बता रहे हैं। ताकि आप अपने हिसाब से सही जगह निवेश करके ज्यादा फायदा कमा सकें।

नेशनल सेविंग्स टाइम डिपॉजिट अकाउंट में मिल रहा 7.5प्रतिशत तक का ब्याज यह एक तरह की एफडी ही है। इसमें एक तय अवधि के लिए निवेश करके आप निश्चित रिटर्न पा सकते हैं। टाइम डिपॉजिट अकाउंट 1 से 5 साल तक की अवधि के लिए 6.9प्रतिशत से 7.5प्रतिशत तक ब्याज दर की पेशकश करता। इसमें 1000 रुपए का मिनिमम निवेश करना होता है। वहीं अधिकतम निवेश की कोई सीमा नहीं है। 5 साल के लिए निवेश करने पर मिलता है टैक्स छूट का फायदा टाइम डिपॉजिट स्कीम और एफडी में 5 साल के लिए निवेश करने पर इनकम टैक्स एक्ट 1961 के सेक्शन 80सी के तहत टैक्स छूट का फायदा ले सकते हैं। इसके तहत 1.50 लाख रुपए तक के निवेश पर आप इनकम टैक्स छूट का फायदा ले सकते हैं। आसान भाषा में इसे ऐसे समझें, आप सेक्शन 80सी के माध्यम से अपनी कुल कर योग्य आय से 1.5 लाख तक कम कर सकते हैं। एफडी करते समय सही टेन्योर चुनना जरूरी एफडी कराते समय उसके टेन्योर (अवधि) को तय करने से पहले सोच विचार करना जरूरी है। ऐसा इसलिए है क्योंकि अगर निवेशक मेच्योरिटी से पहले राशि को विड्रॉल करते हैं, तो उन्हें जुर्माने का भुगतान करना होगा। एफडी मेच्योर होने से पहले उसे ब्रेक करने पर 1प्रतिशत तक की पेनल्टी देनी पड़ेगी।

# सोने और चांदी में सुस्ती, चांदी गिरकर 72,200 के करीब

**मुंबई।**
**सप्ताह के पहले दिन सोने के वायदा भाव हल्की तेजी के साथ खुले जरूर लेकिन बाद में सुस्त पड़ गए। चांदी के वायदा तो गिरावट के साथ ही खुले। चांदी गिरकर 72,200 रुपए के करीब और सोना 59,500 रुपए करीब कारोबार कर रहा है।**



**अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने और चांदी की कीमतों की शुरुआत हल्की तेजी के साथ हुई, लेकिन बाद में भाव गिरने लगे।**

मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर चांदी का बेंचमार्क सितंबर कॉन्ट्रैक्ट 198 रुपए की गिरावट के साथ 72,280 रुपए के भाव पर खुला। फिलहाल यह कॉन्ट्रैक्ट 273 रुपए की गिरावट साथ 72,205 रुपए के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 72,300 रुपए के भाव पर दिन का उच्च और 72,196 रुपए प्रति किलो के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। मई महीने में चांदी के वायदा भाव 78 हजार रुपए किलो को पार कर सर्वोच्च स्तर पर पहुंच गए थे। सोने के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। एमसीएक्स पर सोने का बेंचमार्क अक्टूबर कॉन्ट्रैक्ट 23 रुपए की तेजी के साथ 59,550 रुपए के भाव पर खुला। लेकिन इसके बाद भाव गिरने लगे। फिलहाल यह कॉन्ट्रैक्ट 67 रुपए की गिरावट के साथ 59,460 रुपए के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 59,550 रुपए के भाव पर दिन का उच्च स्तर और 59,454 रुपए के भाव पर निचला स्तर छू लिया।

# जुलाई में 10प्रतिशत बढ़ी गाड़ियों की बिक्री: मारुति सुजुकी ने सबसे ज्यादा 1.17 लाख कारें बेचीं, टू-व्हीलर्स में हीरो मोटोकॉर्प टॉप पर

**नई दिल्ली।**
**फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन ने जुलाई 2023 में बिकने वाली गाड़ियों की रिपोर्ट जारी कर दी है। इसके मुताबिक भारतीय ऑटो मार्केट में पिछले महीने सालाना आधार पर 10प्रतिशत की ग्रोथ के साथ 17 लाख 70 हजार 181 व्हीकल्स बिके हैं। जबकि पिछले साल जुलाई में 16 लाख 09 हजार 217 व्हीकल्स बिके थे।**

हालांकि, जून महीने के मुकाबले इस जुलाई महीने में व्हीकल्स सेल्स में 5.03प्रतिशत की गिरावट देखी गई है। जून 2023 में देश में कुल 18 लाख 63 हजार 868 व्हीकल्स बिके थे।



### मारुति सुजुकी ने सबसे ज्यादा 1.17 लाख कारें बेची

पैसेंजर व्हीकल की बात करें तो मारुति सुजुकी ने सबसे ज्यादा 1.17 लाख कारें बेची हैं। इसके साथ ही मारुति सुजुकी का मार्केट शेयर सालाना आधार पर 39.07प्रतिशत से बढ़कर 41.39प्रतिशत हो गया है। पिछले साल जुलाई में कंपनी ने 1.06 लाख कारें बेची थी। वहीं टू-व्हीलर्स में हीरो मोटरकॉर्प 3.61 लाख गाड़ियों की बिक्री के साथ टॉप पर है। 3-व्हीलर सेगमेंट में बजाज ऑटो ने सबसे ज्यादा 31,453 गाड़ियां बेचीं हैं और कमर्शियल सेगमेंट में 26,635 गाड़ियों की बिक्री के साथ टाटा मोटर्स पहले नंबर पर है।

### बाढ़ जैसी स्थितियों के कारण प्रभावित हुई गाड़ियों की बिक्री

एफएडीए के प्रेसिडेंट मनीष राज सिंघानिया ने कहा, भारत की खुदरा वाहन बिक्री में जून महीने की तुलना में जुलाई में 5प्रतिशत की गिरावट देखी गई, विशेष रूप से उत्तर भारत में गंभीर मानसून और बाढ़ जैसी स्थितियों के कारण बिक्री प्रभावित हुई है।

### इस महीने टू-व्हीलर और पेसेंजर व्हीकल की सेल्स में तेजी उम्मीद

एफएडीए का मानना है कि त्योहारी सीजन के कारण इस महीने टू-व्हीलर और पेसेंजर व्हीकल की सेल्स में तेजी देखने को मिलने की उम्मीद है।

## टमाटर के भाव ने बढ़ाए थाली के दाम

# वेजिटेरियन थाली की कीमत जुलाई में 34प्रतिशत बढ़ी, नॉन-वेज थाली के रेट में 13प्रतिशत की बढ़त

**नई दिल्ली।**
भारत में एक वेजिटेरियन थाली की कीमत जून की तुलना में जुलाई में 34प्रतिशत बढ़ गई है। क्रिसिल ने जारी किए अपने फूड प्लेट कॉस्ट के मंथली इंडिकेटर में इस बात की जानकारी दी है।

### टमाटर की महंगाई ने बढ़ाई वेज थाली की कीमत

क्रिसिल के मुताबिक, वेजिटेरियन थाली की कीमत बढ़ने का 25प्रतिशत कारण टमाटर की महंगाई को माना जा सकता है। जून में 33 रुपए प्रति किलोग्राम से 233प्रतिशत बढ़कर जुलाई में टमाटर की कीमत 110 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई है।

### लगातार तीसरे महीने वेज थाली की कीमत बढ़ी

यह लगातार तीसरा महीना है, जब वेजिटेरियन थाली की कीमत बढ़ी है। वहीं 2023-24 में यह पहली बार है, जब थाली की कीमत साल-दर-साल बढ़ी है। इसके अलावा नॉन वेजीटेरियन थाली की कीमत भी बढ़ी है, लेकिन इसमें महीने-दर-महीने सिर्फ 13प्रतिशत की ही बढ़ोतरी हुई है।



### ऐसे कैलकुलेट होती है थाली की एवरेज कॉस्ट

क्रिसिल ने नॉर्थ, साउथ, ईस्ट और वेस्ट इंडिया में मौजूदा फूड कीमतों के आधार पर घर में थाली तैयार करने की एवरेज कॉस्ट कैलकुलेट की है। मंथली चेंज से आम आदमी के खर्च पर असर पड़ता है।

क्रिसिल के डेटा से अनाज, दालें, ब्रॉयलर्स (चिकन), सब्जियां, मसाले, एडिबल ऑयल और कुकिंग गैस सहित उन सामग्रियों का भी पता चलता है, जो थाली की कीमत में बदलाव लाते हैं।

वेज थाली में रोटी, सब्जियां (प्याज, टमाटर और आलू), चावल, दाल, दही और सलाद शामिल होता है। वहीं नॉन-वेज थाली के लिए दाल की जगह चिकन को शामिल किया गया है।

### प्याज-आलू की कीमतों से भी बढ़ी थाली की कॉस्ट

प्याज और आलू की कीमतों में महीने-दर-महीने 16प्रतिशत और 9प्रतिशत की ग्रोथ हुई है। इस वजह से भी थाली की कॉस्ट बढ़ी है। क्रिसिल ने कहा कि मिर्च और जीरा की कीमतें भी जुलाई में 69प्रतिशत और 16प्रतिशत बढ़ीं हैं।

हालांकि, थाली में इन सामग्रियों का इस्तेमाल कम मात्रा में होता है। यही वजह है कि एक थाली की लागत में इन सामग्रियों का योगदान सब्जियों की तुलना में कम ही रहता है।


### नॉन-वेज थाली की कॉस्ट धीमी गति से बढ़ी

क्रिसिल के इंडिकेटर के अनुसार, नॉन-वेज थाली की कॉस्ट धीमी गति से बढ़ी है। क्योंकि ब्रॉयलर्स यानी चिकन की कीमत जुलाई में 3-5प्रतिशत घटी है, जो नॉन-वेज थाली की लागत का 50प्रतिशत से ज्यादा है।

इंडिकेटर के मुताबिक, वेजिटेबल ऑयल की कीमत में महीने-दर-महीने 2प्रतिशत की गिरावट ने थाली की कॉस्ट में ग्रोथ से कुछ हद तक राहत दी है।

# बीबी की वाइन्स के 8 साल पूरे होने पर मना रहे जश्न

**-अभिनेता भुवन बाम का यूट्यूब चैनल है यह**



**मुंबई (ईएमएस)।** अभिनेता भुवन बाम के यूट्यूब चैनल बीबी की वाइन्स के 8 साल पूरे हो चुके हैं। इसी खुशी में अभिनेता जश्न मना रहे हैं। अभिनेता ने यूट्यूब चैनल को 2015 में लॉन्च किया था। बीबी की वाइन्स अपने कंटेंट के लिए जाना जाता है, जिसमें भुवन ने सभी किरदार खुद निभाए हैं। इस चैनल ने भारत में 4जी क्रांति का सबसे अधिक फायदा उठाया। अपनी बुद्धि और भरोसेमंद हास्य के साथ भुवन ने ऑनलाइन सामग्री निर्माण के क्षेत्र में सफलता हासिल की है। उन्होंने बॉलीवुड मेगास्टार शाहरुख खान का इंटरव्यू किया है। बीबी की वाइन्स यात्रा के 8 वर्ष पूरे होने पर भुवन ने हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए कहा, मैं खुशी से अभिभूत हूं क्योंकि बीबी की वाइन्स ने 8 अविश्वसनीय वर्ष पूरे कर लिए हैं। ऐसा लगता है जैसे कल ही की बात हो, जब मैंने यह यात्रा शुरू की थी। मुझे अपने समुदाय और सभी लोगों से प्यार मिला है।उन्होंने आगे कहा, ह्लएक अभिनेता के रूप में ताजा खबर की सफलता मेरे लिए एक सपने के सच होने जैसी है। मेरे काम को लाखों लोगों ने सराहा, जिस्‍ाकी मुझे उम्मीद नहीं थी। शो के रिलीज के बाद लोगों की प्रतिक्रिया हमारी उम्मीदों से बढ़कर रही। यह वर्ष वास्तव में मेरे करियर के लिए एक संतुष्टिदायक समय है, जिसमें एक के बाद एक दो अविश्वसनीय उपलब्धियां हासिल की गईं। बता दें कि 2023 भुवन बाम के लिए दोहरे जश्न का साल साबित हुआ, क्योंकि वह अपनी ओटीटी सीरीज ताजा खबर के साथ ऑनलाइन सनसनी से एक कुशल अभिनेता बन गए है।

# डॉक्यू-सीरीज का प्रीमियर 18 को होगा

**-एपी ढिल्लों की यात्रा पर आधारित है यह सीरीज**



**मुंबई (ईएमएस)।** एपी ढिल्लोंः फर्स्ट ऑफ ए काइंड नामक डॉक्यू-सीरीज की घोषणा की गई है। सीरीज का प्रीमियर 18 अगस्त को होगा। यह डॉक्यू-सीरीज पंजाबी रैपर पर आधारित है। चार पार्ट की डॉक्यूमेंट्री अमृतपाल सिंह ढिल्लों के जीवन पर प्रकाश डालती है और ग्लोबल लेवल पर एपी ढिल्लों के नाम से मशहूर सेल्फ-मेड सुपरस्टार की कहानी बताती है। एक्सक्लूसिव एक्सेस के माध्यम से, यह सीरीज पंजाब के एक छोटे से गांव गुरदासपुर से ब्रिटिश कोलंबिया, कनाडा के पहाड़ों तक की उनकी उल्लेखनीय यात्रा का वर्णन करती है, जहां वह पॉपुलर ग्लोबल म्यूजिक सेंसेशन बन गए हैं। ढिल्लों के पर्सनल अकाउंट और उनके परिवार और दोस्तों के साथ इंटरव्यू के संयोजन के माध्यम से, यह सीरीज ढिल्लों के जीवन, प्रेरणाओं और यात्रा में एक वास्तविक अंतर्दृष्टि प्रदान करती है, जो दर्शकों को ढिल्लों की दुनिया में गहराई से ले जाती है। प्राइम वीडियो में इंडिया ओरिजिनल्स की प्रमुख अपर्णा पुरोहित ने कहा, जीत और सफलता की कहानियां हमेशा दर्शकों के बीच गूंजती रहेंगी और एपी ढिल्लों की सेल्फ-मेड सुपरस्टारडम की यात्रा दिलचस्प और प्रेरणादायक है।डॉक्यू-सीरीज का निर्माण पैशन पिक्चर्स द्वारा वाइल्ड शीप कंटेंट और रन-अप रिकॉर्ड्स के सहयोग से किया गया है। एपी ढिल्लोंः फर्स्ट ऑफ ए काइंड पंजाबी हिप-हॉप की गतिशील दुनिया में पहली डॉक्यूमेंट्री है। एमी फोस्टर के कार्यकारी निमार्ता पैशन पिक्चर्स ने कहा, एपी ढिल्लों हमारे समय के एक प्रतीक और उभरते हुए दिग्गज हैं। उनकी कहानी धैर्य और दृढ़ संकल्प, दोस्ती-भाईचारे और किसी भी कीमत पर रचनात्मक दृष्टि के प्रति ईमारदार रहने की कहानी है। यह एक ऐसी कहानी है जो युवाओं और बूढ़ों को समान रूप से जोड़ेगी और प्रेरित करेगी। एपी ढिल्लोंः फर्स्ट ऑफ ए काइंड अभूतपूर्व एक्सेस के साथ एक यूनिक सीरीज है, जो म्यूजिक के निर्माण, टूर पर जाने की चुनौती को उजागर करती है। हम प्राइम वीडियो के साथ सहयोग करने के लिए रोमांचित हैं और वाइल्ड शीप कंटेंट इस वास्तविक वैश्विक सफलता की कहानी को दुनिया भर के दर्शकों तक पहुंचाएगा। एपी ढिल्लों और रन-अप रिकॉर्ड्स की पूरी टीम ने पंजाबी म्यूजिक को फिर से परिभाषित किया है और इसे पहले से कहीं ज्यादा ग्लोबल मंच पर स्थापित किया है। वाइल्ड शीप कंटेंट के कार्यकारी निमार्ता एरिक बारमैक ने कहा, एपी ढिल्लों की सफलता की कहानी और प्रक्षेप पथ उल्लेखनीय से कम नहीं है। वह एक पहेली हैं और उनके संगीत ने दुनिया भर के दर्शकों के बीच धूम मचा दी है।


# विवाद के बाद हुआ था फिल्म कलेक्शन में बम्पर इजाफा

**-15 गुना कलेक्शन से उड़ाए थे होश**




**मुंबई (ईएमएस)।** बीते साल मार्च में ऐसी ही एक फिल्म आई थी, जिसके कंटेंट पर खूब हंगामा बरपा था। लेकिन इस वजह से इसके कलेक्शन में बम्पर इजाफा हुआ था और यह तीसरी हाइएस्ट ग्रोसिंग फिल्म बन गई थी। हम जिस फिल्म की बात कर रहे हैं वह है द कश्मीर फाइल्स। विवेक अग्निहोत्री की यह फिल्म 11 मार्च 2022 को रिलीज हुई थी। फिल्म 90 के दशक में कश्मीर में हिंदुओं की स्थिति पर आधारित थी। फिल्म को मिक्स रिएक्शन मिले थे। ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर बनी इस फिल्म में मिथुन चक्रवर्ती, अनुपम खेर, पल्लवी जोशी और दर्शन कुमार ने अहम भूमिका निभाई थी। फिल्म को लेकर दो ग्रुप बन गए थे एक जिन्हें फिल्म का विषय बहुत अच्छा लगा। वहीं, दूसरा जिन्हें फिल्म के कंटेंट से आपत्ति थी। फिल्म को लेकर विवाद इतना गहराया था कि राजनीतिक दल भी इसमें कूद पड़े थे। कई जगहों पर फिल्म को बैन करने की मांग की गई थी और कई थिएटर्स के बाहर फिल्म के पोस्टर्स तक जलाए गए थे। लेकिन इन सबका असर फिल्म के कलेक्शन पर पड़ा। विवादों में घिरने की वजह से फिल्म को लेकर लोगों के बीच उत्सुकता बढ़ गई। इस कारण शुरूआती वीक में धीमा प्रदर्शन करने वाली द कश्मीर फाइल्स ने रफ्तार पकड़ ली। ओपनिंग डे पर फिल्म ने 3.55 करोड़ कमाए थे लेकिन पहले वीक के खत्म होने पर यह आंकड़ा 97.30 करोड़ पहुंच गया था। द कश्मीर फाइल्स के साथ ही प्रभास की फिल्म राधे श्याम भी रिलीज हुई थी। अनुमान लगाया जा रहा था कि प्रभास बाजी मार ले जाएंगे लेकिन इसके उलट विवेक की फिल्म ने पूरा खेल बदल दिया। 15 से 20 करोड़ के बजट में बनी इस फिल्म ने करीब 340 करोड़ रुपये का बिजनेस किया। बता दें कि कुछ फिल्में अनाउंसमेंट के साथ ही विवादों में घिर जाती हैं। ये विवाद फिल्म रिलीज होने तक जारी रहते हैं। लेकिन कई बार मेकर्स को इन विवादों का फायदा भी मिल जाता है और इसका असर कलेक्शन पर दिखता है।

# सालारः पार्ट 1- सीजफायर के स्टारकास्ट को मीडिया से बातचीत न करने के दी गई हिदायत




सालारः पार्ट 1 - सीजफायर ने अपने रोमांचक और असाधारण टीजर लॉन्च के बाद से ही दर्शकों को इसके बारे में बात करने पर मजबूर कर दिया है। इसने निश्चित रूप से प्रशांत नील के निर्देशन में बनी इस फिल्म के बारे में और अधिक जानने के लिए दर्शकों के उत्साह को बढ़ाया है। लेकिन लगता है कि मेकर्स ट्रेलर लॉन्च से पहले तक फिल्म से जुड़ी किसी भी जानकारी से पर्दा उठाने के मूड में नहीं है। इसके लिए उन्होंने फिल्म की स्टारकास्ट को भी कड़ी हिदायत दी है। वैसे सालारः पार्ट 1 - सीजफायर के लिए क्रेज दिन-ब-दिन बढ़ता जा रहा है और फिल्म की टीम भी इसे बरकरार रखने का एक मौका नही छोड़ रही।

टीजर में इसकी रोमांचकारी दुनिया की छोटी-सी झलक ने प्रभास स्टारर इस फिल्म के बारे में बहुत सी बातों को लेकर चर्चा बढ़ा दी है। हालांकि यकीनन, अभिनेताओं को ट्रेलर लॉन्च होने तक किसी भी तरह के मीडिया इंटरेक्शन से दूर रहने के लिए कहा गया है। ऐसे में उम्मीद कर सकते हैं कि फिल्म का ट्रेलर सभी उम्मीदों पर खरा उतरेगा। इस परियोजना से जुड़े करीबी सूत्र के अनुसार, "सलारः पार्ट 1 - सीजफायर की कास्ट फिल्म की कहानी से जुड़ी किसी भी जानकारी को जनता के सामने आने से बचाने के लिए मीडिया के साथ कोई बातचीत नहीं करेगी। मेकर्स चाहते हैं कि दर्शक ट्रेलर में ही सालार की भव्यता का अनुभव करें।" फिलहाल दर्शक भी अभी इस सवाल पर विचार कर रहे हैं कि क्या उन्हें फिल्म में कोई इंटरनेशनल कनेक्शन देखने को मिलेगा क्योंकि टीजर में प्रभास को इंटरनेशनल माफिया से लड़ते हुए दिखाया गया है। होम्बले फिल्म्स की सालारः पार्ट 1 - सीजफायर में प्रभास के साथ पृथ्वीराज सुकुमारन, श्रुति हासन और जगपति बाबू होंगे। प्रशांत नील के निर्देशन में बनी यह फिल्म 28 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# सुहाना ने चुराई सारी लाइमलाइट



बालीवुड स्टार शाहरुख खान की बेटी सुहाना खान अनुराग कश्यप की बेटी आलिया कश्यप की सगाई पार्टी में स्पॉट किया गया, जहां वह ब्लू कलर की साड़ी पहनकर पहुंची और सारी लाइमलाइट चुरा ली। सुहाना के साड़ी लुक के चर्चे अब सोशल मीडिया पर खूब हो रहे हैं। लुक की बात करें तो सुहाना खान दोस्त आलिया और शेन ग्रेगोइरे की सगाई पार्टी में ब्लू कलर की साड़ी पहनकर पहुंची। इसके साथ उन्होंने हाथ में मैचिंग पर्स कैरी किया। मिनिमल मेकअप और खुले बालों से लुक को कंप्लीट करती हुई सुहाना पार्टी में अपने स्टनिंग लुक के खूब जलवे बिखेरती दिखीं और कैमरे के सामने एक से बढ़कर एक पोज देती दिखीं। फैंस को सुहाना का ये लुक खूब पसंद आ रहा है और वो उनकी खूब तारीफ भी करते नजर आ रहे हैं। बता दें कि सुहाना को सुर्खियों में रहना अच्छे से आता है। वह अपने लुक्स और फैशन सेंस से अक्सर लाइमलाइट बटोती नजर आती हैं।

# सिमरत को गदर 2 का बेसब्री से इंतजार

बालीवुड एक्ट्रेस सिमरत कौर, सनी देओल, अमीषा पटेल के साथ अपनी बड़ी बॉलीवुड फिल्म गदर 2 का बेसब्री से इंतजार कर रही हैं। गदर 2 में उनके आने को लेकर ही लोगों में बहुत नाराजगी थी और वे शुरू से ही सिमरत को फिल्म में लेने की बात से नाराज थे। डर्टी हरी और हिंदी फिल्म सोनी सहित कुछ तेलुगू फिल्मों की वजह से सिमरत को भारी ट्रोलिंग का सामना करना पड़ा। अब आखिरकार सिमरत ने उस ट्रोलिंग पर चुप्पी तोड़ी है जो उन्हें एक साफ-सुथरी पारिवारिक फिल्म में लिए जाने पर मिल रही है। एक्ट्रेस का मानना है कि लोग हमेशा उन्हें किसी न किसी बात पर आंकेंगे। अब तक खुद को मिली ट्रोलिंग के बारे में बात करते हुए सिमरत कौर ने से कहा, मैं एक सेंसेटिव और इमोशनल औरत हूं। जब मैं एक्ट्रेस नहीं थी, तब भी मैं दूसरों को जज करती थी और सोशल मीडिया पर अपनी राय जताती थी। लेकिन मैं जानती हूं कि जब हम कोई घटिया कमेंट करते हैं तो इससे सामने वाले को ठेस पहुंच सकती है। इसलिए, मैं सोशल मीडिया पर अपनी बातें लिखने से पहले हमेशा सोचती थी। ये बिजनेस का एक हिस्सा है। ये जिंदगी भर चलता रहेगा।

# पारस छाबड़ा ने अपनी एक शर्टलेस फोटो की शेयर

ऐसे कई सेलिब्रिटीज हैं जिन्होंने कई लोगों को फिटनेस की राह पर चलने के लिए प्रेरित किया है। इस लिस्ट में अब बिग बॉस 13 फेम पारस छाबड़ा भी शामिल हो गए हैं। एक्टर टीवी इंडस्ट्री में एक जाना-माना चेहरा हैं और वे स्प्लिट्सविला और अन्य शो का हिस्सा भी रह चुके हैं। लेकिन बिग बॉस 13 में भाग लेने के बाद उनकी पॉपुलैरिटी दस गुना बढ़ गई थी। अब, वह अपने बड़े बदलाव के कारण फिर से सुर्खियों में आ गए हैं। पारश छाबड़ा ने अपने इंस्टाग्राम पर एक फोटो शेयर की है। फोटो में एक्टर का बिफोर-आफ्टर चेंज देखा जा सकता है। इंस्टाग्राम पर पारस छाबड़ा ने अपनी एक शर्टलेस फोटो शेयर की हैं, जिसमें वे एकदम फिट नजर आ रहें हैं। ट्रेनर द्वारा किए गए पोस्ट में इस बात का खुलासा हुआ कि पारस छाबड़ा ने 25 किलो वजन कम किया है। 125 किलो से उन्होंने 100 किलो का आंकड़ा छू लिया है और यह सफर अभी भी जारी है।

# साउथ सिनेमा कर रहा रजनीकांत की जेलर का विरोध, निर्देशक सकिर मादाथिल ने मोर्चा खोला




**मुंबई (ईएमएस)।** तमिल सुपरस्टार रजनीकांत की फिल्म जेलर का साउथ सिनेमा जमकर विरोध कर रहा है। इसके लिए निर्देशक सकिर मादाथिल ने मोर्चा खोल दिया है। हालांकि जल्दी ही रजनीकांत की फिल्म जेलर सिनेमाघरों में लगने वाली है। ये फिल्म एक साथ 5 भाषाओं में 10 अगस्त के दिन रिलीज हो रही है। इस बीच मूवी को लेकर साउथ सिनेमा में काफी विरोध और प्रदर्शन का भी दौर शुरू हो चुका है। ताजा रिपोर्ट्स के मुताबिक रजनीकांत की मूवी जेलर के खिलाफ मलयालम फिल्म निर्देशक सकिर मादाथिल ने मोर्चा खोल दिया है। दरअसल, जिस दिन तमिल सुपरस्टार रजनीकांत की मूवी जेलर थियेटर पहुंच रही है, ठीक उसी दिन मलायलम फिल्म निर्देशक सकिर मादाथिल की मूवी जेलर भी रिलीज होने वाली है। ऐसे में उनकी फिल्म की सीधी टक्कर सिनेमाघरों में सुपरस्टार रजनीकांत की फिल्म जेलर से होने वाली है। बॉलीवुड लाइफ के अनुसार इस महाक्लैश का असर मलयालम फिल्म निर्देशक सकिर मदाथिल की मूवी जेलर पर पड़ रहा है। जिसकी वजह से उनकी फिल्म को अच्छी संख्या में सिनेमाघर नहीं मिल रहे हैं। इस वजह से मलायलम फिल्म निर्देशख केरल फिल्म चेंबर ऑफ कॉमर्स के आगे एक दिन के धरने पर बैठ गए हैं। उन्होंने मांग की है कि दूसरी भाषाओं की फिल्मों की रिलीज से मलयालम फिल्मों को बचाया जा सके। उन्होंने कहा कि केरल में एग्जीबिटर्स मेरी फिल्म को रिलीज करने के लिए उत्सुक नहीं है और रजनीकांत की फिल्म को प्रमोट कर रहे हैं। अगर यही हाल रहा तो मलायलम फिल्में कैसे तरक्की करेंगी। निर्देशक सकिर ने कहा कि मुझे तमिल फिल्मों के केरल में रिलीज होने से कोई दिक्कत नहीं हैं। लेकिन ये मलयालम फिल्मों को रोककर नहीं होना चाहिए। मुझे मेरी फिल्म से अच्छे रिटर्न के लिए करीब 70-75 स्क्रीन्स की जरूरत है। लेकिन लगता है कि मेरी फिल्म को 40 थियेटर्स भी नहीं मिलेंगे जो पहले इसके लिए तैयार हो गए थे। अब वो भी मेरी मूवी को रिलीज करने से मना कर रहे हैं। हालांकि टाइटल जेलर को लेकर भी विवाद छिड़ चुका था। निर्देशक ने दावा किया था कि उन्होंने अपनी फिल्म का टाइटल जेलर साल 2021 में केरल फिल्म चेंबर ऑफ कॉमर्स में पहले ही दर्ज करवा दिया था।

# सनी लियोन ने की अनुराग कश्यप की तारीफ




**मुंबई (ईएमएस)।** एक्ट्रेस सनी लियोन ने डायरेक्टर अनुराग कश्यप की जमकर तारीफ की। उनमें लोगों को अलग नजरिए से देखने की क्षमता है, जो उन्हें खास बनाती है। सनी ने बताया, मुझे निश्चित रूप से लगता है कि वह एक जादूगर हैं। उनके पास लोगों को अलग नजरिए से देखने की क्षमता है, जो उन्हें खास बनाती है। वह चुनते हैं कि वह किसके साथ काम करें और कैसे उनकी मदद करें, पेशेवर या व्यक्तिगत रूप से उनका कैसे पालन-पोषण करें। वह अद्भुत व्यक्ति हैं। एक्ट्रेस ने एक सवाल के जवाब में कहा, वास्तव में जीवन में कुछ भी हो सकता है और एक फोन कॉल के भीतर आपका जीवन बदल सकता है। मैं कान में इस बड़ी शुरूआत और कैनेडी को कई फेस्टिवल्स से दुनिया भर में स्वीकार किए जाने के बाद जो कुछ भी होने वाला है, उसे लेकर बहुत उत्साहित हूं। कश्यप द्वारा निर्देशित फिल्म कैनेडी में राहुल भट्ट भी हैं। नियो-नोयर थ्रिलर फिल्म अग्ली (2013) और दोबारा (2022) के बाद यह तीसरी बार है, जब कश्यप और भट्ट एक साथ काम कर रहे हैं।

## सूडोकु नवताल- 6517

★★★✯☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 3 | | | |
| | 2 | | | 9 | 5 | | | |
| 9 | | | | | | 6 | | |
| | | | 9 | | | | 3 | 5 |
| | 6 | | | | | | 7 | |
| 4 | 8 | | | | 1 | | 6 | 2 |
| | | 7 | | | | | | 3 |
| | | | 2 | 4 | | | 9 | |
| | | | 8 | | | 2 | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -6516 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |

## शब्दजाल - 7264

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | क | ल | इं | दि | रा | गां | धी | इं | ल | ज |
| र | ट | ल | दे | व | गौ | ड्र | इं | द्र | ट | वा |
| त | स | ल | ल | र्म | छ | मो | रा | कु | ख | ह |
| च | ज | ज | बि | पु | र | रा | प | मा | ली | र |
| म | र | दो | ग | हा | लं | र | तू | र | झ | ला |
| न | क | ण | प | ह | री | जी | ना | गु | घ | ल |
| मो | अ | स | सिं | या | प | दे | श | ज | ला | ने |
| ह | ता | दा | ई | ह | ब | सा | फ | रा | श | ह |
| न | बा | चे | न | ब्रा | जी | ई | री | ल | प | रु |
| सिं | पा | ला | ल | ब | हा | दु | र | शा | स्त्री | ता |
| ह | रा | जी | व | गां | धी | रा | बा | द | प | न |

*शब्द जाल में भारत के 10 प्रधानमंत्रियों के नाम नाम ढूंढिए. नाम उपर से नीचे एवं तिरछे हो सकते हैं.*

जवाहरलाल नेहरु, लालबहादुर शास्त्री, चरण सिंह, मोरारजी देसाई, इंदिरा गांधी, राजीव गांधी, अट्लबिहारी, मनमोहन सिंह, इंद्रकुमार गुजराल, देवगौडा

**शब्दजाल - 7263 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स | म | र | यु | दा | प | र | तू | ग | झ | दो |
| ज | अ | ल | प | मु | रिं | शो | ना | दि | शा | आं |
| अं | इ | नु | म | ल | दा | ल | ध | र | ला | खें |
| ती | कु | दा | रा | धा | ब | क | प | रि | श | बा |
| स | ति | श | न्द | धा | क | ब | री | ग | वी | र |
| री | रं | ल | प | व | लि | र्त | ऐ | ती | प | ह |
| क | गा | ल | श | गा | प | म | त्रां | कौ | या | हा |
| स | बा | अ | र्जा | त | क | छ | प्प | ग | श | थ |
| म | स | मि | तें | व | न | ज | मृ | शा | जू | द |
| द | र | ल | श | ह | र | औ | र | स | प | ना |
| थो | झ़ | सा | रु | बा | घ | ब | हा | दु | र | क |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग - 6217

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | 6 | | | 4 |
| | 32 | | 29 | 2 | 32 | |
| 3 | | | 2 | | 6 | 5 |
| | 38 | | 29 | 1 | 29 | 3 |
| | | 4 | 3 | 7 | | |
| 4 | 35 | 2 | 35 | | 30 | 6 |
| 7 | | 3 | | | 2 | 1 |

*प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.*

**अष्टयोग 6216 का हल**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 5 | 3 | 6 | 1 | 2 | 7 |
| 2 | 31 | 7 | 31 | 4 | 28 | 2 |
| 7 | 2 | 1 | 6 | 3 | 5 | 4 |
| 3 | 34 | 6 | 31 | 6 | 33 | 5 |
| 6 | 5 | 4 | 3 | 2 | 7 | 1 |
| 5 | 31 | 5 | 32 | 7 | 38 | 3 |
| 1 | 3 | 2 | 4 | 5 | 7 | 6 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

# पटियाला पीयू की परनीत ने गोल्ड पर साधा निशाना : जर्मनी में विश्व तीरंदाजी चैंपियनशिप में रचा इतिहास; पीएम मोदी ने दी बधाई

चैंपियन कंपाउंड टीम का हिस्सा हैं



**पटियाला।**
जर्मनी के बर्लिन में चल रही विश्व तीरंदाजी चैंपियनशिप में भारतीय लड़कियों की कंपाउंड टीम ने पहली बार स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया है। इस टीम में पंजाबी यूनिवर्सिटी से छात्रा परनीत कौर मेंबर हैं। परनीत की इस उपलब्धि से यूनिवर्सिटी कैंपस में खुशी का माहौल है।

बता दें कि भारतीय कंपाउंड टीम ने फाइनल में मेक्सिको को हराकर यह जीत हासिल की। परनीत कौर पीयू के आर्चरी कोच सुरिंदर रंधावा से तीरंदाजी की ट्रेनिंग लेती हैं। कोच ने कहा कि उन्हें अपनी स्टूडेंट की इस उपलब्धि पर बेहद गर्व महसूस हो रहा है।

### पीएम मोदी ने कहा- भारत के लिए गर्व का क्षण

प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट किया, बर्लिन में आयोजित विश्व तीरंदाजी चैंपियनशिप में हमारी उत्कृष्ट कंपाउंड महिला टीम के रूप में भारत के लिए गर्व का क्षण। हमारे चैंपियनों को बधाई। उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण से इस महान परिणाम को लाने में सक्षम है।

### परनीत ने मानसा जिले का नाम रोशन किया : मीत हेयर

पंजाब के खेल मंत्री गुरमीत सिंह मीत हेयर ने लिखा कि, बर्लिन में विश्व तीरंदाजी चैंपियनशिप के फाइनल में भारतीय महिला कंपाउंड टीम ने मेक्सिको को 235-229 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। इस स्वर्णिम उपलब्धि के लिए भारतीय टीम को बधाई। इस गौरवान्वित टीम में हमारे पंजाब के मानसा जिले के मंढाली गांव की परनीत कौर भी शामिल थीं। प्रतिभाशाली तीरंदाज को भविष्य के लिए शुभकामनाएं।

### बेटियों आप पर गर्व है : अनुराग ठाकुर

केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने ट्वीट किया कि जिस आत्मविश्वास और कौशल के साथ आपने भारत को जीत दिलाई वह वास्तव में असाधारण है। टूर्नामेंट में चुनौतीपूर्ण मौसम और मजबूत मैदान पर काबू पाना अद्वितीय और प्रेरणादायक। बेटियों, तुम पर बहुत गर्व है। आपने भारत को गौरवान्वित किया है। आप देश और दुनिया के लिए इतिहास को फिर से लिखना जारी रखें। बधाई

### भारतीय टीम ने इतिहास रच दिया : रक्षा मंत्री

भारतीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लिखा, ज्योति सुरेखा, परनीत कौर और अदिति गोपीचंद स्वामी की कंपाउंड महिला टीम ने बर्लिन में विश्व तीरंदाजी चैंपियनशिप में भारत के लिए पहला स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया है।

## न्यूज़ ब्रीफ

### भारत में वर्ल्ड कप खेलने आएगी पाकिस्तान टीम, सरकार ने जांच के बाद परमिशन दी; कहा- स्पोर्ट्स को राजनीति से अलग रखना चाहिए



**कराची।** पाकिस्तान सरकार ने अपनी टीम को वर्ल्ड कप खेलने के लिए भारत जाने की परमिशन दे दी है। पाकिस्तान विदेश मंत्रालय की ओर से कहा गया, स्पोर्ट्स को पॉलिटिक्स से हमेशा दूर रखना चाहिए। पाकिस्तान इसीलिए अपनी टीम को 2023 के आईसीसी वर्ल्ड कप के लिए भारत भेजने के लिए तैयार है। भारत में वनडे वर्ल्ड कप 2 महीने बाद 5 अक्टूबर से खेला जाएगा। पाकिस्तान का पहला मैच 6 अक्टूबर को नीदरलैंड्स से होगा। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने कहा, दोनों देशों के राजनीतिक विवादों को इंटरनेशनल क्रिकेट के बीच नहीं लाना चाहिए। भारतीय टीम भले ही एशिया कप खेलने के लिए पाकिस्तान नहीं आ सकती, लेकिन पाकिस्तान अपनी टीम के साथ ऐसा नहीं करेगा। पाकिस्तान को अब भी अपनी क्रिकेट टीम की सुरक्षा की चिंता है। हमने आईसीसी और बीसीसीआई को इस बारे में बताया है। हमें उम्मीद है कि भारत में पाकिस्तान क्रिकेट टीम की सिक्योरिटी और सेफ्टी का ध्यान रखा जाएगा। पाकिस्तान सरकार ने आईसीसी से लिखित आश्वासन मांगा है पाकिस्तान सरकार और क्रिकेट बोर्ड ने पिछले दिनों इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल से लिखित में सिक्योरिटी का आश्वासन मांगा था। पीसीबी ने आईसीसी से कहा था, हम टीम को भारत भेज देंगे, लेकिन सुरक्षा को देखते हुए हमें आईसीसी से लिखित में आश्वासन चाहिए। इस बार का वनडे वर्ल्ड कप भारत में 5 अक्टूबर से खेला जाएगा। ओपनिंग मैच इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच होगा। पाकिस्तान अपना पहला मैच 6 अक्टूबर को नीदरलैंड के खिलाफ खेलेगा। टीम का दूसरा मैच श्रीलंका से होगा। दोनों ही मैच हैदराबाद में खेले जाएंगे। पाकिस्तान क्रिकेट टीम के 3 वर्ल्ड कप मैच सुरक्षा कारणों से री-शेड्यूल हो सकते हैं।

### मिचेल मार्श ऑस्ट्रेलिया के नए टी-20 कप्तान: साउथ अफ्रीका दौरे पर कमान संभालेंगे; चोटिल कमिंस को आराम, स्टीव स्मिथ टीम का हिस्सा



**नई दिल्ली।** मिचेल मार्श को ऑस्ट्रेलिया का नया टी-20 कप्तान बनाया गया है। वह साउथ अफ्रीका दौरे पर टीम की कमान संभालेंगे। साउथ अफ्रीका में टीम 3 टी-20 और 5 वनडे खेलेगी। वनडे और टेस्ट टीम के कप्तान पैट कमिंस को टी-20 से आराम दिया गया है। जून 2024 में होने वाले टी-20 वर्ल्ड कप को देखते हुए मार्श को ही टीम का परमानेंट टी-20 कप्तान भी बनाया जा सकता है। साउथ अफ्रीका के खिलाफ टी-20 टीम में लेफ्ट आर्म पेसर स्पेंसर जॉनसन को मौका मिला है। उन्हें पहली बार ऑस्ट्रेलिया के स्क्वॉड में जगह मिली। उनके साथ ही मैथ्यू शॉर्ट और आरोन हार्डी को भी टी-20 का हिस्सा बनाया गया। शॉर्ट बिग-बैश लीग के पिछले सीजन में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट रहे थे, जबकि हार्डी ऑस्ट्रेलिया के वनडे वर्ल्ड कप स्क्वॉड का भी हिस्सा हैं। मिचेल मार्श को फिलहाल टी-20 टीम का परमानेंट कप्तान नहीं बनाया गया है। वह साउथ अफ्रीका दौरे पर 3 टी-20 के लिए ही कप्तान रहेंगे। साउथ अफ्रीका में 3 टी-20 मैच 30 अगस्त, एक सितंबर और 3 सितंबर को खेले जाएंगे। ऑस्ट्रेलिया फिर वनडे वर्ल्ड कप तक कोई भी टी-20 नहीं खेलेगा। वर्ल्ड कप के बाद टीम भारत में ही 5 टी-20 की सीरीज खेलेगी।

### जीपीबीएल के दूसरे सत्र के ड्रॉफ्ट में सबसे महंगे खिलाड़ी बने मिथुन, 27 अगस्त से होगा टूर्नामेंट



**बेंगलुरु।** राष्ट्रीय चैंपियन मिथुन मंजूनाथ ग्रां प्री बैडमिंटन लीग (जीपीबीएल) के दूसरे सत्र के लिए खिलाड़ियों की नीलामी में सबसे अधिक रकम हासिल करने वाले खिलाड़ी बनकर उभरे। इस लीग का आयोजन यहां 27 अगस्त से नौ सितंबर तक होगा। बंगलूरू के 25 साल के इस खिलाड़ी ने कुछ दिन पहले ऑस्ट्रेलिया ओपन में दुनिया के सातवें नंबर के खिलाड़ी लोह कीन यू को हराया था। मिथुन को टीम में शामिल करने के लिए बंगलूरू टाइगर्स ने भी पूरा जोर लगाया लेकिन चेन्नई सुपरस्टार्स ने इस खिलाड़ी के लिए 14.5 लाख रुपये बोली लगाकर बाजी मार ली।

वनडे वर्ल्ड कप के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम का ऐलान

# लाबुशेन का नाम नहीं, अनकैप्ड खिलाड़ी तनवीर संघा और एरोन हार्डी को जगह

**ऑस्ट्रेलिया।**

**क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने 2 महीने बाद शुरू होने वाले वनडे वर्ल्ड कप के लिए 18 संभावित खिलाड़ियों को चुन लिया है। संभावितों में सबसे चौंकाने वाला नाम अनकैप्ड लेग स्पिनर तनवीर संघा और अनुभवहीन ऑलराउंडर एरोन हार्डी का है। वहीं टेस्ट टीम के स्टार मार्नस लाबुशेन को टीम में जगह नहीं मिली है।**

टीम की कप्तानी पैंट कमिंस के पास ही रहेगी। हालांकि, कमिंस अभी चोटिल हैं, उम्मीद है कि वह वर्ल्ड कप तक पूरी तरह से फिट हो जाएंगे। यही टीम वर्ल्ड कप से पहले साउथ अफ्रीका और भारत के दौरे पर भी रहेगी। कमिंस साउथ अफ्रीका के साथ टी-20 सीरीज में शामिल नहीं होंगे, लेकिन वनडे सीरीज से पहले टीम से जुड़ जाएंगे।

वर्ल्ड कप 5 अक्टूबर से भारत में होना है। सभी टीम के स्क्वॉड में 15 प्लेयर्स रह सकेंगे, इनके टीमें 3 स्टैंड-बाय खिलाड़ियों के नाम भी दे सकती हैं। वर्ल्ड कप में भाग लेने वाले सभी देशों को 28 सितंबर तक फाइनल लिस्ट इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल को देना है।



एरोन हार्डी | तनवीर संघा

### तनवीर संघा के पिता पंजाब के रहने वाले

18 सदस्यीय ऑस्ट्रेलियाई टीम में भारतीय मूल के अनकैप्ड लेग स्पिनर तनवीर संघा को जगह दी गई है। 21 साल के संघा का जन्म ऑस्ट्रेलिया में हुआ था। तनवीर के पिता जोगा संघा जालंधर के पास एक गांव रहीमपुर के रहने वाले हैं। वह 1997 में पढ़ाई के लिए ऑस्ट्रेलिया चले गए, फिर सिडनी के पास सैटल हो गए। तनवीर के पिता सिडनी में टैक्सी ड्राइवर के रूप में काम करते हैं, जबकि उनकी मां उपनीत सिडनी में अकाउंटेंट के रूप में काम करती हैं।

### संघा का चुना जाना आश्चर्यचकित करने वाला

तनवीर संघा को वर्ल्ड कप के संभावितों में शामिल किया जाना हैरान करने वाला है, क्योंकि 21 साल के संघा पिछले सितंबर से क्रिकेट से दूर हैं। उन्हें कॉफ्स हार्बर में घरेलू मैच के दौरान में पीठ में फ्रैक्चर हो गया था, जिसके बाद उन्होंने कोई घरेलू मैच नहीं खेला।

### हार्डी को मार्श, ग्रीन, स्टोइनिस और एबॉट से टक्कर मिलेगी

एरोन हार्डी ने लिस्ट ए मैचों में 24 की औसत से 194 रन बनाए हैं और 15 विकेट लिए हैं। हार्डी बॉलिंग ऑलराउंडर हैं। वे मीडियम फास्ट बॉलर हैं। उन्हें टीम में बॉलिंग ऑलराउंडर मिचेल मार्श, कैमरून ग्रीन, मार्कस स्टोइनिस और सीन एबॉट के साथ संभावितों में शामिल किया गया है।

### पैट कमिंस एशेज सीरीज के दौरान हो गए थे चोटिल

इंग्लैंड के खिलाफ एशेज सीरीज के दौरान तेज गेंदबाज पैट कमिंस की कलाई फ्रैक्चर हो गई थी। उन्हें डॉक्टरों ने 6 हफ्ते के आराम की सलाह दी। उम्मीद है कि वह वर्ल्ड कप से पहले फिट हो जाएंगे। वह साउथ अफ्रीका और उसके भारत दौरे पर वनडे टीम की कप्तानी करेंगे।

### इंडिया के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम में शामिल थे लाबुशेन

लाबुशेन इस साल मार्च में भारतीय दौरे पर वनडे सीरीज के लिए टीम में शामिल थे। लाबुशेन का वनडे में प्रदर्शन ज्यादा अच्छा नहीं रहा है। उन्होंने 30 वनडे मैचों में 31.37 की औसत से 847 रन बनाए हैं। इनमें एक शतक और छह अर्धशतक शामिल हैं।

### वनडे वर्ल्ड कप के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम:

पैट कमिंस (कप्तान), सीन एबॉट, एश्टन एगर, एलेक्स कैरी, नाथन एलिस, कैमरून ग्रीन, एरोन हार्डी, जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, जोश इंग्लिस, मिचेल मार्श, ग्लेन मैक्सवेल, तनवीर संघा, स्टीव स्मिथ, मिचेल स्टार्क, मार्कस स्टोइनिस, डेविड वॉर्नर, एडम जाम्पा।

# इंटर मियामी लीग कप के क्वार्टर फाइनल में, लियोनल मेसी के करिश्माई प्रदर्शन से मिली जीत



**टेक्सास (अमेरिका)।**
अमेरिका में अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबॉल खिलाड़ी लियोनल मेसी का करिश्माई प्रदर्शन जारी है। मेसी ने अपनी कप्तानी में इंटर मियामी को लीग के क्वार्टर फाइनल में पहुंचा दिया है। इंटर मियामी टूर्नामेंट के इतिहास में पहली बार अंतिम-8 में पहुंची है। 2019 में शुरू हुए टूर्नामेंट का यह तीसरा संस्करण है। इंटर मियामी की टीम पहली बार ही लीग कप में हिस्सा ले रही हैं। मेसी ने टीम को खिताब के नजदीक पहुंचा दिया है। अब इंटर मियामी को फाइनल में पहुंचने के लिए दो और मैच जीतने हैं। टेक्सास के टोयोटा स्टेडियम में होम टीम एफसी डलास के खिलाफ इंटर मियामी ने पेनल्टी शूटआउट में जीत हासिल की। निर्धारित 90 मिनट तक मैच 4-4 की बराबरी पर रहने के बाद पेनल्टी शूटआउट में फैसला हुआ। वहां इंटर मियामी ने 5-3 से जीत हासिल की। क्वार्टर फाइनल में टीम का मुकाबला 11 अगस्त को ह्यूस्टन डायनेमो या चार्लोट एफसी से होगा।

### मेसी ने छठे मिनट में ही किया था गोल

मैच की बात करें तो मेसी ने छठे मिनट में गोल कर इंटर मियामी को 1-0 से आगे कर दिया। डलास की टीम ने 37वें मिनट में वापसी की। उसके लिए फाकुंडो क्विकनॉन ने पहला गोल किया। हाफटाइम से ठीक पहले 45वें मिनट में बर्नार्ड कामुंगो ने डलास की टीम को 2-1 से आगे कर दिया। हाफटाइम के बाद दोनों टीमों के बीच जोरदार मुकाबला देखने को मिला। 63वें मिनट में डलास के लिए एलन वेलास्को ने गोल कर दिया और अब स्कोर 3-1 हो गया।

### 2-4 से पीछे हो गई थी इंटर मियामी

डलास की टीम जब मैच में 3-1 से आगे थी तो लगा कि लियोनल मेसी की टीम इंटर मियामी क्वार्टर फाइनल में नहीं पहुंच पाएगी। 65वें मिनट में इंटर के लिए बेंजामिन क्रेमास्कि ने गोल कर स्कोर को 3-2 कर दिया, लेकिन रॉबर्ट टेलर ने आत्मघाती गोल कर दिया। अपने खिलाड़ी की गलती के कारण इंटर की टीम मैच में 2-4 से पीछे हो गई। अब उसकी हार लगभग तय हो गई थी। 80वें मिनट में डलास के खिलाड़ी मार्को फरफान ने रॉबर्ट टेलर जैसी गलती की। फरफान ने आत्मघाती गोल किया।

डेनियल विटोरी सनराइजर्स हैदराबाद के हेड कोच बने

# ब्रायन लारा की जगह ली; विटोरी आरसीबी के भी कोच रह चुके

**नई दिल्ली।**
सनराइजर्स हैदराबाद ने ब्रायन लारा के साथ दो सीजन तक चले कॉन्ट्रैक्ट तोड़ते हुए डेनियल विटोरी को अपना हेड कोच नियुक्त करने की घोषणा की। न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान विटोरी आईपीएल में दूसरी बार कोच बनेंगे। इससे पहले 2014 से 2018 तक विटोरी ने रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर को कोचिंग दी थी। ट्विटर पर इसकी जानकारी दी। टीम ने लिखा कि, कीवी दिग्गज डेनियल वीटोरिउ हमारी टीम में हेड कोच के रूप में शामिल हुए है।

### द हंड्रेड में कोचिंग दे रहे है विटोरी

डेनियल विटोरी इस समय इंग्लैंड की टी-20 लीग द हंड्रेड में बर्मिंघम फीनिक्स टीम को कोचिंग दे रहे है। विटोरी के पास कोचिंग का अनुभव है। विटोरी ने आरसीबी के साथ 2015 में आईपीएल प्लेऑफ और 2016 के फाइनल में जगह बनाई थी। विटोरी ने हाल ही में ऑस्ट्रेलिया मेंस टीम के असिस्टेंट कोच के रूप में भी काम किया है, और स्पिन कोच के रूप में बांग्लादेश की भी मदद की।

### लारा ने टॉम मूडी की जगह ली थी

लारा से अलग होने पर कहा कि, लारा को सनराइजर्स में योगदान के लिए धन्यवाद। हम आपके भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हैं। लारा ने आईपीएल 2023 से पहले हेड कोच के रूप में टॉम मूडी की जगह ली थी। वेस्टइंडीज के दिग्गज खिलाड़ी आईपीएल 2022 के दौरान स्क्र॥ में बैटिंग कोच के रूप में शामिल हुए थे। सनराइजर्स के हेड कोच के रूप में लारा का समय अच्छा नहीं रहा, क्योंकि फ्रेंचाइजी आईपीएल 2023 में 10वें स्थान पर रही थी। आईपीएल 2020 और 2021 सीजन के लिए ट्रेवर बेलिस को जगह देने से पहले मूडी आईपीएल 2019 में उनके मुख्य कोच थे। आईपीएल में इस साल तीन नए कोच नियुक्त कर रही है।



# इंजमाम-उल-हक पाकिस्तान के चीफ सिलेक्टर बने : दूसरी बार यह पोस्ट संभालेंगे, हारून रशीद की जगह लेंगे

**कराची।**
पूर्व पाकिस्तानी कप्तान इंजमाम उल हक पाकिस्तान क्रिकेट टीम के चीफ सिलेक्टर बनाए गए हैं। इससे पहले, वे टीम के कोचिंग स्टॉफ का हिस्सा रहे हैं। 53 साल के इंजमाम उल हक को चीफ सिलेक्टर बनाए जाने का ऐलान पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने अपने अधिकृत सोशल मीडिया अकाउंट पर किया। 53 साल के इंजमाम पूर्व सिलेक्टर हरून रशीद की जगह लेंगे। पिछले महीने रशीद ने अपनी पोस्ट छोड़ दी थी। इंजमाम के सामने एशिया कप के लिए टीम चुनने की जिम्मेदारी होगी, क्योंकि बोर्ड ने एक दिन पहले वर्ल्ड कप के लिए 13 खिलाड़ियों का चयन किया है। बोर्ड ने 2 खाली स्पॉट के लिए 6 खिलाड़ियों के नाम शॉर्टलिस्ट भी किए हैं। एशिया कप के लिए टीम चुनना बड़ी चुनौती पूर्व पाकिस्तानी कप्तान इंजमाम के सामने एशिया कप के लिए पाकिस्तान की टीम चुनने की जिम्मेदारी होगी। यह जिम्मेदारी इसलिए भी बढ़ी है, क्योंकि इस बार पाकिस्तान ही एशिया कप की मेजबानी कर रहा है। ऐसे में इंजमाम को ऐसी टीम चुननी होगी, ट्रॉफी जीत सके। पिछले एशिया कप के फाइनल में पाकिस्तानी टीम को श्रीलंका के खिलाफ पराजय झेलनी पड़ी थी। एशिया कप का मौजूदा सीजन 30 अगस्त से पाकिस्तान और श्रीलंका में खेला जाएगा।





### 31 टेस्ट में कर चुके हैं पाकिस्तान की कप्तानी

इंजमाम उल हक 31 टेस्ट मुकाबलों में पाकिस्तान की कप्तानी कर चुके हैं। उन्होंने 378 वनडे मुकाबले भी खेल चुके हैं। उनके नाम 20 हजार से ज्यादा इंटरनेशनल रन हैं। इनमें 35 शतक शामिल हैं।

### चैंपियंस ट्रॉफी का टाइटल जिता चुके हैं इंजमाम

इंजमाम उल हक पहले भी पाकिस्तान के सिलेक्टर रहे हैं। इंजमाम ने 2016 से 2019 के बीच यह पदभार संभाला। तब पाकिस्तान ने 2017 चैंपियंस ट्रॉफी जीती थी। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने 2 महीने बाद शुरू होने वाले वनडे वर्ल्ड कप के लिए संभावित खिलाड़ियों को चुन लिया है। वर्ल्ड कप स्क्वॉड में 15 प्लेयर्स शामिल हो सकेंगे, पीसीबी के थिंक टैंक (एक्सपर्ट्स) ने इसके लिए 13 प्लेयर्स तय कर लिए हैं। बाकी बची 2 जगह पर भी 6 खिलाड़ी शॉर्टलिस्ट किए हैं। टीम जारी करने की डेडलाइन 5 सितंबर है, उससे पहले शॉर्टलिस्ट किए गए 6 में से 2 खिलाड़ियों को शामिल कर फाइनल स्क्वॉड जारी कर दिया जाएगा।

# अफगानिस्तान ने पाक के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज के लिए घोषित की टीम

**काबुल।**

**अफगानिस्तान ने पाकिस्तान के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज के लिए अपनी 18 सदस्यीय टीम घोषित कर दी है। इस टीम की कप्तानी हशमतुल्लाह शाहिदी करेंगे। वहीं युवा स्पिनर नूर अहमद को भी इस टीम में जगह दी गयी है। दोनो ही टीमों के बीच तीन मैचों की ये सीरीज श्रीलंका में खेली जाएगी। आगामी एशिया कप और विश्व कप को ध्यान में रखते हुए दोनो ही टीमों के लिए यह सीरीज महत्वपूर्ण है, क्योंकि उनके पास अपनी रणनीति और तैयारी को और बेहतर करने का अवसर है।**

नूर को विश्व भर की टी20 लीग में अच्छे प्रदर्शन का लाभ मिला है। नूर की वापसी के कारण बाएं हाथ के स्पिनर जिया उर रहमान अकबर को टीम में जगह नहीं मिली है।



**एकदिवसीय सीरीज के लिए अफगानिस्तान टीम इस प्रकार है :** हशमतुल्लाह शाहिदी (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज़ (विकेटकीपर), इकराम अलिखिल (विकेटकीपर), इब्राहिम जादरान, रियाज हसन, रहमत शाह, नजीबुल्लाह जादरान, मोहम्मद नबी, अजमतुल्लाह उमरजई, राशिद खान, नूर अहमद, मुजीब उर रहमान, फजलहक फारूकी, अब्दुल रहमान, मोहम्मद सलीम, वफादार मोमंद।

**रिजर्व :** फरीद अहमद और शाहिदुल्लाह कमल।

### कोको गॉफ ने जीता डीसी ओपन का खिताब, फाइनल में सकारी को लगातार सेटों में 6-2, 6-3 से हराया



**वॉशिंगटन।** कोको गॉफ ने 2023 सिटी डीसी ओपन का खिताब जीत लिया है। अमेरिकी खिलाड़ी ने फाइनल में मारिया सकारी को एक घंटे और 24 मिनट तक चले मुकाबले में 6-2, 6-3 से हरा दिया। यह गॉफ का चौथा टाइटल रहा। पहली बार उन्होंने टूर्नामेंट जीता है। बाकी की तीन खिताबों में से एक एएसबी क्लासिक का खिताब भी है, जो कि उन्होंने इस साल न्यूजीलैंड में जीता था। यह दोनों के बीच छठा मुकाबला था। सकारी ने गॉफ के खिलाफ छह में से चार मुकाबले जीते हैं। डीसी ओपन फाइनल में जीत से पहले गॉफ ने सकारी पर 2021 इटैलियन ओपन में जीत हासिल की थी। इससे पहले मारिया सकारी शानदार फॉर्म में थीं। सेमीफाइनल में उन्होंने तीन सेट तक चले कड़े मैच में शीर्ष वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला को पराजित करके डीसी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। 28 वर्षीय सकारी ने पेगुला को 6-3, 4-6, 6-2 से हराया था। वहीं, दूसरे सेमीफाइनल में गॉफ ने मौजूदा विजेता ल्यूडमिला सैमसोनोवा को 6-3, 6-3 से शिकस्त दी थी। सकारी हार्ड कोर्ट पर खेले जाने वाले टूर्नामेंट में पांच बार फाइनल में पहुंची हैं, लेकिन कभी खिताब नहीं जीत पाई हैं।



## बीमारियों को चुटकियों में ठीक करे

# जोंक थेरेपी

**लीच** थेरेपी यानि जोंक चिकित्सा को प्राचीन काल से ही इस्तेमाल किया जाता है। उन्नीसवीं सदी की शुरूआत में यह थेरेपी उच्चतम लोकप्रियता पर पहुंच गई थी। लेकिन बींसवी सदी में लोगों के बीच इसका क्रेज नहीं रहा। आधुनिक विज्ञान ने इसकी ओर ध्यान नहीं दिया और तर्क के आधार पर चिकित्सा करनी शुरू की दी। लेकिन हाल ही में कुछ शोधकर्ताओं ने पाया यह चिकित्सा पद्धति काफी स्वास्थ्यकारी है।

इस उपचार विधि को हिरदुथेरेपी के नाम से जाना जाता है। लीच थेरेपी को हृदय रोगों के उपचार में प्रयोग किया जाता है। लीच यानि जोंको के द्वारा निकलने वाली लार से शरीर का रक्त पतला होता है और रक्त का थक्का नहीं जमता है। यह शरीर में रक्त का संचार अच्छा कर देता है और संयोजी ऊतकों में दर्द के लिए संवेदनशीलता को बढ़ाता है। वैकल्पिक चिकित्सा की समीक्षा में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार, जोंक चिकित्सा, सूजन और पैर दर्द में भी लाभकारी होती है और त्वचा के मलिनकरण को भी कम कर देती है। अगर पैरों में गहरी नसों में रक्त का थक्का जम जाता है तो इससे सही हो जाता है। बस, प्रभावित हिस्से में चार से पांच जोंक को चिपका दिया जाता है और उन्हें काटने दिया जाता है।

बहुत सारे चिकित्सकों का मानना है कि लीच थेरेपी, सर्जरी के बाद टिश्यू को हेल्दी बनाएं रखने के लिए भी अच्छी रहती है। जोंक की लार की मदद से रक्त पतला बना रहता है और शिराओं में घनापन नहीं हो पाता है।



### थेरेपी उपयोग करने के फायदे

- दर्दनाक चोटों और पुनर्निर्माण सर्जरी के फलस्वरूप होने वाली सूजन में भी यह थेरेपी कारगर होती है। शोधकर्ताओं का यह भी मानना है कि यह कैंसर ड्रग के रूप में भी उपयोगी हो सकती है।
- लीच यानि जोंक की लार में घिलाटेन नामक घटक पाया जाता है जो विभिन्न प्रकार के ट्यूमर की ग्रोथ को रोक देता है। साथ ही इसकी लार में पेप्टाइड भी होता है जिसे हीरूडिन कहा जाता है जो काफी बेहतर एंटीकोग्लुएंट होता है और इसमें कैंसर-विरोधी गुण भी होते हैं। अचानक से होने वाले बहरेपन, सूजन और टिटनेस में भी यह लाभकारी होती है।
- अनुसंधान आयुर्वेद लेख के अनुसार, जब लीच थेरेपी को रोगी की टांग पर शुरू किया जाता है जो गठिया की समस्या में उसे काफी लाभ मिलता है। हालांकि, इसे बेहद सावधानी से करने की आवश्यकता होती है क्योंकि इसके काफी साइडइफेक्ट भी होते हैं। इससे त्वचा पर दाग पड़ सकता है, फफोले पड़ सकते हैं और वहां पर घाव भी हो सकता है।


# कान छिदवाने के इन फायदों के बारे में पता है आपको ?

**कान** छिदवाना ना मात्र फैशन की देन है बल्कि यह भारतीय संस्कार का एक अहम हिस्सा भी है। जहां लड़कियां कान और नाक दोनों ही छिदवाती हैं वहीं आज कल तो पुरुष भी फैशन के चक्कर में एक कान या दोनों कान छिदवाने से पीछे नहीं हटते।



**कान छिदवाने के बाद देखभाल करने के खास टिप्सः** भारत के अनेक राज्यों में आज भी कर्णवेध संस्कार होता है जिसमें बालक और बालिकाओं का कान छेदा जाता है। अन्य संस्कारों की भांति इसे भी आवश्यक माना जाता था। कान छिदवाने की प्रथा कोई ऐसे ही नहीं शुरु की गई थी, बल्कि इसके पीछे कई स्वास्थ्य लाभ भी छुपे हुए थे।

**कान छिदवाना समय ध्यान रखें ये बातें :** कान के बीच की सबसे खास जगह पर जब प्रेशर लगाया जाता है तो इसके बीच की सभी नसें एक्टिव हो जाती हैं। आज हम मात्र फैशन को ध्यान में रख कर कान छिदवाते हैं मगर जब आप इसके स्वास्थ्य लाभो के बारे में पढ़ेंगे तो आप चौंक जाएंगे।



**दिमाग का विकास होता हैः** महान ऋषि सुश्रुत के अनुसार कान के निचले हिस्से (ear lobes) में एक प्वाइंट होता है, जो मस्तिष्क के बाएं और दाएं गोलार्द्ध से कनेक्ट होते हैं। जब इस प्वाइंट पर छेद किए जाते हैं तो, यह दिमाग के हिस्से को एक्टिव बनाते हैं। इसलिए जब बच्चे का दिमाग बढ रहा हो, तभी उसके कान छिदवा देने चाहिए।

## फोल्डेबल स्मार्ट इलेक्ट्रिक बाइक...



**चीन** की इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी शाओमी ने नई फोल्डेबल स्मार्ट इलेक्ट्रिक बाइक लॉन्च की है जिसकी कीमत 2,999 युआन यानी करीब 30,699 रुपए है। बाइक में इलेक्ट्रिक मोटर लगी है जो टार्क मेजरमेंट मेथड से राइडर को बाइक चलाने में मदद करती है। यह बाइक फिटनेस से संबंधित मानकों को भी जैसे कैलोरीज बर्नड, डिस्टेंस ट्रेवल्ड और स्पीड के बारे में भी बताती है। इसमें पैनासोनिक की 18650 बैटरी लगाई गई है जो एक बार चार्ज करने पर 45 किलोमीटर का बैकअप देती है। इसके डिजाइन को इस तरह बनाया गया है कि आप आसानी से फोल्ड कर इसे कहीं भी अपने साथ लेकर जा सकते हैं।



# ऑब्सट्रक्टिव स्लीप एप्निया क्या है ?

**ऑब्सट्रक्टिव स्लीप** एप्निया (ओएसए) नामक रोग में सोते समय अक्सर सांस लेने की प्रक्रिया कुछ पलों के लिए रुक जाती है और इसके बाद यह फिर शुरू हो जाती है।

### लक्षण

- इतनी जोर से खर्राटे लेना कि अन्य लोगों की नींद में खलल पड़े।
- सोते हुए बीच-बीच में अचानक सांस नहीं आना, जिससे अक्सर पीड़ित व्यक्ति नींद से उठ जाता है।
- सोते समय बीच-बीच में सांस रुकना।
- दिन भर सुस्ती छाई रहना, जिससे व्यक्ति काम के दौरान, टेलीविजन देखते हुए या वाहन चलाते हुए सो सकता है।

### किन लोगों को है जोखिम

- मोटापे से ग्रस्त लोगों को ऑब्सट्रक्टिव स्लीप एप्निया होनी की आशंकाएं ज्यादा होती हैं।
- गर्दन के मोटा होने से सांस मार्ग छोटा हो सकता है और यह स्थिति मोटापे का संकेत हो सकती है। पुरुषों के लिए गर्दन की माप 17 इंच और महिलाओं के लिए 16 इंच से अधिक नहीं होनी चाहिए। इससे अधिक होने पर ऑब्सट्रक्टिव स्लीप एप्निया का जोखिम बढ़ जाता है।
- ऑब्सट्रक्टिव स्लीप एप्निया होने की संभावना उन लोगों में दोगुनी हो जाती है, जिन्हें रात में अक्सर नाक बंद होने की समस्या रहती है।

### जटिलताएं

इलाज न होने पर ओएसए से कई स्वास्थ्य समस्याएं पैदा हो सकती हैं।


### कार्डियो-वैस्क्युलर समस्याएं

ऑब्सट्रक्टिव स्लीप एप्निया के दौरान रक्त के ऑक्सीजन स्तर में अचानक कमी आना, ब्लड प्रेशर बढ़ना और कार्डियो-वैस्क्युलर सिस्टम पर दबाव बढ़ना सरीखी समस्याएं पैदा हो जाती हैं। इस रोग से ग्रस्त कई लोगों में उच्च रक्तचाप की समस्या होती है, जिससे हृदय संबंधी रोग होने की आशंका बढ़ जाती है। ऑब्सट्रक्टिव स्लीप एप्निया जितना गंभीर होगा, कोरोनरी आर्टरी डिजीज, दिल का दौरा पड़ना, हृदय की धड़कन रुक जाना और स्ट्रोक होने का जोखिम उतना ही बढ़ जाता है।

- दूसरों की नींद पूरी नहीं होना- तेज खर्राटों के कारण आपके आसपास के लोगों को भी सही तरीके से आराम नहीं मिल पाता। इसका असर आपके संबंधों पर भी पड़ने लगता है।

### जांच

स्लीप स्टडी या पॉलीसोम्नोग्राफी की जाती है। इसके अंतर्गत पल्स ऑक्सीमेट्री (ऑक्सीजन), मस्तिष्क की तरंगें (ईईजी), दिल की धड़कन (ईकेजी), सीने और आंखों की स्थिति का अध्ययन किया जाता है।




### आधुनिक जांच प्रक्रिया

आधुनिक तकनीक की मदद से आप इस रोग से संबंधित परीक्षणों को अपने घर में करा सकते हैं ताकि आपको अस्पताल में रात बिताने की जरूरत न पड़े। घड़ी की तरह दिखने वाली इस डिवाइस को आपकी उंगलियों के पौरों और बाजुओं पर लगा दिया जाता है, जिससे आपकी सोने की स्थितियों और आंखों की हरकतों पर नजर रखी जा सके।

### निद्रा अध्ययन भी जरुरी

निद्रा-अध्ययन के माध्यम से आपकी निद्रा संबंधी समस्याओं की जांच की जाती है। यह निद्रा के दौरान आपके मस्तिश्क की गतिविधियों, हृदय गति, पांवों के संचलन, ऑक्सीजन के स्तर तथा श्वास-संचालन की 6 से 8 तक घंटे की रिकॉर्डिंग होती है।



### निद्रा संबंधी सामान्य समस्याएं

- नींद आने में कठिनाई/समय लगना
- स्लीप एप्निआ जिसमें नींद के दौरान कभी-कभी साँस बंद हो जाती है
- खर्राटे लेना
- दिन में उनींदा लगना
- चीखते हुए, संभ्रम (कंफ्यूजन) अथवा घबराहट के साथ जागना यदि आपके अध्ययन से पता चलता है कि आप निद्रा संबंधी किसी अव्यवस्था के शिकार हैं तो आपके लिए सर्वश्रेश्ठ इलाज चुना जा सके, इसके लिए आपको एक और रात वापस आना होगा।



### इलाज

- निरंतर हवा का सकारात्मक दबाव बने रहना (सीपीएपी): यह एक छोटा पोर्टेबल मैकेनिकल डिवाइस है। इस डिवाइस में एक पंखा लगा होता है, जो नींद के दौरान लगातार हवा देकर आपके सांस मार्ग को खुला रखता है।
- कुछ ऐसे प्लास्टिक डिवाइस होते हैं, जिन्हें मुंह में पहना जाता है। दिखने में ये ऑर्थोडॉन्टिक रिटेनर्स या स्पोर्ट माउथ गार्ड्स की ही तरह होते हैं। ये ओरल डिवाइस सांस मार्ग को चिपकने से रोकते हैं।
- सर्जिकल इलाज के अंतर्गत नाक, तालू, जीभ, जबड़ा, गर्दन और कई अन्य जगहों की समस्याओं को दूर किया जाता है। सबसे लोकप्रिय सर्जरी लेजर प्रक्रिया है, जो खर्राटे भरने और सोते वक्त सांस की समस्या को दूर करने में सक्षम हैं।

# हार्ट अटैक को अब मात देगा पीपल

**पीपल** का पेड़ यानी भूतों का घर, ऐसा हमारा कहना नहीं लोगों का कहना है। पीपल वो वृक्ष है जो छाव तो देता ही है, बल्कि हार्ट अटैक जैसी बड़ी बिमारी को भी मात देने की ताकत भी रखता है। बहुत ही कम लोग इस पीपल के पत्तों के इन फायदों को जानते है। रोजाना पीपल के पत्तों का पानी पीने से हार्ट अटैक का खतरा टल जाता है। जो लोग हार्ट अटैक के रिस्क के साथ जीते है, उन्हें इस पीपल के घरेलु उपायों को जरूर इस्तेमाल करना चाहिए। जिन लोगों को हार्ट अटैक आ चूका है, वे कुछ दिन छोड़कर इस उपाय का इस्तेमाल करें। रोजाना एक पीपल की पत्तियां लिजिए व उसे एक गिलास पानी में पकाइए, जब पानी एक तिहाई रह जाए तो उसे ठंडा करके पी लीजिए। ध्यान रहे की पत्ती के ऊपर का भाग काटकर अलग रख दें। पीपल के इन पत्तों को लेने का भी अलग तरीका होता है। इस दवा को दिन में तीन बार पिया जाता है।15 दिन इस काढ़े को पीने से दिल के दौरे का खतरा कम हो जाता है। पीपल का पत्ता दिल को अद्भुद ताकत देता है। इस काढ़े तो दिन में तीन बार लेना चाहिए, एक सवेरे नाश्ता करने के बाद 8 बजे, एक 11 बजे और एक दिन में 2 बजे। पीपल के पत्तों का उपचार करते वक्त तली हुई चीजें, मांस, मच्छी, शराब, धूम्रपान , नमक खाना बंद कर दें। इस उपचार को करते वक्त मैथी दाना,बथुआ,आंवला, अनार, पपीता,सेब का मुरब्बा, मौसंबी, रात में भिगोए काले चने, किशमिश, गुग्गुल, दही, छाछ का सेवन. सेब का मुरब्बा, मौसंबी, रात में भिगोए काले चने, किशमिश, गुग्गुल, दही, छाछ। ध्यान रहे उपचार करते समय हरे, कोमल और विकसित पत्ते ही लीजिए, भूलकर भी पीपल के गुलाबी कोपलों को न लें।





# शहद के उपयोग से बारिश में नहीं आएंगी बीमारियां



**हम** सब जानते हैं कि बारिश के मौसम में बड़ी जल्दी- जल्दी बीमार पड़ते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि इस दौरान हमारे शरीर की इम्यूनिटी कमजोर हो जाती है और ज़रा सा बारिश में भीग जाने की वजह से हम बीमार पड़ जाते हैं।अगर आयुर्वेद की मानें तो, हमारे पास शहद है जो एंटीऑक्सीडेंट और एंटीबैक्टीरियल गुणों से भरी होती है। शहद का एक चम्मच रोजाना सेवन करने से हमारा शरीर बारिश की तमाम बीमारियों से बचा रह सकता है। आइये जानते हैं शहद हमारी रक्षा कैसे करेगी...

### वायरल फीवर और सर्दी-खांसी से लड़े

शहद में एंटीऑक्सीडेंट और रोगाणुरोधी गुण होते हैं, जो खांसी और गले की समस्या में राहत प्रदान करती है। वे लोग जिन्हें रेसपिरेट्री ट्रैक इंफेक्शन होता है उनके लिए भी शहद लाभकारी है। 1 कप गरम पानी में 1 चम्मच नींबू का जूस और 1 चम्मच शहद मिक्स के धीरे धीरे सेवन करना चाहिए।

### पेट के संक्रमण से राहत दिलाए

शहद में प्रोबायोटिक्स होते हैं, जो एक अच्छा बैक्टीरिया होता है। यह पेट संक्रमण और फूड प्वाइजनिंग से आपकी रक्षा करेगा इसलिए रोजाना 1 चम्मच शहद का सेवन करना न भूलें।

### इम्यूनिटी बढ़ाए

शहद में एंटीऑक्सीडेंट पाया जाता है, जो संक्रमण से लड़ने में सहायक होता है। 1 चम्मच शहद, 1 चम्मच अदरक का रस और नींबू का रस मिला कर गरम पानी के साथ पिएं। इससे आपकी इम्यूनिटी बढ़ेगी।

### बैक्टीरियल इंफेक्शन से बचाए

शहद में एंटीबैक्टीरियल और एंटीफंगल गुण होते हैं। यह बैक्टीरिया और जर्म से लड़ने में मदद करती है। बारिश की वजह से कॉलरा और डायरिया ना हो जाए इसलिए आपको शहद का सेवन जरुर करना चाहिए।



## रेसिपी



### पापड़ पनीर फ्रिटर्स

#### सामग्री

1 कप चूरा किया हुआ पनीर, नमक स्वादअनुसार, 1 टेबल-स्पून कसा हुआ लहसुन, 1 टी-स्पून लाल मिर्च पाउडर, 2 टी-स्पून टमेटो कैचप, 1/3 कप मैदा, 3/4 कप क्रश किए हुए पापड़, **तलने के लिए**: तेल , **परोसने के लिए**: टमेटो कैचप

#### विधि

पनीर को प्लेट में रखकर अच्छी तरह गूंथ लें। नमक, लहसुन, लाल मिर्च पाउडर, टमेटो कैचप डालकर अच्छी तरह मिला लें। मिश्रण को 9 बराबर भाग में बांट लें और प्रत्येक भाग को 50 मिमी (2) लंबे गोल आकार में रोल कर लें। एक तरफ रख दें। मैदा और 1/2 कप पानी को बाउल में अच्छी तरह मिला लें। प्रत्येक रोल को मैदा-पानी के पेस्ट में डुबोकर क्रश किए हुए पापड़ में लपेट लें और सभी तरफ सुनहरा और करारा होने तक तल लें। तेल सोखने वाले कागज में निकालकर, टमेटो कैचप के साथ तुरंत परोसें।



### मिक्स्ड वेजिटेबल सागु

#### सामग्री

**सागु मसाला के लिए**: 2 स्पून उड़द दाल, 2 से 3 हरी मिर्च , कटी हुई, 4 से 5 काली मिर्च, 2 स्पून धनिया पाउडर, 1/2 स्पून ज़ीरा, 1/2 दालचीनी का टुकड़ा, 2 लौंग, 4 स्पून कसा नारियल। **अन्य सामग्री**: 1 स्पून घी/ नारियल का तेल/ अन्य तेल, 1 स्पून सरसों, 1 स्पून उड़द दाल, 1 सूखी कश्मीरी लाल मिर्च , टुकड़ो में तोड़ी हुई, 1/2 टी-स्पून हींग, 7 से 8 कड़ी पत्ता, 1/4 कप बारिक कटा हुआ प्याज़, 2 कप कटी हुई मिली-जुली सब्जियां, 1/2 टी-स्पून हल्दी पाउडर, नमक स्वादअनुसार, 1 स्पून सागु मसाला पाउडर , 1 चक्र फूल और 1 तेजपत्ता

#### विधि

**सागु मसाला पाउडर के लिए**: एक छोटा पैन गरम करें और लगातार हिलाते हुए, उड़द दाल के सुनहरा होने तक, मध्यम आंच पर सूखा भुन लें। एक तरफ रख दें। ठंडा करने के बाद, शेष बची हुई सामग्री डालकर मिक्सर में पीसकर मुलायम पाउडर बना लें। एक तरफ रख दें। **आगे बढ़ने की विधीः** कढ़ाई में घी/तेल गरम करें और सरसों डालें। जब बीज चटकने लगे, उड़द दाल, लाल मिर्च, हींग और कड़ी पत्ता डालकर अच्छी तरह मिला लें और लगातार हिलाते हुए, दाल के सुनहरा होने तक मध्यम आंच पर भुन लें। प्याज़ डालकर मध्यम आंच पर उनके पार्दर्शी होने तक लगातार हिलाते हुए भुन लें। मिली-जुली सब्जियां, हल्दी पाउडर, नमक और 11/4 कप पानी डालकर अच्छी तरह मिला लें और ढ़ककर, बीच में एक बार हिलाते हुए, 12 से 15 मिनट तक मध्यम आंच पर, सब्जियों के नरम होने तक पका लें। सागु मसाला पाउडर डालकर हल्के हाथों मिला लें और 5 मिनट तक धीमी आंच पर उबाल लें। चक्र फूल और तेज़पत्ता से सजाकर गरमा गरम परोसें।

मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए पी.जी. इंडिया लिमिटेड एमआईई, कालापहाड़, गुवाहाटी-16 से मुद्रित एवं गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।
संपादक : राकेश शर्मा, मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 ● कार्यकारी संपादक : डॉ. आसमां बेगम ● फोन : 0361-2960054 ( संपादकीय ) e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, ( सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन )